RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

Black Bichhoo

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 173 | ग्वालियर सोमवार 3 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# बिना वीआईपी प्रोटोकॉल के मप्र सरकार के मंत्री राकेश शुक्ला ने सपरिवार लगाई महाकुंभ में डुबकी..





**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**प्रयागराज/भोपाल।** बिना वीआईपी प्रोटोकॉल के मध्यप्रदेश सरकार के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने रविवार को सपरिवार प्रयागराज के संगम में डुबकी लगाई।

मंत्री राकेश शुक्ला का महाकुंभ में परिवार के साथ डुबकी लेने का कार्यक्रम आम जनता की तरह ही रहा। उन्होंने अपने और अपने परिवार के लिए कोई भी वीआईपी सुविधा नहीं ली।

मंत्री राकेश शुक्ला ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि धार्मिक दृष्टि से कुंभ में स्नान करना अत्यधिक फलदायी माना जाता है। मान्यता यह भी है कि कुंभ स्नान से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। शरीर की शुद्धि के लिए स्नान का महत्व है। शास्त्रों में चार प्रकार के स्नान वर्णित है। भस्म स्नान ,जल स्नान, मंत्र स्नान एवं गोरज स्नान।

उन्होंने कहा कि करीब 144 साल बाद सूर्य और बृहस्पति के गोचर से ऐसा अद्भुत संयोग देखने को मिला है। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले का आयोजन हुआ है। इसलिए हर व्यक्ति को एक बार महाकुंभ तो जरूर आना चाहिए।

# जागरूकता ही सायबर अपराध से बचने का सबसे बड़ा हथियार है :धर्मवीर सिंह





**केसरिया हिन्दुस्तान**

न तो कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान है और न ही कानूनन किसी से व्हाट्सएप या फोन के माध्यम से पुलिस कोई पूछताछ करती है,यह सब धोखाधड़ी और सायबर अपराध होता है जिसका शिकार वही बनता है जिसे इस बारे में जानकारी नहीं है, यह बात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने पूज्य सिन्धु हिन्दू समाज कल्याण समिति द्वारा समाधिया कॉलोनी में आयोजित सायबर क्राइम से बचाव हेतु आयोजित जागरूकता शिविर में कही।

इस अवसर पर उन्होंने विभिन उदाहरण देकर उपस्थित जन को समझाया कि यदि आप किसी भी प्रकार से इसका शिकार होते हैं तो बिना किसी भी के तुरंत 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं।उन्होंने यह भी कहा कि अपने सभी सम्बंधितों और बच्चों को इस बारे में अधिकाधिक जागरूक करें ताकि यह जागरूकता अभियान सफल हो।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष डॉ.प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि अपने बैंक खाते और अन्य निजी जानकारी को किसी से भी साझा न करें और न ही किसी लोभ लालच में आकर अनाधिकृत वेबसाइट से कोई नाता रखें,सावधानी ही हमें सायबर अपराध का शिकार होने से बचा सकती है डॉ अग्रवाल ने कहा जिस तरीके से हम पिंजरे में रोटी लगाकर चूहे को आकर्षित कर पिंजरे में कैद कर लेते है सायबर अपराध बिल्कुल ऐसा ही है छोटा लालच हमारा बड़ा नुकसान कर देता है इस अवसर पर श्री अनिल आहूजा, संतोष वाधवानी, सुनील तलरेजा, सुरेश लछवानी, मनोज ढिंगरा, अविनाश हीरानी, श्री राजेश वाधवानी, हासानंद आहूजा, प्रकाश पंजवानी, राजकुमार कुकरेजा, जयकिशन , विजय भवनानी, सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहें अंत मे श्री राम जयसिंघानी जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया

# लाखों रुपये का गबन करने वाला रोजगार सहायक गिरफ्तार

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**
**ओमप्रकाश परमार,**




देवास। जिले के कन्नौद में लाखों रूपये की सरकारी राशि का गबन करने वाला रोजगार सहायक को कन्नौद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त 149 एटीएम कार्ड, पॉसबुक, लेपटॉप, चैकबुक व मनरेगा कार्यक्रम के दस्तावेज भी जप्त किये।

कन्नौद थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि सहायक लेखाधिकारी मनरेगा राजेश बामने जनपद पंचायत कन्नौद द्वारा रिपोर्ट लिखवाने में बताया कि ग्राम पंचायत बुरूट रोजगार सहायक कमलेश द्वारा ग्राम पंचायत के निमार्ण कार्यों में वित्तीय अनियमित्ता कर कुल 82 जाबकार्डो पर फर्जी तरीके ग्राम पंचायत की सरकारी राशि का आहरण कर कुल 27 लाख 27 हजार 929 रूपये का गबन किया गया। जिसपर से आरोपी के विरूध्द शासकीय पैसो का गबन करने के संबंध में प्रकरण पंजीबध्द किया गया। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोत द्वारा प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एन.एच. बाथम एवं थाना प्रभारी कन्नौद निरीक्षक तहजीब काजी को आरोपी रोजगार सहायक कमलेश की गिरफतारी एवं विवेचना के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये, वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में कन्नौद पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश कर आरोपी कमलेश पिता धन्नालाल रोजगार सहायक ग्राम पंचायत बुरूट को गिरफतार किया गया व नरेगा योजना के तहत कार्य करने वाले हितग्राहियों के फर्जी जाबकार्ड बनाकर उनके नाम से फर्जी बैंक अकाउण्ट खोलकर बैंक से एटीम के माध्यम से पैसे निकालता था। पुलिस टीम द्वारा लगातार तीन घंटे तक जप्ती की कार्य कर आरोपी के कब्जे से विभिन्न बैंकों के 149 एटीएम कार्ड 1 लेपटॉप, 9 बैंक पासबुक, 6 चैकबुक, 1 फोटो कॉपी प्रिन्टर स्केनर मशीन, थम इम्प्रेशन, फिनोबैंक की एटीएम पीन जनरेट करने वाली मशीन, की-बोर्ड व मनरेगा कार्यक्रम अन्य दस्तावेज जप्त किये गये। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक तहजीब काजी, उनि राहुल रावत, प्रआर अशोक जोशवाल, आर. करणसिंह, म.आर. मुस्कान, सैनिक गोविन्द का योगदान रहा।

# आज संपन्न होगा किरार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



नर्मदापुरम/बनखेड़ी -= आज बसंत पंचमी के पावन पर्व पर अखिल भारतीय किरार समाज महासभा द्वारा एवं मातृशक्ति के नेतृत्व में समाज का 29 वा मातृशक्ति सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन संपन्न होने जा रहा है जिसमें आज वैवाहिक जोड़ें परिणय सूत्र में बंधेंगे ।आपको बता दें कि किरार समाज द्वारा प्रतिवर्ष फिजूल खर्ची पर रोक लगाते हुए इस सम्मेलन का आयोजन करता है जिसमें समाज की महिला मंडल द्वारा इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी ली जाती है सम्पूर्ण कार्यक्रम मातृशक्ति की निगरानी में संपन्न होता है।

सम्मेलन में सांसद के भतीजे का विवाह होगा संपन्न : अखिल भारतीय किरार-क्षत्रिय महासभा जिला नर्मदापुरम के द्वारा यह 29 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन( आज ) 03 फरवरी 2025 को बनखेड़ी में सम्पन्न होने जा रहा है। मातृशक्ति द्वारा आयोजित इस सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन में समस्त व्यवस्थाओं का संचालन मातृशक्ति के द्वारा किया जाता है। इस सम्मेलन में होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी के भतीजे का विवाह भी सम्पन्न होगा। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्रारंभ से ही सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलनों में महती भूमिका निभाई है। आज जब उनके भतीजे का विवाह हो रहा है तो वह सम्मेलन से अपने भतीजे का विवाह कर रहे हैं। जिसको लेकर किरार समाज में हर्ष का माहौल है। इससे समाज से छोटे और बड़े का भेदभाव समाप्त होगा।

# वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र शर्मा प्रदेश महासचिव व युवा पत्रकार सुरजीत शर्मा जिला मंत्री प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ में हुए नियुक्त




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

ग्वालियर-/- प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ एक ऐसा संगठन जो हमेशा पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ने वाला संगठन जिसकी एक विशेष बैठक ग्वालियर कार्यालय पर आयोजित की गई इस कार्यालय में मुख्य रूप से प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया उपस्थित रहे इसी क्रम में ग्वालियर शहर के वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र शर्मा को ??प्रदेश महासचिव व निडर निर्भीक युवा पत्रकार सुरजीत शर्मा को जिला मंत्री पद पर नियुक्त किया गया इस अवसर शहर के कई सामाजिक संस्थाएं एवं उनके इष्ट मित्रों के द्वारा उनका पुष्प हार पहनकर स्वागत किया गया एवं दूरभाष के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारीयों के द्वारा प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया एवं उन्होंने आगे कहा कि हमारे द्वारा की गई कार्यों के माध्यम से संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे आगे उन्होंने कहा कि संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारीयो का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद एवं सहयोग यूं ही मिलता रहेगा स्वागत करने वालों में प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अशोक सोनी राष्ट्रीय सचिव सत्येंद्र भदोरिया प्रदेश प्रचारक गिरिराज ओझा ग्वालियर जिला अध्यक्ष दिव्यानंद अर्गल जिला मंत्री सुमित साहू जिला जिला सचिव कमल सिंह कुशवाहा एवं अन्य सम्मानित पत्रकार बंधु उपस्थित रहे

# टीवी एक्ट्रेस स्नेहा भावसार को मुम्बई में दादा साहेब फाल्के टेलीविजन पुरुस्कार से किया सम्मानित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से**
**मुस्तफा अली**




**सुसनेर।** नगर के सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु भावसार एवं नगर परिषद सुसनेर की पूर्व पार्षद आशा भावसार की बेटी टीवी एक्ट्रेस स्नेहा भावसार को रविवार 2 फरवरी को मुम्बई में दादा साहेब फाल्के इंडियन टेलीविजन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

आयोजको ने ऊक्त कार्यक्रम को लेकर मुम्बई की सड़कों पर बड़े बड़े होडिंस भी लगवाए थे। जिसमें स्नेहा भावसार के चित्र के साथ उक्त होडिंस पूरे मुम्बई शहर में लगाये गए थे।

स्मरण रहे कि सुसनेर की बेटी स्नेहा भावसार ने स्टार प्लस के प्रसिद्ध सीरियल गुम है किसी के प्यार में करिश्मा का दमदार फनी रोल करके दर्शकों को खूब हंसाया था। वही स्टार प्लस के अन्य सीरियल इश्कबाज में ट्विंकल का रोल करके दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। वही हाल ही दंगल चैनल के सीरियल सासु माँ ने मेरी कदर ना जानी सहित अन्य चैनलों के मेरे साईं, जात ना पूछो प्रेम की, तंत्र, ये रिश्ता क्या कहलाता है, राधा कृष्ण सहित दो दर्जन से अधिक सीरियल में काम करके अपने क्षेत्र का नाम मायानगरी में रोशन किया है। इसके पूर्व महाराष्ट्र सरकार द्वारा आयोजित पिल्लर्स ऑफ महाराष्ट्र अवार्ड एवं इंटरनेशनल आइकोनिक अवार्ड से भी वर्ष 2023 एवं 2024 में अभिनेत्री सुधा चंद्रन एवं प्रसिद्ध गायिका एवं संगीतकार उषा भोंसले तथा अन्य के द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। टीवी एक्ट्रेस स्नेहा भावसार 2025 की शुरुआत में ही मुम्बई में इस तीसरे बड़े अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसके साथ अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक दर्जन से अधिक लोगो को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य के लिए प्रदान किया गया है। जिनमे हाल ही में बिग बॉस से कोलिफ़ाइड हुई टीवी एक्ट्रेस एवं प्रसिद्ध मॉडल यामिनी मल्होत्रा एवं अदा खान सहित अभिजीत राणे, सुनील सेठी, मुस्तुफा यूसुफ अली, अखिलेश सिंह, सुन्ना सूरी, नवीना वाडेकर, केरुसहन पाटिल, मुग्धा कापेटर, रश्मि गुप्ता, रोमा अरोड़ा, पूजा शर्मा, काजल चौहान एवं खुशी माली को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

# राज्यपाल के आगमन को लेकर डीएम-डीआईजी ने किया कार्यक्रम स्थल और हैलीपेड का निरीक्षण

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/**
**नीरज चतुर्वेदी**




**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से उ0प्र0 पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान के 14वें दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के प्रस्तावित कार्यक्रम में दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल तथा हेलीपैड का निरीक्षण किया। उन्होंने महामहिम राज्यपाल के आगमन के द्वार, उनके प्रवेश करने के स्थल, फोटोग्राफी प्वाइंट, स्टेज पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में टाइम लाइन आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपनी अपनी ड्यूटी पर समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर एक ड्यूटी नई चुनौतियां लाती है, हमे अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने हेलीपैड का निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय से बैरीकेडिंग एवं बैरियर लगाए जाए, स्विस कॉटेज में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए तथा सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करे। निरीक्षण में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी छाता श्वेता, डिप्टी कलेक्टर कंचन, रितु सिरोही, एसीएमओ डॉ0 भूदेव सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लैंगिक उत्पीड़न, बचाव एवं सुरक्षा संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से पवन किरार ग्रामीण ब्यूरो मुरैना**




**अम्बाह** / अम्बाह क्षेत्र में लैंगिक उत्पीड़न संबंधी बचाव एवं सुरक्षा के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन वात्सल्या इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल चांद का पूरा में किया गया कार्यक्रम में उपस्थित जिला समन्वयक श्री भीक्रम सिंह तोमर ने स्कूली बच्चों को बताया बच्चों को किसी प्रकार से डरने की जरूरत नहीं है अगर कोई परेशान करता है तो उसकी सूचना अपने शिक्षकों अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दे सकते हैं गुड टच बेड टच के बारे में भी बच्चों को अवगत कराया कार्यक्रम में उन्होंने कहा अगर कोई बाल विवाह करता है तो उसकी सूचना आंगनबाड़ी केंद्र अथवा अपने शिक्षक को दे सकते हैं कार्यक्रम में स्कूली के प्राचार्य द्वारा जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की कार्यक्रम समय-समय पर होते रहना चाहिए जिससे बच्चों में जागरूकता आए और वह अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके कार्यक्रम में सपोर्ट पर्सन श्री सिन्नाम सिंह ने बच्चों को पास्को एक्ट के बारे में एवं बाल विवाह के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की और वात्सल्य इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल चांद का पुरा, शासकीय प्राथमिक विद्यालय बड़ापुरा एवं जोहां हाई स्कूल में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक की परियोजना आरोह फाउंडेशन के द्वारा संचालित मनीवाइज वित्तीय साक्षरता केंद्र अम्बाह से वित्तीय साक्षरता प्रभारी श्री पवन किरार जी भी मौजूद रहे।

# विधायक देवेंद्र सखवार ने डेड बॉडी फ्रिजर मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन उपलब्ध कराया

## मैत्री वेलफेयर फाउण्डेशन ग्रुप के द्वारा हुआ सुंदरकांड के पाठ का हुआ समापन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**



**अंबाह** । मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन ग्रुप के सदस्यों ने सुंदरकांड पाठ के साथ-साथ डेड बॉडी फ्रीजर का उद्घाटन और पत्रकार सम्मान समारोह भी हुआ इस उपस्थिति में मुख्य अतिथि के रूप में अंबाह विधायक देवेंद्र रामनारायण सखवार के द्वारा सुंदरकांड पाठ की आरती कर डेड बॉडी फ्रीजर और पत्रकारों भी सम्मान करवाया

अंबाह विधायक के द्वारा मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन ग्रुप को डेड बॉडी फ्रीज़र भी भेंट की जोकि जन सहयोग के लिए मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन को दिया गया है *मैत्री बेल फेयर फाउंडेशन ग्रुप जो की कई वर्षों से समाज सेवा में तत्पर काम कर रहा है*

हम बता दें कि जो ये मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन ग्रुप है यह ग्रुप किसी एक व्यक्ति के कहने पर नहीं चल रहा है मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन ग्रुप में जितने भी सदस्य हैं उन सभी के सहयोग से चल रहा है इस ग्रुप में जितने भी सदस्य हैं वह सभी सदस्य कोई न कोई अपना निजी कार्य कर ग्रुप में फंडिंग के तौर पर खुद ही पूंजी एकत्रित कर समाज में एक नई पहल और नई सोच नई दुनिया के तौर पर कार्य कर रहा है मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन ग्रुप

# मैहरा आश्रम पर ब्रह्मलीन पूज्य संत बद्री पुरी की पुण्य स्मृति में हुआ विशाल भंडारा



## लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

लहार विधानसभा के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मैहरा आश्रम पर हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी पूज्य संत कमलेश पुरी महाराज के गुरुदेव श्री बद्री पुरी महाराज की पुण्य स्मृति में विशाल भडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में दुरदराज से पहुंचे श्रद्धालुओं एवं संत कमलेश पुरी महाराज के शिष्यों ने प्रसाद ग्रहण किया आसपास के सेकंडों धर्मप्रेमीयों ने सेवाभावी यूवाओ ने भंडारे की व्यवस्था में पुरे समर्पित भाव से अपनी सेवा दी पूज्य गुरुदेव श्री कमलेश पुरी महाराज ने भी आगंतुक सभी भक्तों,श्रद्धालुओं को दर्शन लाभ देकर आशीर्वाद दिया

# वीरागंना रानी दुर्गावती के जीवन और अवदान पर केन्द्रित नृत्य नाटिका का मंचन





## नगरपालिका के मैरिज गार्डन में हुआ भव्य आयोजन

**श्योपुर।** स्वाधीनता संग्राम की अप्रतिम गोण्ड नायिका वीरांगना रानी दुर्गावती के 500वे जन्मवर्ष को प्रेरणा उत्सव के रूप में मनाये जाने के क्रम में नगरपालिका श्योपुर के मैरिज गार्डन में गत रात्रि को वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन और अवदान केन्द्रित नृत्य नाटिका का भव्य मंचन एवं चित्र प्रदर्शनी का आयोजन संपन्न हुआ। संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित उक्त कार्यक्रम के माध्यम से रानी दुर्गावती के जन्म से लेकर वीरगति तक के संघर्ष की गाथा दिखाई गई।


अपनी मातृभूमि की रक्षा और आत्मसम्मान के लिए मुगलो की भारी भरकम सेना से अपने मुठ्ठीभर सैनिको के साथ लोहा लेने वाली तथा अपने राष्ट्ररक्षा के लिए बलिदान देकर देश के इतिहास में अमर होकर वीरागंना रानी दुर्गावती की वीरता पर आधारित नृत्य नाटिका के माध्यम से जीवंत मंचन कलाकारो की टीम द्वारा किया गया।

श्री संजय जादौन के निर्देशन एवं श्री योगेश त्रिपाठी के लेखन संयोजन में आयोजित नृत्य नाटिका में रानी दुर्गावती की भूमिका सुश्री ज्योति अतरोलिया द्वारा निभाई गई। लगभग 40 कलाकारो के दल द्वारा जीवंत प्रस्तुति दी गई। डेढ घंटे के नाट्य मंचन में दिखाया गया कि रानी दुर्गावती जब मुगल शासको से लडते-लडते थक गई तो उन्होने अपने सेनापति से अपनी गर्दन काटने के लिए कहा, सेनापति ने जब रानी दुर्गावती को यह कहते हुए इंकार दिया कि मैं अपनी रानी के प्राण नही ले सकता, तो उन्होने अपने ही हाथो से कटार सीने में घोप कर वीरगति प्राप्त कर ली।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, पूर्व विधायक श्री दुर्गालाल विजय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिंह सिसौदिया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री संजय मंगल, श्री सुजीत गर्ग, श्री जयदीप तोमर, सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, प्रभारी एसडीएम श्री संजय जैन, डिप्टी कलेक्टर श्री विजय शाक्य, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा, सीएमओ श्री राधेरमण यादव, श्री आदित्य चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने नाट्य मंचन के उपरांत अपने उद्बोधन में कहा कि वीरागंना रानी दुर्गावती की वीरता एवं पराक्रम, हमे राष्ट्रप्रेम का संदेश देते है, अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन न्यौछावर करने की प्रेरणा प्रदान करते है। उन्होने इस जीवंत प्रस्तुति के लिए सभी कलाकारो एवं नाट्य निर्देशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी कलाकारो ने अपनी -अपनी भूमिका से सजीव चित्रण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिंह सिसौदिया द्वारा भी वीरागंना रानी दुर्गावती की वीरता एवं बलिदान पर अपने विचार व्यक्त किये। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया, अंत में आभार प्रदर्शन सहायक नोडल अधिकारी एवं प्रभारी एसडीएम श्री संजय जैन ने किया।

# अम्बाह के वरिष्ठ पत्रकार राजवीर शर्मा जी को जबलपुर में मिला हिंदी सेवी सम्मान




**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**

**अम्बाह।** हिन्दी महाकुंभ में हिन्दी सेवी सम्मान श्री राजवीर शर्मा वरिष्ठ पत्रकार मुरैना मध्यप्रदेश को हिन्दी महाकुंभ 2025 हिन्दी सेवी सम्मान डॉ धर्मप्रकाश वाजपेयी जी अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई हिंदी संस्थान, व प्रेरणाश्रोत प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा एवं रिंकू विज अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजक प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा संस्थापक कवि श्री संगम त्रिपाठी जी, संयोजक सशक्त हस्ताक्षर संस्थापक- श्री गणेश श्रीवास्तव, प्यासा जबलपुरी, स्वागताध्यक्ष श्री मदन श्रीवास्तव जी वरिष्ठ साहित्यकार, प्रदीप मिश्र अजनबी दिल्ली,सीमा शर्मा मेरठ,जी. एल. जैन, अरविंद तिवारी, अम्लान गुहा नियोगी,प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, श्रीमती मीना भट्ट, श्रीमती सिद्धेश्वरी सराफ % शीलू % तरुणा खरे, बच्चन श्रीवास्तव, ऋषिराज रैकवार, पुरुषोत्तम भट्ट, अमर सिंह वर्मा, रश्मि पांडेय % शुभि % , विवेक शैलार, सीमा तिवारी, ए. के. पांडेय, आशा झा सखी, काली दास ताम्रकार काली जबलपुरी, अनिल शुक्ला, विजय तिवारी किसलय, भावना दीक्षित आदि की सहभागिता रही।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज मुरैना पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष तोमर के साथ हॉस्पिटल का उद्घाटन किया



**मुरैना।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को मुरैना पहुंचे। उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। पूरे शहर को होर्डिंग व बैनरों से सजाया गया था। दोपहर 2 बजे वह संजीवनी हॉस्पिटल पहुंचे और वहां पर उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत बानमोर से ही शुरू हो गया था। उनके स्वागत में मुरैना का अलावा बानमोर से लेकर संजीवनी हॉस्पिटल तक हजारों की संख्या में कार्यकर्ता स्वागत में सुबह से खड़े रहे। शिवराज सिंह चौहान के काफिले में लगभग एक सैकड़ा गाड़ियां शामिल थी।

शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से बात करने हुए बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किया गया बजट सभी वर्गों के लिए है। इसमें दीर्घकालीन विकास की योजनाएं शामिल है। यह समृद्ध शक्तिशाली, संपन्न और आत्मनिर्भर भारत बनाने का बजट है। किसान हो गरीब हो मध्यम वर्ग हो, इस बजट में खेती पर भी ध्यान दिया गया है। इसमें एक तरफ किसानों के लिए किसान सम्मन निधि के लिए प्रावधान है तथा दूसरी तरफ किसानों को सस्ता फर्टिलाइजर मिले यूरिया मिले। उसके लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान किया गया है।

शिवराज सिंह चौहान पिछली बार जब आए थे तब वह मुख्यमंत्री थे। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद वह पहली बार मुरैना आए थे। मुरैना आने पर उनके साथ प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

**अन्य कार्यक्रमों में लिया हिस्सा :** संजीवनी हॉस्पिटल का उद्घाटन करने के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान नंदेपुरा रोड स्थित मैरिज गार्डन में आम सभा को संबोधित करने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान की जमकर तारीफ की। उन्होंने एक मजबूत राष्ट्र की परिकल्पना की। इसके बाद वह भाजपा कार्यालय पहुंचे।



# केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने ऊर्जा मंत्री के बड़े भाई स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की

ग्वालियर । केन्द्रीय कृषि, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को ग्वालियर में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निवास पर पहुँचे। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने ऊर्जा मंत्री तोमर के बड़े भाई स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर के निधन पर शोक व्यक्त किया। साथ ही उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी उनके साथ थे। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर से चर्चा की तथा स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। ज्ञात हो ऊर्जा मंत्री तोमर के बड़े भाई स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर का निधन गत दिनों बीमारी के कारण हो गया था।

# म.प्र. माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष रामदयाल प्रजापति के निधन पर दुख व्यक्त किया

**ग्वालियर।** भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति ने प्रजापति समाज के वरिष्ठ समाजसेवी, पूर्व अध्यक्ष, और म.प्र. माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष बड़े भाई? समान रामदयाल प्रजापति के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। जवाहर प्रजापति ने बताया कि प्रजापति समाज के जातीय रत्न बड़े भाई श्री रामदयाल जी ने सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में प्रदेश भर में समाज के युवाओं को नई रोशनी दिखाई थी। उन्होंने कहा कि मेरा उनसे संपर्क भाजपा वरिष्ठ नेता भाईसाहब पोतनीस विधायक के चुनाव में हुआ। प्रजापति ने कहा कि माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष के पद पर रहते हुए गरीबों, महिलाओं और माटी कला से जुड़े कलाकारों के विकास और माटी कला के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण योगदान को? कभी भुलाया नहीं जा सकता है। शौक व्यक्त करने वालों में भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, समाजसेवी लक्ष्मीनारायण लवानिया, कमलेश फौजी, डॉ. राम बिहारी प्रजापति, काशी बाबा देवस्थान ट्रस्ट के महामंत्री ओम प्रकाश प्रजापति, युवा शाखा के सुरेश प्रजापति, पूरन प्रजापति, नरेश सिंह विद्याराम आदि शामिल हैं।

# विश्व कैंसर दिवस पर कल मैराथन का आयोजन

## स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में बनें सहायक, दौड़ में लें हिस्सा - डॉ बीना मिश्रा





लिनेस क्लब कामाख्या सीधी की अध्यक्ष डॉ बीना मिश्रा एवम टीम के द्वारा होटल वैष्णवी गार्डन में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि सेवा संघ समर्पण के तारतम्य में लिनेस क्लब सीधी द्वारा विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी के अवसर पर एक विशाल जागरूकता मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

डॉ.बीना ने वार्ता के दौरान बताया कि मैराथन का शुभारंभ मंगलवार को जिला चिकित्सालय से सुबह 8 बजे होगा और इसका समापन केंद्रीय विद्यालय होते हुए गांधी चौराहे पर होगा। इस आयोजन में सभी आयु समूहों और फिटनेस स्तरों के लोग हिस्सा लेगें। समापन समारोह में कैंसर के प्रभाव, उपचार और रोकथाम के बारे में विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही उन लोगों की प्रेरणादायक कहानियाँ भी साझा की जाएंगी जिन्होंने कैंसर से संघर्ष किया और उसे हराया।

**जिले के कैंसर पीड़ित मरीजो को मिलेगी मदद :** लिनेस क्लब की अध्यक्ष डॉ बीना मिश्रा ने कहा कि कैंसर के बारे में समाज में कई भ्रांतियाँ हैं और इसके बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। हमारा उद्देश्य इस मैराथन के जरिए लोगों को यह बताना है कि कैंसर का समय पर पहचान और उचित इलाज इसे हराने में मददगार साबित हो सकता है। हम चाहते हैं कि इस आयोजन के जरिए यह संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। मैराथन में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा यह आयोजन कैंसर से प्रभावित लोगों के लिए धन जुटाने का भी कार्य करेगा। सभी प्रतिभागियों को एक भागीदारी टी.शर्ट, प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किया जाएगा।

**आप सब मैराथन में ले भाग - डॉ.बीना :** लिनेस क्लब की अध्यक्ष डॉ बीना मिश्रा ने बताया कि लिनेस क्लब के द्वारा वृहद नेत्र शिविर, कंबल वितरण, सरस्वती विद्यालय को गोद लेना, हिंदी दिवस का आयोजन, सेनेटरी पैड वितरण और अन्य कई समाज सेवा कार्य लगातार किए जा रहे हैं। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे इस आयोजन में भाग लेकर कैंसर के खिलाफ जागरूकता फैलाने के इस आंदोलन हिस्सा लें।

# सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में मिनी अग्रवाल को मिला प्रथम




**सीधी।** नगर पालिका परिषद सीधी की सीएमओ एवम रामपुरनैकिन की प्रभारी सीएमओ मिनी अग्रवाल ने राज्य स्तर पर एक बार फिर जिले का मान बढ़ाया है। बताया गया कि आमजनो के हितो की रक्षा एवम शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर कृयान्वयन कराने में शासन द्वारा आपको कई बार सम्मानित किया जा चुका है। वहीं वर्ष 2025 के जनवरी माह में प्रदेश स्तर पर सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में शत प्रतिशत उपलब्धि हॉसिल करने पर सम्मानित हुई हैं।

बताया गया कि मिनी अग्रवाल सीएमओ द्वारा सी.एम. हेल्पलाइन 181 में दर्ज शिकायतों में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए त्वरित निराकरण कराया गया। जिसे देखते हुए भरत यादव आइ.ए.एस. आयुक्त सह सचिव संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्यप्रदेश शासन पालिका खान शिवाजी नगर भोपाल नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा मिनी अग्रवाल प्रभारी सीएमओ नगर परिषद रामपुर नैकिन सीधी को सी.एम. हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह दिसम्बर 2024 में 100 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त किया गया है। सीएमओ ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन एवं विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दिया है। मिनी अग्रवाल ने सभी के प्रति साधुवाद व्यक्त करते हुए समस्त कर्मियों से आशा व्यक्त कि है की भविष्य में भी आप इसी निष्ठा व समर्पण से कार्य कर अपने निकाय को उत्कृष्ट स्थान पर रखेंगे।

# टिकरी पुलिस ने गांजा विक्रेता को गिरफ्तार कर 1.32 लाख की बनाई जप्ती, आरोपी पहुंचा जेल




**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी मझौली दीपक बघेल के नेतृत्व में उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह एवं टीम ने अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा जप्त करते हुए आरोपी बिजय साहू उर्फबब्लू पिता गया प्रसाद साहू उम्र 36 साल निवासी चंगेरी थाना कोतमा जिला अनूपपुर को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ गांजा जप्त करते हुए आरोपी को जिला जेल सीधी दाखिल कराया है।

बताया गया कि उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह पुलिस सहायता केंद्र टिकरी को मुखबिर द्वारा सुचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति काले कलर की मोटर साइकल लिये टिकरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा विक्री करने के फिराक में ग्राहक की प्रतीक्षा कर रहा है। सूचना प्राप्त होते ही उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह वरिष्ठ अधिकारीयों को सुचना से अवगत कराते हुए टीम गठित कर सुचना कि तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु रवाना हुए। एवं टिकरी गुप्ता बगीचा में पहुँच कर देखा कि मुखबीर के बताये जैसे हुलिया का गुप्ता बगीचा मे एक होण्डा मोटर साइकल में एक व्यक्ति बगीचा में खड़ा था जो पुलिस की गाडी को देखकर भागने लगा। जिसे हमराही स्टाप की मदद से पकड़वाया गया एवं नाम पता पूछा गया जो अपना नाम बिजय साहू उर्फबब्लू पिता गया प्रसाद साहू उम्र 36 साल निवासी चंगेरी थाना कोतमा जिला अनूपपुर का होना बताया। उसके बाद तलासी में संदेही बिजय साहू उर्फबब्लू से होण्डा मोटर साइकल के डिग्गी में मादक पदार्थ गांजा रखे हुए मिला। जिसका तौल करने पर 1.121 किलो ग्राम कीमत 16700 रुपये का अवैध मादक पदार्थ होना पाया गया एवं काले कलर की होण्डा मोटर साइकल कीमती 116000 रुपये कुल कीमती 132000 रुपये का मशरुका मुताविक जप्ती पत्रक जप्त कर आरोपी को चौकी मड़वास लाया गया एवं आरोपी का यह कृत्य धारा 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दण्डनीय पाये जाने से आरोपी के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जिला जेल सीधी दाखिल कराया गया है। समस्त कार्रवाई मे उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक सूर्य प्रताप, चूड़ामणि बघेल, आरक्षक सखाराम, सैनिक जगदीश शुक्ला का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सार्वजनिक स्थानों में पोस्टर बैनर लगा कर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**सीधी।** साइबर अपराधों की रोकथाम व आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिये पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा दिनांक 1 फरवरी से प्रारम्भ कर 11 फरवरी तक सायबर सुरक्षा जागरूकता सेफक्लिक अभियान के अनुक्रम मे रविवार को सीधी पुलिस नें अलग अलग थाना क्षेत्रो मे सार्वजनिक स्थानो मे पोस्टर बैनर लगा कर लोगो के बीच जागरूकता का प्रसार किया है। इसी क्रम में

थाना कोतवाली अंतर्गत निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के द्वारा मेगा ट्रेड फेयर कलेक्ट्रेट मे साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे लगभग 200 लोग मौजूद रहे। थाना अमिलिया अंतर्गत ग्राम हरदी पहाडी उकसा में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उप निरीक्षक इंद्राज सिंह द्वारा उपस्थित सरपंच, सचिव, ग्रामीण जान संख्या लगभग 150 लोगो के मध्य जागरूकता कार्यक्रम किया गया। थाना बहरी अंतर्गत ग्राम अमरपुर मे सहायक उप निरीक्षक अवनीश चौधरी के द्वारा लगभग 140 की संख्या में सरपंच, सचिव एवं ग्रामीण जन के मध्य जागरूकता कार्यक्रम किया गया। थाना कुसुमी अंतर्गत कुसुमी बाजार एवं पोंडी बाजार मे सहायक उप निरीक्षक गोपाल सिंह एवं डी के रावत के द्वारा लगभग 120 की संख्या में ग्रामीण जन व व्यापारी बंधु के मध्य जागरूकता कार्यकरण किया गया। थाना कुसमी अंतर्गत भगवार चौराहा मे उप निरीक्षक भूपेश बैस के द्वारा 80 की संख्या में सरपंचए व्यापारी संघ के सदस्य एवं नागरिक बंधुओं के मध्य जागरूकता कार्यकरण किया गया। थाना रामपुर नैकिन अंतर्गत रामपुर नैकिन बस स्टैंड में उप निरीक्षक कप्तान सिंह के द्वारा लगभग 50 की संख्या में यात्रियों के मध्य जागरूकता कार्यकरण किया गया।इसी क्रम में अन्य थाना एवम चौकी पुलिस द्वारा सायबर सुरक्षा जागरूकता सेफ क्लिक अभियान के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# बसंत पंचमी आज, लगेगा मेला मॉ सरस्वती की होगी पूजा-अर्चना




**सीधी।** बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही प्रकृति ने अपना रंग बदल लिया है। धार्मिक मान्यताओं के आधार पर आज के इस पावन अवसर को मॉ नर्मदा के प्राकट्योत्सव वा ज्ञान एवम विद्या की देवी मॉ सरस्वती के प्राकट्योत्सव के रूप में विधि विधान से पूर्जा अर्चना के साथ मनाया जाता है। इसके साथ ही सभी शैक्षणिक संस्थाओं में हवन पूजन आरती का आयोजन कर मॉ सरस्वती को प्रसन्न कर जीवन के अंधकारों को मिटा कर ज्ञान के प्रकाश का आवाहन किया जाता है।

बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही मौसम की चाल बदलने लगी है। सुबह से सूर्य की किरणों की चमक देखते ही बन रही है। शाम भी खुशगवार जैसे वसंत को धार दे रही हो। मानो पुरानी कहावत आधे माघे कंबल कांधे चरितार्थ हो रहा हो। सनातन धर्म के शास्त्रों में भी कहा गया है माघ मास के तीसरे महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर गंगा और प्रयागराज संगम में डुबकी का विधान के साथ ही विद्या की देवी मॉ सरस्वती की पूजा.आराधना का विशेष महत्व है। वसंत ऋतु को ऋतुराज माना गया है। यह आभास प्रकृति का हर रंग करा रहा है। मौसम सुहाना हो चला है। पेड़ों में नई कोपलें फूटने लगी हैं। नए फल.फूल आने लगे हैं। चना, जौ, ज्वार और गेहूं की बालियां खिल उठी हैं। सरसो के खेत लहलहा उठे हैं। वहीं आज जिला मुख्यालय के पूजा पार्क सहित अन्य प्रमुख धार्मिक महत्व रखने वाले स्थलों पर मेले का आयोजन किया जायेगा।

# शासकीय संजय गांधी स्मृति कॉलेज में ''वर्ल्ड वेटलैंड डे'' का हुआ आयोजन

सीधी। पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी के प्राचार्य डॉ पी के सिंह के मार्गदर्शन में एनसीसी यूनिट द्वारा विश्व आद्रभूमि दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टीनेंट (प्रो.) उमाकांत साहू द्वारा बताया गया कि विश्व आर्द्रभूमि दिवस हर वर्ष 2 फरवरी को मनाया जाता है, जिसका प्रमुख उद्देश्य आर्द्रभूमि के महत्व को बढ़ावा देना एवं लोगों को जागरूक करना एवं इससे प्राप्त होने वाले संसाधनों का संरक्षण करना जैसे जल भोजन और सामग्री आदि। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कैडेट्स उपस्थित रहे।

## अमिलिया पुलिस ने वायरल वीडियो पर की त्वरित कार्रवाई -

# धार्मिक हिंसा भड़कने के पूर्व पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा




सीधी। शुक्रवार को मारपीट की एक वीडियो क्लीप शोसल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। कुछ लोगों के द्वारा इसे जाती धर्म का रूप देकर प्रसारित करते हुए धार्मिक हिंसा भड़काने का कार्य किया जाने लगा। जिस पर पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन में अमिलिया थाना प्रभारी राजेश पाण्डेय एवम उनकी टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मारपीट के आरोपियों को धर दबोचा गया है। बताया गया कि 31 जनवरी 25 को वायरल हुए वीडियो में अन्य धर्म के 5 आरोपियों के द्वारा एक व्यक्ति को जमीन पर पटक कर बुरी तरह से मारपीट करते हुए जान से मारने का प्रयास किया गया। जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पर अमिलिया पुलिस ने तुरंत संज्ञान में लेकर पीड़ित व्यक्ति कि खोजबीन कर 5 आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तुरंत टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की गई जो चार नफर आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है, वहीं शेष एक आरोपी को पकडने के लिये पुलिस टीम रवाना कर दी गयी है। पुलिस द्वारा दावा किया जा रहा है कि अति शीघ्र पॉचवे फरार आरोपी को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

**इनका कहना है -**



मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों में तस्लीम अंशारी, अफरीम अंसारी सहित तीन अन्य नाबालिगो के नाम शामिल हैं। उक्त घटना कारित करने वाले 4 आरोपियों को त्वरित रूप से गिरफ्त में ले लिया गया है साथ ही एक फरार आरोपी की खोजबीन जारी है।

**राजेश पाण्डेय थाना प्रभारी अमिलिया।**



# सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित कर दी विदाई

केसरिया हिंदुस्तान
दिनेश पौराणिक




**बड़ावदा।** एकीकृत शा.कन्या माध्यमिक विद्यालय बड़ावदा में (अधिवार्षिकी आयु पूर्ण) रिटायरमेंट होने पर शिक्षिका श्रीमती सविता तिवारी और पूर्व विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जी. एल आर्य को बिदाई सम्मान समारोह आयोजित कर बिदाई दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक जयेन्द्र सिंह हाड़ा, विशेष अतिथि जगदीश उपमन्यु, तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बद्रीलाल मड़ोतिया तथा जावरा से खण्ड समन्वयक (बि.ऐ.सी.)चरणसिंह चंद्रावत व राजेश भावसार द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन कर किया गया।

सरस्वती वंदना कुमारी तनिषा मकवाना द्वारा प्रस्तुत की गई।

मंचासीन अतिथियों का स्वागत जन शिक्षक लक्ष्मीनारायण मेहता,प्यारसिंह पंवार, संस्था प्रधान शेरू खान,मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के तहसील अध्यक्ष दिनेश जायसवाल आदि ने किया। स्वागत भाषण साक्षरता समन्वयक संजय द्विवेदी ने प्रस्तुत किया स्वागत गीत शिक्षिका मिथिलेश अवस्थी ने गाया। शिक्षक मित्र मण्डल बड़ावदा तथा बड़ावदा संकुल के शिक्षक व शिक्षिकाओं के द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सविता तिवारी और जी.एल.आर्य का साफा बांधकर, शाल श्रीफल और उपहार देकर सम्मान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाड़ा, विशेष अतिथि जगदीश उपमन्यु, विशिष्ट अतिथि बद्रीलाल मड़ोतिया बी.ए.सी. चंद्रावत, भावसार, बाबुलाल छाबड़ा, शांतिलाल झाला ,राजेन्द्र शर्मा जावरा ने अपने उद्बोधन में मेडम तिवारी व आर्य के शासकीय सेवा में रहने के दौरान उनकी कार्यशैली पर प्रकाश डाला।

गणेशराम आद्रा(गणक) ने सेवा निवृत्ति पत्रक प्रदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनशिक्षा केंद्र प्रभारी और संकुल प्राचार्य गोविन्दसिंह मालिवाड़ द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने की बात कही। मध्य प्रदेश शिक्षक की और से संघ के पूर्व सचिव विजय सैनी, बी.एल छाबड़ा महेश बैरागी जी. एस चंद्रावत आदि ने सेवा निवृत हो रहे आर्य, श्री मति तिवारी का साल श्री फल से स्वागत किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम में पधारे उनके परिवार व रिश्तेदारों द्वारा भी उनका पुष्प माला से सम्मान किया। बिदाई सम्मान समारोह में विद्यालय की नन्ही मुन्नी बालिकाओं द्वारा बिदाई गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसकी मंचासीन अतिथियों द्वारा सराहना की गई। शिक्षक मित्र मण्डल बड़ावदा द्वारा संकुल के शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के सीरमोर आर्य और तिवारी द्वारा अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया। तथा इतना विशाल और ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित करने पर धन्यवाद दिया।अभिनंदन पत्र का वाचन दिनेश जायसवाल और जनशिक्षक प्यारसिंह पंवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम चौहान द्वारा किया गया। आभार जनशिक्षक लक्ष्मीनारायण मेहता द्वारा व्यक्त किया गया ।

# सन्तों द्वारा बताई गयी सुरत शब्दयोग की साधना से चेतन सरस्वती का दर्शन किया जा सकता है



उज्जैन परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने ऑनलाइन संदेश के माध्यम से अपने प्रेमियों को बसंत पंचमी के अवसर पर इसी मनुष्य शरीर में सरस्वती का स्थान कहाँ है एवं उनका दर्शन करने के रास्ते के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा ब्रह्मा के मुंह से जो आवाज निकली, उसको इस मृत्यु लोक में ऋषि मुनियों ने सुना और लिख दिया तो वह वेद हो गया। सरस्वती हमेशा ब्रह्मा की आवाज को सुनती हैं। सरस्वती के चार हाथ हैं, उनमें एक हाथ में किताब है, जिसमें उनके द्वारा सुनी गई ऊपरी लोकों की आवाज़ों का निचोड़ है। एक हाथ में वीणा लिए हुए हैं, तो ऊपर की जो आवाज इनको सुनाई पड़ती है उसको वह इसी वीणा में प्रगट कर देती हैं। इसके अलावा एक हाथ में माला पकड़े हुए हैं, जो यह भी संकेत देती है कि भजन करोगे तब तो उद्धार होगा, नहीं तो फंस जाओगे इसीलिए माला जपना सब के लिए जरूरी है।

पहले की साधना से अब सरस्वती का दर्शन करना कठिन है: जो लोग प्राणों को खींचते हैं, योग साधना करते हैं उनको इनका दर्शन होता है। इसी तरह इस शरीर के अलग अलग स्थानों पर अलग-अलग देवी-देवताओं का दर्शन हआ।पहले की जो योग करने की, कुंडलिनियों को जगाने की क्रिया थी वह क्रिया लोग अब कर नहीं पाते हैं, बहुत से लोग जानते भी नहीं हैं और वह थोड़ा कठिन भी है, हर कोई उसको कर भी नहीं सकता है तो सही लाभ लोगों को नहीं मिल पाता है।

**चेतन रूप में देवताओं के दर्शन से उनकी शक्ति आपके अन्दर आ जाएगी :** जड़ चीजों से कोई विशेष लाभ नहीं मिलता है। कर्मों के पर्दे जमा होने से देवी - देवताओं का दर्शन नहीं हो पाता है। पहले के समय में लोग जब योग साधना करते थे तब इनकी दया और शक्ति लोगों में आ जाती थी। कर्म लोगों के खराब होते गए। जैसे-जैसे परिवर्तन होता गया, युग बदलता गया, बुरे कर्म जो हुए, वह जमा होकर इकट्ठा हो गए। अगर वह कर्म नहीं जलेंगे तो जो ज्ञान होना चाहिए, वह लोगों को नहीं हो पाएगा। अब कर्म कैसे जलेंगे, इससे जब आगे बढ़ेंगे तब। नीचे से चक्रों का भेदन करने वाली साधना या सुरत शब्द योग की साधना, वो करने वालों को इनका (सरस्वती) दर्शन हो जाएगा। दर्शन करने से देवताओं की जो शक्ति मिलनी है, वह आप सब लोगों के अंदर आ जाएगी।

**बीमारी व तकलीफों में आराम देने वाला नाम जयगुरुदेव:** किसी भी बीमारी, दु:ख, तकलीफ, मानसिक टेंशन में शाकाहारी, सदाचारी, नशामुक्त रहते हुए *जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जय जयगुरुदेव* की ध्वनि रोज सुबह-शाम बोलिए व परिवार वालों को बोलवाइए और फायदा देखिए ।

# महाआरती का हुआ आयोजन जनपद पंचायत कार्यालय में





दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-
पुरषोत्तम साहू

**दमोह/बटियागढ**- परम पूज्य परम हंसयोगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के मार्गदर्शन में वा आशीर्वाद स्वरूप से बटियागढ में हर माह की भांति इस बार भी माह के प्रथम रविवार को जनपद पंचायत कार्यालय में भव्यता पूर्वक संपन्न हुई मासिक महाआरती का आयोजन दोपहर 12 बजें से प्रारंभ किया गया जिसका शुभारंभ राजेश सिंह द्वारा किया गया मां गुरुवर जी के जयकारे लगाते हुए गुरुवर श्री की आरती व माता भगवती की आरती की वही मंत्रों का उच्चारण करते हुए व तीन-तीन बार शंख ध्वनि की आरती करने के तत्पश्चात नए मां के भक्तों को संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गुरुवर श्री जी व संगठन की विचारधारा से अवगत कराया चिंतन मंच संचालन उमराव पटेल द्वारा किया गया जिसमें बताया गया कि सौभाग्य के क्षण जो हम सभी मां के भक्तों को एक साथ बैठकर के मां भगवती का गुणगान करने का शुभ आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है आगे की कड़ी में भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष पं राकेश तिवारी द्वारा बताया गया कि वास्तव में संगठन के द्वारा लगातार ही समझ में परिवर्तन का कार्य किया जा रहा है और आज वर्तमान में परिवर्तन प्रत्यक्ष रूप से दिखाई भी दे रहा है एक न एक दिन हम नशा मुक्ति प्रदेश को बनाने में सफल रहेंगे बटियागढ थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी द्वारा बताया कि संगठन द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है हम आपके संगठन की जनकल्याणकारी कारों की प्रशंसा करते हैं साथ ही नशा मुक्ति के क्षेत्र में पुलिस का पूर्ण सहयोग रहेगा लगातार ही आप कार्य करते रहें और भी संगठन सदस्यों द्वारा संगठन की विचारधारा बतलाई गई आयोजन में हजारों लोगों की उपस्थिति रही अंत में सभी का आभार व्यक्त ब्लाक अध्यक्ष बबलू नायक द्वारा किया गया अंत में सभी को निशुल्क शक्तिजल एवं प्रसाद वितरण किया गया

# निवाड़ी जिला निर्माता विधायक श्री अनिल जैन का जन्म दिवस बड़ी ही धूमधाम से नगर के लोगों ने मनाया







**निवाड़ी** विधानसभा के लोकप्रिय विधायक श्री अनिल जैन के जन्मदिवस के अवसर पर आज सुबह से ही उनके निवास पर उनके चाहने वालों का तांता लग गया नगर परिषद अध्यक्ष श्री गुलाब अहिरवार के निवास पर नगर परिषद अध्यक्ष गुलाब अहिरवार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद कुमार तिवारी एवं नगर परिषद के पार्षद व नगर परिषद की टीम ने विधायक अनिल जैन का बड़ी फूल माला पहनाकर कर एवं केक कटवाकर एवं ढोल नगाड़े व आतिशबाजी के साथ बड़ी ही धूमधाम से जन्मदिवस मनाया वही क्षत्रिय खंगार समाज के राष्टीय अध्यक्ष रमेश खंगार नन्ना जी ने विधायक अनिल जैन के निवास पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिवस के अवसर पर पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर शुभकामनाएं दी

# कलेक्टर श्री कोचर पहुँचे कन्हैया कुंज सकोर

## पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया के परिवार जन से की मुलाकात*

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-
पुरषोत्तम साहू



**दमोह/हटा**- कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर आज डॉक्टर रामकृष्ण कुसमारिया जी पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष के निज निवास कन्हैया कुंज सकोर पहुंचे और परिवार जनों से भेंट की और हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन किये बाबा जी ने प्राचीनतम मंदिर का वृतांत कलेक्टर महोदय को बताया एवं ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का निरीक्षण किया जिसमें ग्राम के विकास कार्यों का एवं स्वच्छता तथा सीसी रोड की सराहना कर खेल मैदान की मरम्मत का कार्य एवं तालाब का सौंदरीकरण मेला का आयोजन शंकर जी मंदिर का सौंदर्यकरण रोड लाइट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण एवं स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार तालाब के घाट निर्माण बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य खेल मैदान के पास रोड निर्माण एवं जगनक महोत्सव के आयोजन का मेला लगवाने का तथा अन्य कार्य के लिए कलेक्टर महोदय ने आश्वासन दिया वहीं कलेक्टर महोदय ने जन समस्या सूनी तो ग्रामीण जनों ने बिजली विभाग जे ऐ की शिकायत कलेक्टर साहब से की कलेक्टर महोदय ने तत्काल बिजली विभाग के जेई को बुलाकर ग्रामीण जनों के सामने फटकार लगाई एवं कार्य को सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए और कहा कि दोबारा मेरे पास शिकायत नहीं आनी चाहिए एवं एक विकलांग महिला को ट्राई साइकिल देकर जनता की समस्याओं का निवारण किया इसके उपरांत सकोर का भ्रमणकर शंकर जी मंदिर के दर्शन कर शंकर जी मंदिर का सौंदर्यकरण करने का भी आश्वासन दिया जिसमें उपस्थित डॉ गोपाल कुसमारिया राजेंद्र कृष्ण कुसमरिया गंगाराम पटेल जी जनपद अध्यक्ष हटा सतीश कुसमरिया गंगाराम जी पटेल शुभम पटेल युवराज कुसमरिया सुरेश पटेल दुष्यंत पटेल सोजना देवी प्रसाद पटेल मौजूद रहे

# नगर लोहारदा की सड़कों से भगवान ही बचाए कीचड़ गड्ढों से परेशान नगर वासी



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अंकित ठाकुर

कांटाफोड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर लोहारदा में लगभग 8ङ्क10 दिनों से नल जल योजना के अंतर्गत काम चल रहा है उसके चलते सड़कों की हालत बहुत ही खराब हो रही कोटखेड़ा में नाली का पानी सड़कों पर निकल रहा है उसी के कारण कीचड़ मच रहा है सड़क पर पानी के बीच से प्राइमरी पड़ने वाले छोटे छोटे बच्चों को रोजाना संघर्ष करते स्कूल जाना पड़ता है यहां मामला प्राइमरी के बच्चों का नहीं पूरे नगर वासियों का है इसी मामले को संज्ञान में लेते हुए नगर वासियों ने नगर परिषद लोहारदा को अवगत भी कराया था इसके बाद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है नगर वासियों का कहना है कि कोटखेड़ा में जो सड़कों में गड्ढे और मच रहे कीचड़ से निकालकर जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथी नल जल योजना के कार्य करवाने वाले योगेश केवट ठेकेदार है जिनके द्वारा मनमाना कार्य क्या जा रहा है इससे नगर वासियों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है पूरी सड़कों छ्ष्टस्र मशीन के द्वारा खोद दिया गया है और नगर परिषद के जो कर्मचारी हैं उपाध्यक्ष सीएमओ कोई भी देखने को नहीं आता नगर वासियों की समस्या का नहीं हो रहा समाधान जिसको लेकर नगर वासी काफी नाराज है। वार्ड14 के पार्षद प्रतिनिधि भगवान उईके मौके पर घटना स्थल पर पहुंचे और ठेकेदार से बातचीत करने के पश्चात आल्हा अधिकारी को सूचना करने का आश्वासन दिया वहां उपस्थित भगवान उईके कृष्ण मर्सकोले महेंद्र कमरे गोलू कर्मा कैलाश काजलिया आनंद संजय मानसिंह छगन लाल उईके दीपक ककोड़िया नितेश उपस्थित थे।

# नज़ीराबाद की बड़ी खबर डंपर चोरी का मामला

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रेम सिंह कुशवाहा नजीराबाद

पूर्व जिला पंचायत सदस्य हटे सिंह सोलंकी का नया डम्पर हुआ पेट्रोल टेंक से चोरी। डम्पर चोरों ने आधी रात्रि को दिया नज़ीराबाद पेट्रोल टेंक से चोरी की घटना को अंजाम। पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कुछ समय पूर्व उठाया था न्यू 10 चका डम्पर। नज़ीराबाद पुलिस कर रही पेट्रोल टेंक सहित अन्य रास्तों के सीसी टीवी फुटेज़ चेक। फुटेज़ के आधार पर नज़ीराबाद पुलिस चोरों की तलास में जुटी।




# आजाद नगर पुलिस ने अंधे कत्ल का किया राजफाश

## पुलिस को कत्ल की सूचना देने वाला सगा भाई ही निकला बहन का हत्यारा

## मामूली लेनदेन के विवाद में भाई ने बहन को उतारा था मौत के घाट

हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान

**आलीराजपुर।** गत 17 जनवरी को रात्रि में आजाद नगर थाना क्षेत्र के दितिया फलिया बाबादेव डूंगर टेकरी पर एक वृद्ध महिला नरसुबाई नानसिंह मावी 55 वर्ष की उसकी झोपड़ी में ही किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई। सेजावाड़ा के वड़वाडिया फलिया निवासी मृतका के बड़े भाई रेवा मानिया भूरिया 58 वर्ष की सूचना पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 103 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी राजेश व्यास ने घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण करते हुए एएसपी प्रदीप पटेल व एसडीओपी जोबट नीरज नामदेव को अज्ञात आरोपी की तलाश करने हेतु निर्देशित किया। एसडीओपी नामदेव ने थाना प्रभारी आजादनगर के नेतृत्व में टीम का गठन किया और घटना के बाद से ही पुलिस



आरोपी की तलाश में जुटी रही। चूंकि मृतका नरसूबाई झाड़फूंक का काम करती थी तो पुलिस ने आस पास के क्षेत्रों में झाड़फूंक करने वालों से पूछताछ की तथा डूंगर पर आने जाने वाले संदेहियों से भी पूछताछ की गई लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिली। इस दौरान पुलिस को जानकारी लगी कि सूचनाकर्ता और आरोपी रेवा मानिया भूरिया और उसकी बहन मृतका नरसूबाई के बीच मवेशी चराने वाली घास के लेनदेन व कुछ उधार दिए रुपयों के बदले मवेशी चराने वाली घास नहीं देने के कारण विवाद हुआ था। जिसके बाद आरोपी रेवा द्वारा बहन नरसूबाई को सिर में पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी। जब पुलिस द्वारा भाई रेवा से पूछताछ की गई तो वह हर बार वह अलग अलग जवाब दे रहा था। पुलिस द्वारा सख्ती के साथ पूछताछ करने पर उसने अपनी बहन की हत्या करना स्वीकार कर लिया।

घटना का खुलासा करने में थाना प्रभारी चंद्रशेखर आजाद नगर एसआई संतोष सिसोदिया, एसआई नगीनलाल नायक, एएसआई दिनेश हाड़ा, एएसआई तिलकराज सिंह के साथ मुकेश, भारत पचाया, जितेंद्र नरगांवे, केसरसिंह, दिलीप चौहान व प्रमोद की उल्लेखनीय भूमिका रही। एसपी राजेश व्यास द्वारा इस अंधे कत्ल का खुलासा करने पर पूरी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

# सराफा व्यापारी से लूट करने वाले बदमाशों को घेराबंदी कर मुठभेड में किया गिरफ्तार

## लूट का करीबन 10 लाख रूपयें का शत-प्रतिशत माल मशरूका बरामद

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

दिनांक 02 फरवरी 2025 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत खिडकिंया मोहल्ला मुन्ना सिंह वाली गली में निवासी सराफा व्यापारी आनंद सोनी ने अपने भतीजे के साथ थाना आकर रिपोर्ट की कि सराफा बाजार में आनंद ज्वैलर्स के नाम पर मेरी दुकान है जिस पर दिनांक 01 फरवरी 2025 को शाम करीब 07ः00 बजे एक लाल रंग की मोटरसायकिल से तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा 315 बोर कट्टा से हवाई फायर कर मेरी दुकान से सोने चांदी के जेवरात बैग में भरकर ले गये जिस पर से थाना कोतवाली अप00 65/25 धारा 309 ( 4 ), 296, 3(5), 125 बीएनएस एवं 11/13 एमपीडीपीके एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ. असित यादव द्वारा सराफा व्यापारी की दुकान पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली गई। इसके पश्चात की तत्काल जिले के सभी नाकों पर सघन चैकिंग किये जाने हेतु निर्देश जारी किये। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कुमार पाठक के कुशल मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय (अति. प्रभार नगर पुलिस अधीक्षक) के नेतृत्व में तीन पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटना के कंट्रोल रूम सीसीटीवी फुटेज एवं बाजार के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर आरोपियों की फोटो सभी वाट्सएप ग्रुप में प्रेषित की गई जिसके आधार पर तकनीकी एवं मुखबिर द्वारा संदेहियों को चिन्हित किया गया। थाना प्रभारी अटेर श्री अभिषेक गौतम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अटेर किले से चंबल तरफ करीबन 500-1000 मीटर दूरी पर रोड से बायीं ओर झाडियों में आग जलाकर लूट करने वाले आरोपियों के हुलिया जैसे तीन व्यक्ति एक पिट्ठू बैग लिये अवैध हथियारों के साथ चर्चा कर रहे थे एवं किसी का इंतजार कर रहे थे। थाना प्रभारी अटेर द्वारा तत्काल ही सूचना पुलिस टीम को दी गई। जिस पर से उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय (अति. प्रभार नगर पुलिस अधीक्षक) के नेतृत्व में गठित सभी पुलिस टीम द्वारा नदी से किले की तरफ आरोपियों की तलाश की गई। जैसे ही टीम अपने वाहनों की सर्च लाइट ऑन कर पहुंची तो मुखबिर सूचना अनुसार तीन लोग आग जलाकर बैठे दिखाई दिये जो फोर्स को अपनी ओर आता देख बीहड़ की तरफ भागने का प्रयास करने लगे।





पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की घेराबंदी की गई। दो आरोपियों ने पकडे जाने के डर से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से एक-एक राउण्ड फायर किया। निशाना चूकने से किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को कोई क्षति नही हुई। तीसरा व्यक्ति पिट्ठू बैग सहित भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा तीनों आरोपियों को सरेण्डर करने की चेतावनी दी गई। आरोपियों द्वारा कट्टा लोड कर जान से मारने की नियत से दोबारा पुलिस टीम पर फायर किया जिस पर से पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी कार्यवाही कर आरोपियों पर करीबन 08 राउण्ड फायर किये गये। फायरिंग स्टॉप कर सभी को सावधानी पूर्वक आगे बढने के निर्देश दिये गये। सर्च लाइट से चैक किये जाने पर झाडियों में दो आरोपी, पैर में गोली लगने से पड़े मिले। उक्त आरोपियों से थाना कोतवाली में पंजीबद्ध अपक0 65/25 में गया संपूर्ण माल मशरूका जप्त किया गया। आरोपियों के नाम पूछने पर एक ने गुल्ली उर्फ शिवम पुत्र राकेश सिंह तोमर उम्र 23 साल नि. बिण्डवा थाना महुआ, मुरैना एवं दूसरे ने अंशु श्रीवास पुत्र देशराज श्रीवास उम्र 19 साल नि0 थाना अमायन होना बताया। जिस पर से थाना अटेर में अप00 12/25 धारा 109, 132, 3 ( 5 ), बीएनएस एवं 25/27 आर्म्स एक्ट की तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों को तत्काल ही इलाज हेतु जिला अस्पताल भिण्ड लाया गया। उक्त आरोपियों से घटना के संबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कोतवाली थाना क्षेत्र घटनाक्रम कारित करना स्वीकार किया तथा इसके अतिरिक्त आरोपियों द्वारा अहमदाबाद, मुरैना, मुंबई आदि क्षेत्रों में घटना कारित करना बताया है इस संबंध में आरोपियों से जानकारी ली जा रही है।

जप्त माल मशरूका- नगदी 2,77,100/- रूपये, सोने के दो मंगल सूत्र, तीन ओम के पेण्डल, दो जोडी झुमकी, एक अंगूठी, एक कान का बाला एवं 6.95 किग्रा चांदी कुल दस लाख रूपये एवं 315 बोर का एक कट्टा, 12 बोर का एक कट्टा, 05 जिंदा राउंड एवं 04 खाली खोखे।

गिरफ्तार आरोपीगण गुल्ली उर्फ शिवम पुत्र राकेश सिंह तोमर उम्र 23 साल नि. बिण्डवा थाना महुआ, मुरैना, अंशु श्रीवास पुत्र देशराज श्रीवास उम्र 19 साल नि. थाना अमायन, मोहित तोमर पुत्र रामवरन तोमर नि. हुसेत घाट जिला मुरैना को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से व्यापारियों में खुसी की लहर दौडी अनेकों व्यापारियों ने पुलिस कप्तान असित यादव का भिंड पहुंचकर जोरदार स्वागत किया

सराहनीय भूमिका में श्री दीपक तोमर उपुअ मुख्या, निरी. प्रवीण चौहान, निरी. अभिषेक गौतम, निरी. मुकेश शाक्य, निरी. शिवप्रताप सिंह, उ.नि. अतुल भदौरिया, उ.नि. वैभव तोमर, उ.नि. गिरीश शर्मा, उ.नि. बृजेन्द्र सिंह तोमर, उ.नि. रामशरण शर्मा, उ.नि. देवीदीन अनुरागी,

उ.नि. विजय शिवहरें, उ.नि. देवेन्द्र राठौर, सउनि. सत्यवीर सिंह, का. सउनि. दीपक तोमर, का.सउनि. हुकुम सिंह, प्र.आर. 461 त्रिवेन्द्र सिंह, प्र.आर. 603 रवि जादौन, प्र.आर. 1076 जितेन्द्र सिंह, प्र.आर. 330 धीरेन्द्र सिंह, प्र.आर. 315 सतेन्द्र यादव प्र.आर. विपिन जोशी, प्र.आर. 982 प्रमोद पाराशर आर. 410 गजेन्द्र सिंह, आर. 1315 शैलेन्द्र सिह, आर. 637 राहुल यादव, आर. 1355 मोहित, आर. 1354 आनंद, आर. 309 अभिषेक, आर. 1313 दीपक, आर. 1333 अरूण, आर. 1319 सौरभ, आर. 661 सुधाकर, आर. 829 विकास चौहान, आर. 399 महेश गुर्जर, आर.चा. 547 अकील खांन, आर.चा. 610 बृजेन्द्र सिंह, आर. 1307 पवन, आर. ऋतिक प्र0आर0 408 मुनेन्द्र राजावत, आर. 330 गोविन्द्र भदौरिया, आर. 404 नरेन्द्र भदौरिया, आर. 874 जनेन्द्र जाट, आर. 556 वीर सिंह दौहरे, की सराहनीय भूमिका रही।

# कोतवाली बैतूल पुलिस ने महज 4 घंटे में लूट की वारदात का किया खुलासा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
शिबू विश्वकर्मा



**बैतूल।** थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र चार घंटे के भीतर लूट की घटना का पर्दाफाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लूट में प्रयुक्त टवेरा वाहन व फरियादी की पिकअप वाहन को भी बरामद कर लिया है।

घटना का विवरण : महाराष्ट्र के अमरावती जिले के अंजनगांव निवासी फरियादी अरबाज शाह (24) अपने दोस्त अर्षित शाह के साथ भैंस खरीदने के लिए 1 फरवरी 2025 को बैतूल आया था। दोनों ने ग्राम हिवरखेडी और पाढर खुर्द से कुल चार पशु खरीदे और उन्हें अपनी इन्ट्रा पिकअप में लादकर ले जा रहे थे।

शाम करीब 6ः30 बजे शमशान घाट पुल के पास एक सफेद रंग की टवेरा (क्र. त्नछ्व-02-क्ष्ठ-4964) ने उनकी पिकअप को रोक लिया। टवेरा में सवार अज्ञात आरोपियों ने दोनों युवकों को जबरन नीचे उतारकर भैंस चोरी का आरोप लगाया। फरियादी द्वारा खरीदी के दस्तावेज दिखाने पर आरोपियों ने कागजात फाड़ दिए और 60,000 रुपये नकद व मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद आरोपी उनकी पिकअप व चारों पशुओं को लेकर फरार हो गए।

**तेजी से पुलिस कार्रवाई:** फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 98/2025 धारा 309(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की गई। वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई, जिस पर पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया ने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

कोतवाली पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डोक्या पाढर निवासी रामकिशोर यादव उर्फ श्रीराम यादव (24) को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। उसके बयान के आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी :** रामकिशोर यादव उर्फ श्रीराम यादव (पिता प्रभूदयाल यादव, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम डोक्या पाढर, थाना कोतवाली बैतूल)

बरामदगीः घटना में प्रयुक्त टवेरा वाहन (क्र. त्नछ्व-02-क्ष्ठ-4964) फरियादी की पिकअप वाहन (क्र. रू॥-29-क्क्ष्व-6569)

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिकाः** इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी रविकांत डेहरिया, उनि नरेन्द्र उईके, उनि राकेश सरयाम, सउनि जगदीश प्रसाद नावरे, प्र.आर. दीपक कटियार, आर. रोहित नवरेती और आर. विशाल राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गिरफ्तार आरोपी को 2 फरवरी 2025 को न्यायालय में पेश किया जाएगा, वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर आम जनता में विश्वास मजबूत हुआ है।

# शिव महापुराण रूद्र महायज्ञ से शहर चांदामेटा हुई भक्तिमय

धनंजय वडसमुद्रकरजोशी



**छिंदवाड़ा (केसरिया हिंदुस्तान)** जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत तहसील परासिया के चांदामेटा नगर में इस समय चारों ओर भक्ति में वातावरण निर्मित है। शिव मंदिर चांदामेटा बाजार प्राणप्रतिष्ठा महारुद्र यज्ञ के चतुर्थ दिवस शिव परिवार की प्रतिमा का सात पवित्र नदियों एवं समुद्र के जल से जलाभिषेक सम्पन्न हुआ एवं मिष्ठान अधिवास के पश्चात हवन पूजन आरती के दोपहर क्षितिज जी महाराज द्वारा शिव महापुराण का वाचन प्रारंभहुआ जिसमें महाराज जी द्वारा शिव महापुराण की कथा में आज श्री क्षितिज महाराज जी द्वारा कथा में भक्तों को शिव जी को प्रसन्न करने हेतु पूजन किस प्रकार करना चाहिए एवं पूजन में क्या क्या चढ़ाया जाता है जिसमें सबसे महत्व पूर्ण बिल्व पत्र होता है बिल्व का वृक्ष सबसे प्रिय होता है एवं प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक बिल्व के पेड़ लगाकर पालन पोषण करना चाहिए ।। आज की इस कथा के कार्यक्रम में एक और चीज विशेष तौर पर देखने में आई जो अपने आप में रिश्तो को अभिभूत कर देती है। चाँदामेटा के शिव मंदिर मे भगवान शिव पार्वती की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महाउत्सव मे, शिव महापुराण की प्रवाहित कथा की अवरिल धारा मे भारी भक्तो के पहुंचने का शिलशीला जारी हैं। कथा वाचक क्षितिज जी महाराज के मुखाग्रबिंदु से शिव महापुराण की कथा का वाचन सुनकर स्थानीय भक्त, भावविभोर हो रहे हैं । भक्ति भाव के बीच प्रांगण मे एक महिला अपने स्वर्गीय पति की तस्वीर लेकर बैठी दिखाई दी। स्वर्गीय पति की तस्वीर लेकर बैठी महिला खुद शिव पुराण कथा सुन रही हैं , लेकिन हाथो मे अपने स्वर्गीय पति की तस्वीर के माध्यम से उन्हें भी सुना रही हैं। यह स्वर्गीय पति के प्रति छलकता प्रेम ही हैं, जिसे उन्हें शिव महापुराण कथा सुनने प्रेरित किया होगा। जिससे वह प्रांगण मे तस्वीर लेकर पहुंची।



# बेटियां दो कुल के दीपक की रोशनी है, बिना बेटी परिवार अधूरा

## राजपूत समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्योरो चीफ

**मंडलेश्वर।** ग्राम धरगांव बसंत पंचमी पर प्रतिवर्ष अनुसार क्षत्रिय राजपूत समाज धरगांव द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 16 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। रविवार प्रातः 9ः00 बजे महाराणा प्रताप राजपूत धर्मशाला से 16 दुल्हो का चल समारोह बैंड बाजो आतिशबाजी के साथ निकाला। चल समारोह राम मंदिर चौक से प्रारंभ होते हुए नागेश्वर मार्ग पर व्यापारी संगठन के हरीश जायसवाल, नेपाल पाटीदार, निलेश जैन, डॉ आनंदसिंह मंडलोई, जितेंद्र सिंह मंडलोई, राजेंद्र प्रजापत द्वारा, अंबिका मंदिर प्रांगण में पाटीदार समाज अध्यक्ष श्री राम पाटीदार, कृष्ण पाटीदार, भगवान पाटीदार, विष्णु पाटीदार, मोतीलाल पाटीदार द्वारा दूल्हों को तिलक लगाकर श्रीफल भेंट करते हुए पुष्प हार पहना कर स्वागत किया गया। भंवर कुवा स्थित जामा मस्जिद पर सदर इकबाल चाचा, शेख शाहिद, डॉ जाफरी, याकूब खान द्वारा चल समारोह का पुष्प आहार से स्वागत किया गया। चल समारोह में दुल्हो को आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था प्रबंधक दुर्गा लाल यादव, सहायक प्रबंधक उदय सिंह पटेल, लेखा पाल श्रीराम पाटीदार, अशोक पटेल द्वारा उपहार भेंट करते हुए पुष्प वर्षा से स्वागत किया। अंत में चल समारोह सुलगांव फाटे होते हुए आयोजन स्थल यशराज सिटी पहुंचा। पंडित आचार्य किशोर शर्मा द्वारा मुख्य अजमान बहादुर सिंह सोलंकी द्वारा परिवार सहित गणेश पूजन करते हुए 16 जोड़ों का दिव्या लगन कार्यक्रम संपन्न करवाया गया। आयोजन में 8 हजार से अधिक समाज जनों द्वारा शामिल होकर नव दंपति को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजन स्थल मंच पर उपस्थित अतिथि प्रियंका चौहान द्वारा समाज जनों को संबोधित करते हुए बताया कि बेटियां परिवार के दो कुलों का दीपक की रोशनी है, जिस परिवार में बेटी नहीं होती है

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में किया पथ संचलन

## हिन्दू समाज को जागृत एवं संगठित करने का आव्हान किया

केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा



घट्टिया - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रतापनगर(घट्टिया) में पथ संचालन निकाला गया। स्वयंसेवकों ने कदम ताल करते हुवे पूर्ण गणवेश में पथ संचलन किया पथ संचलन जनपद पंचायत प्रांगण से प्रारंभ होते हुवे नगर के प्रमुख मार्गो से निकलकर सोसायटी प्रांगण में समापन हुआ संचलन का जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया भारतीय जनता पार्टी मंडल घट्टिया,व्यापारीगण,अल्पसंख्यक मोर्चा,सामाजिक संगठनों ने अलग अलग मच लगा कर पुष्पवर्षा कीसंचलन के समापन पर राष्टीय स्वयंसेवक संघ के जिला व्यवस्था प्रमुख अशोक पोरवाल ने उपस्थित स्वयंसेवकों को बौद्धिक दिया। पोरवाल ने कहा कि हिंदू समाज को जागृत एवं संगठित करने का कार्य हर स्वयंसेवक को करना पड़ेगा

संघ का शताब्दी वर्ष चल रहा है ये वर्ष हम सब स्वयंसेवकों के लिए महत्वपूर्ण है आज देशभर में 50 हजार से ज्यादा शाखा लगती है अगर हमारे आसपास गांवों में संघ को शाखा नहीं लगती तो वहां तक संघ को पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

संघ के 100 वर्ष पूरे हो चुके है इन 100 वर्षों के उपलक्ष्य में हमें नागरिक अनुशंसा एवं सामान्य शिष्टाचार का पालन करना चाहिए पोरवाल ने संघ की स्थापना की परिस्थितियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुवे हिंदू समाज को जागृत एवं संगठित करने का आव्हान किया।इस अवसर पर मुख्य वक्त जिला व्यवस्था प्रमुख अशोक पोरवाल,खंड संचालक प्रतापसिंह,जिला सह व्यवस्था प्रमुख दिनेश त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# बसंत पंचमी पर्व पर सामूहिक विवाह समारोह में अनिता भागचंद जैन ने 14 नव वर-वधू को कन्यादान स्वरूप घरेलू उपयोगी उपहार प्रदान किए

आशीष शर्म दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सनावद** -बसंती पंचमी के अवसर पर समीपस्थ ग्राम बड़ूद में श्री रेवा गुर्जर सामूहिक विवाह समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में लायंस क्लब की जीईटी कॉर्डिनेटर अनिता भागचंद जैन ने 14 नव वर-वधू को कन्यादान स्वरूप घरेलू उपयोगी उपहार प्रदान किए। जैन ने सभी दुल्हनों को हल्दी-कुमकुम लगाकर सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। जैन ने श्री रेवा गुर्जर धर्मशाला में शेड निर्माण हेतु आर्थिक सहायता भी प्रदान की। जैन ने कहा कि गुर्जर समाज द्वारा प्रगतिशील कदम उठाते हुए क्षेत्र में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सामूहिक विवाह के आयोजनों से समय और व्यय की बचत होती है। सामाजिक समरसता बढ़ती है और दहेज प्रथा पर भी अंकुश लगता है। जैन ने आयोजन समिति को सफल आयोजन की बधाई दी। इस दौरान भारती परिहार विशेष रूप से उपस्थित थीं।

# श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, परासिया में शुभारंभ

धनंजय वडसमुद्रकरजोशी

***छिंदवाड़ा केसरिया हिंदुस्तान** जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत तहसील परासिया में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, परासिया में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, संत निवास के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। गुरुवर आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के मानस पुत्र निर्यापक 108 मुनिश्री प्रसाद सागर जी, 108 मुनिश्री पद्मसागर जी, 108 मुनिश्री शीतल सागर जी के सानिध्य में भव्य शिला रोपण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री की पूजन से हुआ, जिसके पश्चात मुनि संघ का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र समर्पण कर उनका सम्मान किया गया।

**समाजसेवियों का हुआ सम्मान** : समाज के विभिन्न सेवा कार्यों में योगदान देने वाले गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान किया गया।

**दान रत्न-** श्री प्रमोद रानी जैन, डॉ. मनीष आरती जैन एवं परिवार ,समाज विभूषण- श्री भरत संध्या जैन, श्री हेमंत शालिनी जैन एवं परिवार समाज गौरव- श्री राजेश इंदु जैन, श्री संजय लीना जैन

**समाज गौरव-** श्रीमती उषा पटोरिया, श्री सुनील बबिता पटोरिया, पूनम पटोरिया

**समाज गौरव-** श्री विनय मनीषा जैन, श्री अभिषेक सोनल जैन एवं



परिवार ,समाज श्रेष्ठी- श्री चंद्रकुमार रेणु जैन एवं परिवार श्रावक रत्न- श्री राकेश जयश्री जैन, श्री स्वतंत्र समता जैन एवं परिवार। इसके साथ ही, समाज के पूर्व अध्यक्षों ङ्क श्री विनोद कुमार, श्री अनिल कुमार जैन, श्री दिनेश जैन, श्री राकेश जैन, श्री निर्मल जैन ङ्क का भी सम्मान किया गय। मुनिश्री ने अपने भावुक प्रवचनों में संत निवास निर्माण की महत्ता बताते हुए कहा, 卐आपके तो बड़े-बड़े महल हैं, हम साधुओं के लिए भी एक अच्छा निवास बनाना आवश्यक है। हम श्रमण संस्कृति के पथवाहक हैं-आज यहां, कल वहां। यदि कोई बुजुर्ग मुनि आए तो उनके आहार और विचार का विशेष ध्यान रखना चाहिए। समाज में सभी को एकता से मिलकर रहना चाहिए।卐

शिला रोपण के दौरान हीरक शिला, स्वर्ण शिला, रजत शिला, ताम्र शिला का प्रयोग किया गया। मुनिश्री ने कहा कि इतने कार्यक्रम देखने के बाद भी इतनी खूबसूरत शिलाएं कहीं देखने को नहीं मिलीं। कार्यक्रम के दौरान कांट्रेक्टर श्री अनुज पाटकर जी का सम्मान किया गया, इस आशा के साथ कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा होगा। निर्माण समिति, जिसमें श्री सुनील पटोरिया, श्री राजेश अजमेरा, पूनम पटोरिया, श्री सारांश जैन, श्री संकेत संजय जैन शामिल हैं, कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए प्रतिबद्ध है। समाज के अध्यक्ष श्री अलकेश जैन, श्री अभिषेक जैन, श्री पं. राकेश जैन, श्री संकेत जैन, श्री सुदामा जी सहित समस्त कार्यकारिणी ने अपने अमूल्य योगदान से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। संत निवास निर्माण का यह कार्य जैन समाज की एकता और समर्पण का प्रतीक बनेगा।

दैनिक
# केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर सोमवार 3 फरवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



## शङ्कराचार्य ने किया हिन्दू व्रत-पर्व निर्णय समिति का गठन

### धर्म निर्णयालय से घोषित होगी पर्वों की तिथि

### परमाराध्य शङ्कराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्दः जी महाराज

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार
संवाददाता भानु प्रताप राय



सं.2081 माघ कृष्ण दशमी तदनुसार दिनाङ्क 24 जनवरी 2025 ई समय का एक अपना ही महत्व है।यह परमात्मा का ही स्वरूप है।इसके दो रूप नित्य और जन्य बताए गए हैं।इनमें से नित्य साक्षात् परमेश्वर ही हैं।श्रौत-स्मार्त कर्मोपयोगी वर्ष-मासादि के रूप में गिना जाने वाला समय जन्य कहा गया है। यह जन्यकाल वत्सर, अयन, ऋतु, मास, पक्ष और दिवस के रूप में छः प्रकार का कहा गया है। उक्त बातें परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती 1008 ने आज पर्व/तिथि की सर्वमान्य समरूपता विषय पर व्यक्त करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि कोई-कोई कालखण्ड ऐसे होते हैं जो बहुत ही लाभदायक होते हैं।इसलिए हमारे पूर्वजों-ऋषियों ने शुभ कार्यों को करने के लिए उन्हीं विशिष्ट कालखण्डों की खोज %मुहूर्त% आदि के रूप में की है।दैव और पितृकर्म में उचित काल का विचार कर अनुष्ठान करने के लिए काल विचार किया जाता है।हमारे पञ्चाङ्ग इस बारे में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। आगे कहा कि हिन्दू समाज में अनेक सम्प्रदाय और गणना के भेद हैं,जिनके कारण कभी-कभी एक ही पर्व दो या तीन दिन पञ्चाङ्ग में लिखे जाते हैं।ऐसे में स्वयं के सम्प्रदाय के ज्ञान की अनभिज्ञता और सम्प्रदाय में गणनाविधि की स्वीकार्यता के सन्दर्भ में जानकारी न होने के कारण सामान्य हिन्दू जब भ्रम में पड़ जाते हैं तब ऐसे में उनका मार्गदर्शन आवश्यक हो जाता है।

परमधर्मसंसद् 1008 में धर्मादेश पारित करते हुए कहा कि इस हेतु एक हिन्दू व्रत पर्व निर्णय समिति का गठन करती है,जो पूरे देश के विषय-विशेषज्ञों से मिलकर,सबसे चर्चा कर, सबके अभिमत लेकर शास्त्रीय निर्णय हिन्दू जनता के सामने उद्घोषित करेगी और धर्म निर्णयालय के माध्यम से यह कार्य निरन्तर करती रहेगी। आज विषय स्थापना श्री अनुसूया प्रसाद उनियाल जी ने किया।चर्चा में जिज्ञेश पण्ड्या जी,सुनील कुमार शुक्ला जी,डेजी रैना जी,राघवेन्द्र पाठक जी,हर्ष मिश्रा जी,सञ्जय जैन जी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रवर धर्माधीश के रूप में श्री देवेन्द्र पाण्डेय जी ने संसद् का सञ्चालन किया।सदन का शुभारम्भ जयोद्घोष से हुआ।अन्त में परमाराध्य ने धर्मादेश जारी किया जिसे सभी ने हर-हर महादेव का उदघोष कर स्वागत किया।

## भू अर्जन, पुनर्वासन और पुनःव्यवस्थापन पर सेमिनार की मांग

### सामाजिक कार्यकर्ता डीपी शुक्ला ने कहा पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र और सेमिनार आयोजित किया जाय

### भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रक्रिया को न्यायोचित और पारदर्शी बनाना

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली। जिले का बड़ा क्षेत्रफल भू- अर्जन से प्रभावित है। यहां भू-अर्जन की प्रक्रिया कई स्थानों पर हो चुकी है और कई स्थानों पर होनी हैं एवं कुछ स्थानों पर प्रक्रिया में है। ऐसे में लोगों को भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम 2013 की जानकारी होना जरुरी है। जिससे में अपने अधिकार को जान सकें। ऐसे में प्रषिक्षण की आवष्यकता महसूस की जा रही है। यह बात सामाजिक कार्यकर्ता



डीपी शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि सिंगरौली जिले में विकास हेतु भूमि अर्जन अनेक परियोजनाओं के लिए किया जा रहा है। जिसमे पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र और सेमिनार आयोजित करने की आवश्यकता है। यह मांग प्रभावित व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा और प्रक्रिया में सुधार के उद्देश्य से की जा रही है।

**आयोजन का प्रस्तावित उद्देश्य :** इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रक्रिया को न्यायोचित और पारदर्शी बनाना है। साथ ही, अधिकारियों को अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी ढंग से अनुपालन करने के लिए जागरूक और प्रशिक्षित करना है। जिले के भू अर्जन प्रक्रिया में सम्मिलित न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों को एक मंच पर लाकर भूमि अर्जन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना और सही समाधान निकालना अत्यंत आवश्यक है।

यह है प्रमुख मांगे

1. भूमि अर्जन पुनर्वास एवं पुर्न व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिका का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुपालन पर प्रशिक्षण जैसे उचित प्रतिकर, पारदर्शी प्रक्रिया और पुनर्वसन योजनाओं के सही कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षित करना।

2. सामाजिक समाघात अध्ययन प्रभावित समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। प्रक्रिया का सही कार्यान्वयन के लिए उक्त प्रशिक्षण सेमिनार अत्यंत आवश्यक है।

3. अनियमितताओं और भ्रष्टाचार पर रोकथाम भू अर्जन प्रक्रियाओं में हो रही अनियमितताओं को समाप्त करने के उपाय न्यायालय मे कार्यवाहियों के संबंध में आम जनता को प्रशिक्षित करना और कार्यवाहियों के संबंध में अवगत करना।

4. अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालना। प्राधिकरणों के दायित्वों को सुदृढ़ करना और पूर्व कार्यवाहियों पर प्रकाश डालना।

## प्रेम प्रसंग का एक और कत्ल का खुलासा ,थाना देहात ने किया पर्दाफाश

मारुति लाल विश्वकर्मा



मामला दिनांक 10.01.25 को ग्राम काराबोह के कोटवार रुपेन्द्र पाटिल द्वारा कराबोह डेम के पास एक अज्ञात शव मिलने की सूचना प्राप्त होने पर तस्दीक किया गया जो एक अज्ञात शव कराबोह डेम के पास झाडी में मिला जिसका मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर असल मर्ग क्र. 04/25 धारा 194 क्रहस्र का कायम किया गया एवं प्रथम दृष्टया मर्ग जांच में हत्या का मामला पाए जाने से अप.क्र. 27/25 धारा 103(1), 238 क्रहस्र का कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय छिन्दवाडा श्री अजय पाण्डे एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अजय राणा के निर्देशन में विवेचना कार्यवाही कर सभी थानों से गुम इन्सान की जानकारी ली गई जो अज्ञात मृतक की पहचान थाना कोतवाली के गुम इन्सान क्र. 05/25 गुमशुदा चैतलाल पिता बुद्ध बट्टी उम्र 32 साल सा. जमुनिया जेठु थाना उमरेठ के रुप में की गई। जो हत्या के आरोपियो की तलाश पताशाजी हेतु थाना प्रभारी निरी. जी. एस. राजपूत द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित की गई टीम द्वारा मृतक के परिजनों से सम्पर्क कर पूछताछ की गई जो मृतक की पत्नी आशा बट्टी भाई चैतू बट्टी ने पूछताछ पर बताए की मृतक चैतलाल का कविता सरेयाम निवासी काशीनगर छिन्दवाडा से अवैध संबंध थे मृतक के परिजनों के बताए अनुसार संदेही कविता पति अनिल सरेयाम उम्र 30 वर्ष निवासी काशीनगर को तलब कर पूछताछ की गई जो मेमोरेण्डम कथन में बताई की चैतलाल से उसके संबंध थे। लेकिन वह बिना बताए अपनी पत्नी से मिलने जाता था इसी बात को लेकर झगडा होता रहता था। जो इसी बात से परेशान होकर चैतलाल ने कविता के घर पर स्वयं फांसी लगा लिया था। जो घटना की बात कविता ने पिता हरिचन्द उइके को बताई थी। एवं पुलिस के डर से पिता हरिचन्द के साथ मो.सा. में चैतलाल के शव को बीच में रखकर रिंग रोड काराबोह तरफ झाडी में फेक दिए थे। जो कविता सरेयाम से फांसी की रस्सी तथा हरिचन्द से उसकी मो.सा. जप्त की गई। दौरान विवेचना के कविता सरेयाम द्वारा मृतक चैतलाल को आत्महत्या करने के लिए उत्प्रेरित करना पाया गया है। जो आरोपी कविता पति अनिल सरेयाम उम्र 30 साल निवासी काशीनगर एवं हरिचन्द पिता अप्पू उड़के उम्र 50 साल सा. काशीनगर द्वारा किया गया कृत्य धारा 108,3(5) क्रहस्र का पाए जाने से जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी (1) कविता पति अनिल सरेयाम उम्र 30 साल सा. काशीनगर थाना देहात

(2) हरिचन्द पिता अप्पू उइके उम्र 50 साल निवासी काशीनगर थाना देहात

जप्ती:- (1) फांसी लगाई गई रस्सी, मो.सा. (2) मो.सा. स्क्28स्र0993

विशेष भूमिका --निरीक्षक जी.एस.सी. राजपूत बटालियन के निदेशक, यूनिवर्स सिंह उपनिरीक्षक रामकुमार बाघल, आर. 513 गजानंद, आर. 779 बोरा, आर. 836 रमेश उइके, आर. 201 विजय, एम.आर. 769 सगीता, एम.आर. 350 जागृति

## खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते 20 ट्रेक्टर व डंपर किये जप्त

ओमप्रकाश परमार,



देवास। खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और ओवरलोड परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही हैद्य खनिज टीम के द्वारा जिले में खनिज के अवैध परिवहन/ओव्हरलोड अवैध परिवहन करते हुए 20 ट्रेक्टर व डंपरों को जप्त किया है।

खनिज अधिकारी श्रीमती रश्मि पांडे ने बताया कि कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और ओवरलोड परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही हैद्य सहायक खनिज अधिकारी राजकुमार वराठे, खनिज निरीक्षक गणेश विश्वकर्मा एवं खनिज टीम के द्वारा जिले में खनिज के अवैध परिवहन/ओव्हरलोड अवैध परिवहन करते हुए 20 ट्रेक्टर व डंपरों को जप्त कर थाना बागली, सतवास, कन्नौद एवं पुलिस चौकी चापड़ा पर सुरक्षार्थ खड़े किये गए है, जिन्हें म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण ) नियम 2022 के अध्याय -5 के नियमानुसार नियम 19 तथा नियम 20 के तहत प्रकरण दर्ज कर माननीय कलेक्टर न्यायालय में अर्थदंड अधिरोपित किये जाने हेतु प्रेषित किये जायेंगे द्य इन पर अनुमानित 11 लाख से अधिक की राशि का अर्थ दंड वसूलने की कार्यवाही की जाएगीद्य जिले में अवैध उत्खनन, अवैध भण्डारण, अवैध परिवहन तथा ओव्हरलोड अवैध परिवहन में लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

## गोटेगांव में महिला स्वास्थ्य अभियान पर परिचर्चा का आयोजित

### नई पहल फाउंडेशन ने किया आयोजन

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार
संवाददाता भानु प्रताप राय ??



**गोटेगांव।** शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित सीएमसीएलडीपी कक्षाओं में महिला सशक्तिकरण विषय पर चर्चा आयोजित की गई। इस दौरान नई पहल फाउंडेशन द्वारा संचालित महिला स्वास्थ्य अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई।

परिचर्चा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक प्रतीक दुबे एवं सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता सोबरन पटेल ने माहवारी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि माहवारी के दौरान महिलाओं को आराम देने की परंपरा उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बनाई गई थी। इस दौरान छात्राओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य देखभाल की जानकारी दी गई। नई पहल फाउंडेशन के सचिव गनेश प्रजापति ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी से जुड़ी स्वास्थ्य देखभाल, मानसिक तनाव प्रबंधन और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। अभियान के तहत स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का किया धन्यवाद : राज्य मंत्री श्री पटेल

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह।**-प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने नए बजट के संबंध में कहा नया बजट बहुत सारी सुविधाएं लेकर आ रहा है, खासतौर पर जो टेक्स की सीमाएं थी उसे 7 लाख से बढाकर 12 लाख कर दिया गया है, इतना जंप पहली बार देखने को मिला है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों को बहुत कम टेक्स लगेगा यह बड़ी राहत है। बजट में खासतौर पर युवाओं के लिए भी फोकस किया गया है, प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को धन्यवाद देता हूं ,इतना अच्छा बजट पेश हुआ है।

## बजट को लेकर चिरमिरी भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन,

## स्वास्थ्य मंत्री ने कहा जिसे कांग्रेस कभी पुछती नहीं उसे भाजपा सदैव पूजती है

देबाशीष गांगुली (संवाददाता दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

**चिरमिरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वृत्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 जनता के संमुख किया जिसे लेकर चिरमिरी शहर के भाजपा कार्यालय में छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश के पुर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधानसभा के पुर्व स्पीकर नारायण चंदेल, भाजपा की जिलाध्यक्ष चंपादेवी पावले, बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रेमाकांत झा एवं चिरमिरी के मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर के उपस्थिति में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश में केंद्रीय सरकार द्वारा लाए गए इस नए बजट से किस तरह आम जनता को लाभान्वित किया गया इस विषय पर चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने पत्रकारों को जानकारी दी कि इस नए बजट का उद्देश्य असल में प्रधानमंत्री के सपने को साकार करते हुए भारत को वर्ष 2043 तक विकसित भारत बनाने का है। इस बजट में जिसे कोई नहीं पूछता उसे भारतीय जनता पार्टी पूजती है, यह बजट गांव का किसानों का युवाओं का और मध्यवर्ग को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से लाया गया है, मुख्य रूप से बजट के जो अंश हैं उसमें स्वास्थ्य के क्षेत्र जिसमें 10त्न की राशि बढ़ाई गई है, जो सुरक्षा के क्षेत्र है उसमें राशि




बढ़ाई गई है, इस बजट में किसानों का भी संपूर्ण ध्यान रखा गया है, केंद्र सरकार की ओर से किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए की है। छत्तीसगढ़ के किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। कांग्रेस के शासनकाल में जो 2 लाख तक का टैक्स लगता था अब इस नए बजट में उसे बढ़ाकर 12 लख रुपए कर दिया गया है यानी 12 लाख तक इनकम में टैक्स भुगतान में राहत दी गई है, एमएसएमई सेक्टर में युवाओं स्वरोजगार के लिए 5 करोड़ लोन दिया जाता था उसे बढ़ा कर अब इस नए बजट में दस करोड़ कर दिया गया है, जिसमें युवा वर्ग बिना किसी गारंटी या मॉर्डगेज के दस करोड़ तक का उद्योग लगा सकता है, जिससे देश में करोड़ों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, इसके लिए बजट में अलग से दस हज़ार करोड़ का बजट अलग से पैकेज में दिया गया है, किसानों के लिए दलहन पर गंभीरता बरतते हुए फसल उत्पादन क्षेत्र में दलहन को प्रोत्साहित किया गया है, जो यूरिया विदेशों से आता है, उसमें 12 लाख 80 हज़ार मिट्रिक टन भारत में लगाने का प्लान तैयार किया जा रहा है, जिससे देश में किसानों को यूरिया सस्ते रेट में मिल पाएगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जीवन को बचाने वाले जो 36 महत्वपूर्ण दवाईयां हैं जिनमें कैल्सियम की भी दवाईयां हैं जिन्हें कस्टम ड्यूटी से मुक्त कर दिया है, साथ ही साथ अधिकांश दवाइयों में 5त्न कस्टम ड्यूटी में राहत दी गई है। इस तरह से इस नए बजट से ना सिर्फ देश भर के एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के आम जनता , युवा एवं किसानों को फायदा होगा, साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना वर्ष 2043 तक देश को विकसित भारत बनाने का सपना भी पूरा किया जा सकेगा और जनता का भी साथ भरपूर मिल सकेगा।

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ बैरसिया ने आयोजित किया कर्तव्य बोध दिवस

केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा
भोपाल..9425727854



**बैरसिया।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ बैरसिया के तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश शिक्षक संघ बैरसिया के द्वारा विद्या विहार नरेला में कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता निखिलेश माहेश्वरी संगठन मंत्री विद्या भारती मध्य भारत प्रांत कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्रवीर सिंह राठौड़ अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ राजीव शर्मा सह संगठन मंत्री मध्य प्रदेश शिक्षक संघ नागेश पांडे जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ भोपाल देवेंद्र पचोरी सचिव विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। कर्तव्य बोध दिवस के कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा ने मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा आयोजित किए गये कर्तव्य बोध कार्यक्रम की रूपरेखा बताई साथ ही सभी शिक्षकों से आह्वान किया की सभी अपने कर्तव्य के प्रति सजग एवं तन्मयता से काम करेंगे तो वास्तव में भारत विश्व गुरु के पद फर पुनः स्थापित होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता निखिलेश माहेश्वरी ने विद्या विहार सभागार में उपस्थित समस्त शिक्षकों से आह्वान किया कि गुरु की महिमा आदि काल से चली आ रही है सभी शिक्षक अपने अपने कर्तव्य को निभाएं जिससे कि एक समर्थ राष्ट्र का निर्माण हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड ने कहा कि संघ शक्ति कलियुगे संगठित होकर सभी शिक्षक साथी काम करेगे तभी हम शिक्षक संघ के मूल ध्येय छात्र हित शिक्षक हित का कार्य कर सकेंगे। कर्तव्य बोध दिवस की इस कार्यक्रम मे भोपाल एवं बैरसिया इकाइयों के विभिन्न पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे जिसमें बैरसिया नगर अध्यक्ष बिंदु श्रीवास्तव नगर सचिव शिशुपाल सिंह राजपूत विकासखंड अध्यक्ष संतोष जैन विकासखंड सचिव बृजेंद्र यादव कोषाध्यक्ष आनंद शर्मा उपाध्यक्ष मंजिलें सक्सेना सह सचिव मोहन सिंह अहिरवार पर्वत सिंह मेहर रजनी राजपूत रचना सेन दिनेश विश्वकर्मा पुष्पा सरैया वही तहसील बेरसिया से सचिव हरनाथ सिंह सहसचिव गरिमा श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष इंदर सिंह चौहान रामराज सोलंकी किशोरी लाल अहिरवार तोरण प्रजापति भोपाल से जिला संगठन मंत्री आर के यादव जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र चौहान प्रदेश मीडिया टोली प्रमुख विकास चौहान महानगर अध्यक्ष अवनीश श्रीवास्तव हुजूर तहसील अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव मनीष यादव हिरदेश दुबे आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में आभार विकासखंड अध्यक्ष संतोष जैन ने किया एवं मनचासीन अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल प्रतीक चिन्ह देकर नगर विकासखंड तहसील कार्यकारिणी के पदाधिकारी ने किया इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वय बालेन्दु सिंह प्रेम नारायण गुर्जर पूजा दुबे हरण सिंह सोलंकी रजनी शर्मा राकेश शुक्ला रामशरण खरे दीपा सक्सेना अनिल वर्मा सुहेल सिद्दीकी वीर सिंह राजपूत पर्वत सिंह राजपूत तारान सिंह राजपूत आदि शिक्षक मौजूद थे।

# पूर्व सैनिक कल्याण समिति की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

गणेश वर्मा -ब्यूरो चीफ कौशाम्बी

केसरिया हिंदुस्तान



कौशाम्बी ।रविवार को जनपद के भरवारी नगर पालिका के वशिष्ठ गेस्ट हाउस परिसर में पूर्व सैनिक कल्याण समिति की मासिक बैठक का आयोजन हुआ ।बैठक में जनपद के तमाम पूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया ।संस्था के जिलाध्यक्ष पूर्व हवलदार दशरथ लाल करवरिया ने बैठक में आये हुए सभी पूर्व पूर्व सैनिकों का स्वागत व अभिनन्दन किया। साथ ही उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों को अपनी संस्था की मासिक बैठक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, मंझनपुर में वर्तमान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा न कराने देने के विषय में अवगत कराया, जबकि उक्त संस्था की बैठक हमेशा सैनिक कल्याण कार्यालय में ही होती चली आ रही है ।जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि वर्तमान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी जनपद में पूर्व सैनिकों की रजिस्टर्ड संस्था का पक्ष न लेकर अपना पूर्व सहयोग कुछ चुनिन्दा पूर्व सैनिकों को दे रहे हैं तथा हमें जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में न आने तथा बैठक न करने देने की हिदायत देते हैं। यह सरासर अन्याय है क्योंकि गिनती के कुछ पूर्व सैनिकों के अलावा सैकडों पूर्व सैनिक हमारी संस्था के सदस्य हैं। एक बाहरी संस्था, उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था जनपद कौशाम्बी में अपने पैर पसारने के लिए प्रयासरत है, जिसे वर्तमान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अपना पूर्ण सहयोग दे रहें हैं तथा उन्हें अपने कार्यालय में बैठकें व अन्य कार्यक्रम आयोजित करने देने की अनुमति भी देते है। कौशाम्बी की रजिस्टर्ड संस्था,पूर्व सैनिक कल्याण समिति,

जनपद-कौशाम्बी की प्रबन्धकारिणी समिति व उसके सैकड़ों सदस्यों के साथ घोर अन्याय है, क्योंकि कार्यालय पूर्व सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, मंझनपुर सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, सैनिक विधवाओं व उनके आश्रितों का है, न कि केवल वर्तमान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के चहेते पूर्व सैनिकों का ।इस स्थिति में जनपद कौशाम्बी के अन्दर पूर्व सैनिकों में टकराव की स्थिति उत्पन्न करने के लिए वर्तमान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं ।बैठक में निर्णय लिया गया की 26 फरवरी के बाद संस्था, 卐पूर्व सैनिक कल्याण समिति कौशाम्बी के तमाम पदाधिकारीगण व सदस्यगण वर्तमान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से बात करेंगें, अगर वह वहाँ बैठकें करने की अनुमति नहीं देगें तो सभी उसी समय जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराकर निदान प्राप्त करेंगे ।इस मौके पर संस्था के संस्थापक पूर्व सुबेदार मेजर शारदा प्रसाद वर्मा, उपसंस्थापक सुबेदार मेजर कृष्ण चन्द्र गुप्त, वरिष्ठ सलाहकार सुबेदार राजमन, सुबेदार जय नारायण मिश्र, सुबेदार शिव मूरत पाल, जे0डब्ल्यू0ओ0 राजेश कुमार यादव, हवलदार सुनील कुमार मिश्रा, नायक नथन लाल, सुबेदार मेजर नरेन्द्र कुमार तिवारी, सार्जेन्ट धनन्जय सिंह, सुबेदार हरी प्रसाद पाण्डेय, कैप्टन अनिल कुमार त्रिपाठी, कैप्टन कृष्ण दत्त आदि तमाम पूर्व सैनिक उपस्थिति थे।

# सांसद दमोह श्री लोधी की कांवड यात्रा पर ग्राम हथनी में राज्यमंत्री श्री लोधी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया भव्य स्वागत



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह - संसदीय क्षेत्र दमोह की खुशहाली, उन्नति और क्षेत्र के नागरिको के उज्जवल भविष्य की कामना के उद्देश्य से चल रही सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी की संकल्प अष्टम कांवड़ यात्रा पर ग्राम हथनी में यात्रा के दौरान प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह एवं साथ आए समस्त अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रीति कमल सिंह ठाकुर एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती असाटी के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सांसद दमोह श्री लोधी ने सभी का आभार माना। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, स्थानीयजन मौजूद रहे।

# भारत सरकार की स्वास्थ्य सचिव ने मथुरा में परखीं स्वास्थ्य सेवाएं

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलदेव और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंदी पर पहुंचकर जाना आमजन को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का हाल

### केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुन्य सलिला श्रीवास्तव ने 100 दिवसीय क्षय रोग कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी



मथुरा । जनपद मथुरा में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार की सचिव पुन्य सलिला श्रीवास्तव ने पहुंचकर आमजन को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जाना। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बलदेव और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंदी का निरीक्षण करके स्वास्थ्य सेवाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित 100 दिवसीय क्षय रोग कार्यक्रम की समीक्षा की।

स्वास्थ्य सचिव ने क्षय रोगियों से बात की। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंदी पर तैनात सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) शशांक से 100 दिवसीय अभियान समेत स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहां पर उनके द्वारा ग्राम प्रधान और आशा बहुओं से वार्ता कर कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। स्वास्थ्य सचिव के द्वारा मंडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन के लक्ष्मी कांत गौर से वार्ता कर उनके क्षय रोग उन्मूलन में अमूल्य योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। इस दौरान संस्था को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। सचिव के द्वारा आरोग्य मंदिर के अंतर्गत आने वाले तीन मरीजों और उनके परिजनों को पोषण पोटली भी वितरित की गई।

स्वास्थ्य सचिव ने बंदी स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित हैंड हैंडल एक्स-रे मशीन और निक्षय वाहन का भी किया निरीक्षण

इसके बाद स्वास्थ्य सचिव ने स्वास्थ्य केंद्र बलदेव पर पहुंच कर चिकित्सा अधीक्षक के साथ विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र पर विभिन्न विषयों की जानकारी प्राप्त की और स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित हैंड हैंडल एक्स-रे मशीन और निक्षय वाहन का भी निरीक्षण किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सचिव द्वारा निक्षय शिविरों और आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की। बंदी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर उपस्थित आशा बहुओं के द्वारा किए जा रहे कार्य के संबंध में चर्चा की। एएनएम, आशा बहुओं और सीएचओ द्वारा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में किए सहयोग की सराहना की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत मेडिकल मोबाइल यूनिट पर स्थापित एक्स-रे मशीन और नाट मशीन लगाकर किए जा रहे एक्स-रे और नाट परीक्षण की सराहना की। साथ ही सभी टीबी टारगेटेड ग्रुप के लोगों की अधिक से अधिक एक्स-रे और लक्षण युक्त लोगों के नाट परीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में किया जा रहे कार्यों को समयबद्ध रूप से किए जाने के लिए निर्देशित किया। सीएचसी बलदेव पर नाट परीक्षण के साथ-साथ अन्य 50 तरह के किए जा रहे परीक्षण पर हो रहे कार्य पर संतोष जताया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती मरीजों से उपचार के संबंध में चर्चा की। इसी दौरान आमजन को दी जा रही सेवाओं की प्रशंसा की द्य उन्होंने बताया कि भारत सरकार की स्वास्थ्य सचिव से जिलाधिकारी द्वारा मुलाकात की गई और कार्यों से संबंधित चर्चा में संतोषजनक कार्य की प्रशंसा करते हुए किए जा रहे कार्यों को और बेहतर करने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य सचिव के भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा, राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर, राज्य टीबी प्रशिक्षण संस्थान आगरा के निदेशक डॉ. संजीव लवानियां, डॉ. प्रकाश चन्द्रा, सीएमओ डॉ. अजय कुमार वर्मा, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव, डॉ. चित्रेश कुमार निर्मल, डॉ. रोहताश, डॉ.भूदेव सिंह, डॉ.बिजेन्द्र सिसौदिया, डॉ एस पी राठौड़ ,विवेक सारस्वत,संजय सिहोरिया, पारुल शर्मा, डीटीसी के पंकज, लोकेंद्र चौधरी, आलोक तिवारी, शिव कुमार, ग्राम प्रधान, बीडीओ, आशा, एएनएमस सहित अन्य मौजूद रहे।

# मुख्य नगर परिषद अधिकारी नलखेड़ा का आकस्मिक निधन



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली

**सुसनेर**//मुख्य नगर परिषद अधिकारी नलखेड़ा मुकेश भंवर का आकस्मिक निधन हो गया। एक वर्ष के छोटे से कार्यकाल में उत्कृष्ट कार्यो और जनकल्याण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते परिषद को नई दिशा देते हुए बड़ी पहचान बना ली थी। नगर परिषद अध्यक्ष,पार्षद, परियोजना अधिकारी अन्य नगरीय निकाय के सीएमओ सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। निकाय के सफाई कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कलेक्टर श्री कोचर पहुँचे ग्राम सकोर

# 6 वी शताब्दी से निर्मित प्राचीन काल के शिव मन्दिर एवं गुप्त काल से विराजे हनुमान जी के किए दर्शन

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दमोह /हटा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज ग्राम सकोर पहुँचे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया विशेष रूप मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने यहां पर 6 वी शताब्दी से निर्मित प्राचीन काल के शिव मन्दिर को देखा एवं गुप्त काल से विराजे हनुमान जी के दर्शन किये। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र सकोर का निरीक्षण किया और ग्राम वासियों से मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के सबंध में चर्चा की, जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बंधितो को दिए। इस दौरान ग्राम वासियों से चर्चा की उनकी बाते सुनी व समस्याओं के निराकरण के लिए सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर जनपद पंचयत अध्यक्ष गंगाराम पटेल, सरपंच ममता कुसमरिया, राजेंद्र कुसमरिया, युवराज कुसमरिया, शिवम पटेल, सुरेश पटेल, जयराज कुसमरिया सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# संघ चला गांवों की ओर 100 साल पूरे होने पर हर गांव में जश्न, हर गांव में शाखा का लक्ष्य

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव



**एटा।** अलीगंज के डीएवी मैदान में आरएसएस ने 100 वर्ष पूर्ण होने पर शंखनाद कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रज प्रांत के प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र और जिला संघ संचालक महेश द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प माला अर्पण कर ध्वज प्रार्थना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। और कार्यक्रम का समापन ध्वज बंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला संघ संचालक महेश द्वारा आर एसएस की परंपरागत गणवेश में मौजूद स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन काल से चलते आए अपने राष्ट्रजीवन पर यदि हम एक सरसरी नजर डालें तो हमें यह बोध होगा कि अपने समाज के धर्मप्रधान जीवन के कुछ संस्कार अनेक प्रकार की आपत्तियों के उपरांत भी अभी तक दिखाई देते हैं। यहाँ धर्म-परिपालन करनेवाले, प्रत्यक्ष अपने जीवन में उसका आचरण करनेवाले तपस्वी, त्यागी एवं ज्ञानी व्यक्ति एक अखंड परंपरा के रूप में उत्पन्न होते आए हैं। उन्हीं के कारण अपने राष्ट्र की वास्तविक रक्षा हुई है और उन्हीं की प्रेरणा से राज्य-निर्माता भी उत्पन्न हुए हैं। अत- हम लोगों को समझना चाहिए कि लौकिक दृष्टि से समाज को समर्थ, सुप्रतिष्ठित, सद्धर्माधिष्ठित बनाने में तभी सफल हो सकेंगे, जब उस प्राचीन परंपरा को हम लोग युगानुकूल बना, फिर से पुनर्जीवित कर पाएँगे। युगानुकूल कहने का यह कारण है कि प्रत्येक युग में वह परंपरा उचित रूप धारण करके खड़ी हुई है। कभी केवल गिरि-कंदराओं में, अरण्यों में रहनेवाले तपस्वी हुए तो कभी योगी निकले, कभी यज्ञ-यागादि के द्वारा और कभी भगवद्-भजन करनेवाले भक्तों और संतों के द्वारा यह परंपरा अपने यहाँ चली है। आज आरएसएस द्वारा पूरे देश में कही भी कुछ भी विपत्ति आती है तो निस्वार्थ देश की भावना को समझते हुए अपने भाइयों की सेवा में जुट जाते है।

वहीं ब्रज प्रांत के प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र ने कहा कि भारत देश हमारी मां है और हम इसके बेटे है देश हित हमारे लिए सर्वोपरि है देश हित के बारे में जिन देशों नहीं सोचा वह देश आज किस हाल में वह सभी जानते है। आज प्रयागराज में अमेरिका जैसे देश के बराबर की जनसंख्या मां गंगा की गोद में स्नान कर रही है जिसको प्रशासन के अलावा हमें देश भक्त स्वयंसेवक दिन रात निस्वार्थ बिना जात पातीं के वहां आने वाले भक्तों की सेवा कर रहे है। हम लोगों को किसी पहचान की आवश्यकता नहीं है क्योंकि कोई पहचान हमारे पथ को भ्रमित करती है। इसलिए भारत माता के लिए जो हमारे कर्तव्य है उनको निस्वार्थ एकाग्रता के साथ कार्य करते रहे। 9 फरवरी को सभी मंडलों में शाखा का आयोजन किया जाना है सभी गांवों से लोगों शाखा में जोड़कर एकत्रित कर कम से कम सौ सौ लोगों की शाखा को लगवाएं।

इस दौरान देवेन्द्र खण्ड संघचालक, अरविन्द नगर संघचालक, सौरभ कुमार विभाग कार्यवाह, कुलदीप विभाग प्रचारक, मदनलाल जिला प्रचारक, विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर अशोक रतन शाक्य, पूर्व चेयरमैन प्रदीप कुमार गुप्ता, पूर्व चेयरमैन बृजेश कुमार गुप्ता,मौजूद रहे।

# जुनेजा प्रशस्ति पत्र देकर स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु को सम्मानित किया

### स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु का अभियोजन कार्य उच्चकोटि एवं प्रशंसनीय- जुनेजा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी



मथुरा, उत्तर प्रदेश अभियोजन विभाग के पुलिस महानिदेशक श्री दिपेश जुनेजा ने मथुरा पॉस्को कोर्ट की स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु को आज आगरा में प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया पुलिस महानिदेशक श्री दिपेश जुनेजा द्वारा दिए गए प्रशस्ति पत्र में उन्होंने कहा है कि श्रीमती अलका उपमन्यु ने पॉक्सो न्यायालय में स्पेशल डीजीसी पद पर रहते हुए हत्या, बलात्कार, एवं पॉक्सो अधिनियम के जघन्य एवं संवेदनशील प्रकरणों में राज्य की ओर से प्रभावी अभियोजन पैरवी करके घटना के दोषियों को आजीवन कारावास एवं मृत्यु दंड से दंडित कराया गया

डीजीपी श्री जुनेजा ने प्रशस्ति पत्र में आगे कहा कि आपका यह कार्य उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति उत्कृष्ट, समर्पण कार्यदक्षता एवं उच्च कोटि के विधिक ज्ञान को प्रदर्शित करता है आपके इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की जाती है तथा आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप भविष्य में भी इसी प्रकार अपने कार्यों से अभियोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी उन्होंने कहा है कि आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आपको इस विशेष कार्य के लिए शुभकामनाएं दी जाती हैं स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु ने कहा कि यह सम्मान जेडी साहब और अभियोजन विभाग एवं अपने साथी सरकारी एवं पुलिस विभाग के सहयोगियों का सम्मान है यह सब पूरी टीम भावना से उत्कृष्ट कार्य हुए हैं इसमें सभी का भी योगदान है और वह भी सभी बधाई के पात्र हैं उल्लेखनीय है श्रीमती अलका उपमन्यु द्वारा कम समय में हत्या और बलात्कार जैसे चार मामलों में अपराधों में दोषियों को मृत्यु दंड( फांसी )की सजा कराई है तथा दर्जनों मामलों में अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सजा भी कराई गई है

# मुरादाबाद में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जयदेव यादव
मुरादाबाद

मुरादाबाद- आज शगुन बैंक्विट हॉल, मुरादाबाद में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से एक भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुरादाबाद विभाग के तीन जिलों-मुरादाबाद महानगर, मुरादाबाद ग्रामीण और रामपुर के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विलुप्त हो रहे पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना था। विश्व हिंदू परिषद हमेशा ऐसे आयोजनों के माध्यम से राष्ट्र की संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य करता है।

विजेता एवं सम्मान समारोह इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद महानगर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुरादाबाद ग्रामीण (ठाकुरद्वारा) की टीम उपविजेता रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों के सभी खिलाड़ियों को संगठन की ओर से मेडल, महाभारत एवं रामायण की पुस्तकें, प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। खिलाड़ियों का



गले में माला डालकर भव्य स्वागत किया गया। आयोजन समिति एवं उपस्थित गणमान्य इस आयोजन का संचालन ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद ग्रामीण) की टोली द्वारा अगवानपुर में किया गया। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से प्रांत के सह विशेष संपर्क प्रमुख प्रणीत गुप्ता विभाग संयोजक विजय वीर तूफानी विभाग मंत्री बृजेश विभाग मंत्री नवदीप जिला अध्यक्ष सचिन जिला मंत्री किशनपाल जिला सह मंत्री पंकज जिला संयोजक शंकर राजपूत जिला प्रचार प्रमुख कमल अवतार राणा जिला सह प्रचार प्रमुख सुभाष जिला सह संयोजक अजय भारती जिला गो रक्षा प्रमुख रवि कुमार जिला बालोपासना प्रमुख सुनील जिला सह बालोपासना प्रमुख चरन सिंह एवं सभी प्रखंडों के अध्यक्ष और उनकी समस्त टीम मौजूद रही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने इस सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों और सहभागियों का धन्यवाद किया और आगे भी ऐसे आयोजनों की प्रतिबद्धता जताई।

# संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण, मध्यप्रदेश सरकार का प्रण

## अमरकण्टक नर्मदा महोत्सव का आज होगा शुभारंभ, तैयारियां पूर्ण , तीन दिवसीय महोत्सव मे धर्म, आस्था, ध्यान, योग, पर्यटन, सांस्कृतिक और एडवेंचर खेलों का होगा समागम

**शहडोल:** मध्यप्रदेश की जीवन रेखा, संस्कृति सलिला मां नर्मदा जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय अमरकंटक नर्मदा महोत्सव - 2025 का शुभारम्भ 3 फरवरी 2025 को अमरकंटक में होगा, जिसकी तैयारी कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण कर ली गई है। अंतरराष्ट्रीय पहचान स्थापित करने वाली मां नर्मदा की उद्गम स्थली अनूपपुर जिले की धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक में तीन, चार एवं पांच फरवरी को तीन दिवसीय धर्म, आस्था, ध्यान, योग, पर्यटन और एडवेंचर खेलों का समागम अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2025 में देखने को मिलेगा इस महोत्सव को और अधिक रोमांचक बनाने हेतु पहली बार रोमांचक गतिविधि के साथ ही टेंट सिटी, और लेजर लाइट शो आयोजन को भव्यता प्रदान करेगा।



**आज से प्रारंभ होगा तीन दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम:** नर्मदा जयंती 4 फरवरी के 1 दिन पूर्व से आरंभ होने वाले इस भव्य एवं दिव्य आयोजन में धर्म, संस्कृति, आस्था और पारंपरिक कला, भक्ति, धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ भव्यता एवं विविधता प्रदान करने के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित होगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने तीन दिवसीय अमरकंटक नर्मदा महोत्सव-2025 की जानकारी देते हुए बताया है कि नर्मदा जयंती के एक दिन पूर्व यानी 3 फरवरी 2025 से आरंभ होने वाले तीन दिवसीय अमरकंटक नर्मदा महोत्सव-2025 के पहले दिन 3 फरवरी को प्रातः 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास अमरकंटक स्थित मैकल पार्क पर आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 10 से दोपहर 1:00 बजे तक मां नर्मदा शोभा यात्रा मां नर्मदा मंदिर प्रांगण से दीनदयाल चौक तक आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात अखंड कीर्तन मां नर्मदा मंदिर परिसर में अपरान्ह 1 बजे से प्रारंभ होगा। अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2025 का उद्घाटन कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे से रामघाट अमरकंटक में आयोजित होगा। शांय 6:30 से रामघाट में महा आरती एवं लेजर लाइट शो आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात शाम 8:00 बजे से रामघाट परिसर में सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी।

**नर्मदा जयंती 4 फरवरी को हंसराज रघुवंशी देंगे विशेष प्रस्तुति:** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया है कि 4 फरवरी 2025 मंगलवार को प्रातः 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास मैकल पार्क में, पूजन एवं हवन प्रातः 10:00 बजे से मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में कन्या भोज एवं महाप्रसाद दोपहर 12:00 से मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में महाआरती एवं लेजर लाइट शो शाम 6:30 बजे से रामघाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक रामघाट परिसर में तथा विशेष प्रस्तुति के रूप में भक्ति गीतों के प्रख्यात गायक बाबा हंसराज रघुवंशी द्वारा शाम 8:00 से सर्किट हाउस अमरकंटक के पीछे स्थित मेला ग्राउंड में दी जाएगी।

**सम्मान समारोह के साथ होगा समापन :** अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2025 के तहत तीन दिवसीय आयोजन का समापन 5 फरवरी बुधवार को आयोजित होगा। इस संबंध में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया है कि महोत्सव के तीसरे दिवस प्रातः 7:00 बजे से 8:00 तक योगाभ्यास कार्यक्रम मैकल पार्क में दोपहर 2 से शाम 6:00 बजे तक रामघाट में सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 6:30 से महाआरती एंव लेजर लाइट शो रामघाट परिसर में तथा स्थानीय लोक कला मंच सांस्कृतिक संध्या एवं सम्मान समारोह शांय 8:00 बजे से रामघाट में आयोजित होगा इसके साथ ही कार्यक्रम का समापन होगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने पर्यटक, श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधि, नागरिक, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नर्मदा महोत्सव के दौरान धर्म, आस्था, ध्यान, योग, पर्यटन एवं सांस्कृतिक के अनोखे से समागम मे अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

# लोक निर्माण विभाग की संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन

**शहडोल।** शनिवार को लोक निर्माण विभाग की संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शहडोल नगर के सूर्या इंटरनेशनल होटल में किया गया। कार्यशाला में नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई तथा अभियंताओं को आधुनिक निर्माण तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता, स्थायित्व और पर्यावरण-अनुकूलता को बढ़ाया जा सके। आयोजित कार्यशाला को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की आज के युग में, जब टेक्नोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है, तो इंजीनियर्स के लिए स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण तक का मार्ग इंजीनियर्स के माध्यम से ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की नींव तभी रखी गई थी जब देश में इस विभाग का गठन हुआ और तब से लेकर आज तक, यह विभाग लगातार समाज के विकास में योगदान दे रहा है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स द्वारा निर्मित संरचनाएँ केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक और आध्यात्मिक केंद्रों तक पहुँच इन्हीं संरचनाओं के माध्यम से होती है, जो लोक कल्याण की दिशा में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का गठन लोक कल्याण के लिए हुआ है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इंजीनियर्स को अपने कर्तव्यों को समझते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित मध्यप्रदेश इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। लोक कल्याण की संरचनाओं को आदर्श रूप में स्थापित करना और समाज में इंजीनियर्स की विशिष्ट भूमिका को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंजीनियर्स को इस जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य करना चाहिए ताकि उनके द्वारा किए गए कार्यों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाए। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स को सजगता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि उनके द्वारा निर्मित संरचनाएँ गुणवत्ता और विशिष्टता का प्रतीक बनें। उन्होंने ने कहा कि यह कार्यशाला इंजीनियर्स की क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो लोक निर्माण से लोक कल्याण की यात्रा को मजबूती प्रदान करेगी। प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी मुख्य अभियंताओं द्वारा उपस्थित अभियंताओं को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



# पुलिस द्वारा मोटर साईकिल चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** रविवार को फरियादी सजन लाल साहू पिता जगपाल उर्फ छोटे साहू उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम गडी, थाना कोतमा, जिला अनूपपुर, हाल निवासी ईटा भठ्ठा, थाना अमलाई, जिला शहडोल द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी मोटर साइकिल बजाज सीटी 110एक्स जिसका नं. एमपी 18 जेडए 8069 है। 01 जनवरी 2025 को रात्रि में अपनी मोटर साइकिल घर के बाहर रोड पर खड़ी कर दी थी। कुछ देर बाद जब वे बाहर आए तो उनकी मोटर साइकिल वहां नहीं थी। आसपास खोजबीन करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। किसी अज्ञात चोर ने 01 जनवरी 2025 की रात्रि उनकी मोटर साइकिल चोरी कर ली। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमलाई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान रविवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चोरी गई मोटर साइकिल ईटा भठ्ठा निवासी ईसराईल वंशकार पिता स्व. शारदा वंशकार, उम्र 20 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 15 ईंटा भठ्ठा, अमलाई, मोटर साइकिल चलाते हुए अमराडंडी की ओर गया है। सूचना के आधार पर अमराडंडी वर्कशॉप के पास घेराबंदी कर उक्त आरोपी इसराईल को पकड़ा गया। पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटर साइकिल, कीमती लगभग 35,000 रुपये जप्त की गई है।



# पुलिस द्वारा राजस्थान से नाबालिग बालिका की दस्तयाबी, आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालक/बालिका के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी हेतु समुचित निर्देश दिये गए थे, जिसके तारत्म्य में गोहपारु पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की दस्तयाबी की गई। 12 जनवरी 2025 को थाना गोहपारु अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति द्वारा 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर गोहपारु पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत गोहपारु पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। जिस पर शुक्रवार को नाबालिग बालिका को स्थानीय जिला सीकर, राजस्थान से सुरक्षित दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया। बालिका से पूंछताछ में पता चला कि आरोपी धर्मेन्द्र मोंगिया पिता रघुवीर सिंह मोंगिया उम्र 18 वर्ष एवं आरोपी प्रकाश मोंगिया पिता रघुवीर सिंह मोंगिया उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम ईसरवास थाना लटेरी, जिला विदिशा द्वारा बालिका को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा कर ले गया एवं अपहृता के साथ गलत काम(दुष्कर्म) किया। जिसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# पुलिस द्वारा नाबालिग बालक की दस्तयाबी

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालक/बालिका के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी हेतु समुचित निर्देश दिये गए थे, जिसके तारत्म्य में अमलाई पुलिस द्वारा नाबालिग बालक की दस्तयाबी की गई। 06 जनवरी 2025 को थाना अमलाई अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति द्वारा 11 वर्षीय नाबालिग बालक को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर अमलाई पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत अमलाई पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। जिस पर शनिवार को नाबालिग बालक को स्थानीय बाल कल्याण समीति, पीपलानी, भोपाल (म.प्र.) से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

# तेज रफ्तार बाइक ने चार वर्षीय मासूम को मारी टक्कर,मौके पर हुई दर्दनाक मौत

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

एटा जनपद के अवागढ़ थाना क्षेत्र के बोर्रा गांव में घर के बाहर खेल रहे चार वर्षीय मासूम बच्चे को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी।सड़क हादसे में मासूम बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।बच्चे की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।घटना की सूचना अवागढ़ थाना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही तत्काल अवागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची मृतक मासूम के बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक रितिक पुत्र बबलू अपने घर के बाहर खेल रहा था तभी यू पी 83 बी के 7945 मोटरसाइकिल के चालक ने तेज और लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी।मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



मामले पर थाना प्रभारी अवागढ़ कपिल कुमार नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची तत्काल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।एफ आई आर पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

# मरीज का किया गया आधार अपडेशन का कार्य

**शहडोल।** डाक-सेवा जन-सेवा को धरातल पर लाकर चरितार्थ किया गया। प्रधान डाकघर शहडोल के ग्रामीण डाक सेवक प्रशांत विश्वकर्मा ने सीरियस हार्ट अटैक के मरीज के ईलाज के लिए जरूरी आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवश्यक आधार में मोबाईल अपडेशन का कार्य जयसिंहनगर से आए मरीज हेतराम पयासी का किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मरीज की स्थिति ऐसी थी कि आधार केंद्र तक नही पहुँच सकता था। इस तरह डाक विभाग ने उक्त कार्य करके सभी के बीच मे एक मिसाल कायम किया है।



# जिला पंचायत सरगुजा के लखनपुर क्षेत्र क्रमांक 5 से युवा प्रत्याशी राजेश गुप्ता ने भरा नामांकन

### मेरा नहीं लखनपुर क्षेत्र के जनता की होगी जीत

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**सूरज जायसवाल**

**अम्बिकापुर।** आगामी जिला पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 लखनपुर से जमगला निवासी युवा प्रत्याशी राजेश प्रसाद गुप्ता ने शनिवार को अपना नामांकन दाखिल किया। उनके नामांकन दाखिल करने के बाद स्थानीय क्षेत्र में भारी उत्साह देखा गया। इस युवा प्रत्याशी की दावेदारी ने न केवल क्षेत्रीय राजनीति में हलचल मचा दी है, बल्कि यह पूरे छेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। नामांकन दाखिल करने के बाद राजेश गुप्ता ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जनता ही सर्वोपरि है और इस बार के चुनाव में जनता को अपनी ताकत दिखाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में जिला पंचायत के कई सदस्य चुने गए, लेकिन आज भी स्थानीय समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। लोग बुनियादी सुविधाओं के अभाव से परेशान हैं, गांवों में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की कमी आज भी बनी हुई है।



**युवा शक्ति को मिलेगी प्राथमिकता :** राजेश गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को अब आगे आना होगा और विकास की एक नई नींव रखनी होगी। उन्होंने कहा, 卐मैं जनता का आशीर्वाद लेने आया हूं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि जनता मुझे अपना समर्थन देकर सेवा का अवसर प्रदान करेगी।卐 उन्होंने अपने चुनावी एजेंडे पर बात करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करना रहेगा।

**जनता का अपार समर्थन :** राजेश गुप्ता के नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में उनके प्रति एक सकारात्मक लहर देखने को मिल रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एक युवा प्रत्याशी के रूप में राजेश गुप्ता की उपस्थिति स्थानीय राजनीति में एक नई दिशा देने वाली साबित हो सकती है।

**स्थानीय समस्याओं के समाधान की प्रतिबद्धता :** राजेश गुप्ता ने कहा कि वे न केवल चुनाव जीतने के लिए, बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान करने के संकल्प के साथ मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें सेवा का अवसर देती है, तो वे गांव के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। अब देखना यह होगा कि जनता इस युवा प्रत्याशी को कितना समर्थन देती है और क्या आगामी चुनाव में लखनपुर क्षेत्र के मतदाता एक नई सोच और नई दिशा को अपनाते हैं या पारंपरिक राजनीति को ही प्राथमिकता देते हैं। जिला पंचायत चुनाव की तस्वीर अगले कुछ हफ्तों में और स्पष्ट हो जाएगी।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# डा.रोशन जैकब ने की समीक्षा बैठक,रात में दूधिया प्रकाश बिखेरेगा नैमिष




**सीतापुर** । आयुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ डा0 रोशन जैकब ने नैमिषारण्य के हेलीपोड पहुंचकर नैमिष धाम के पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिए। धीमी प्रगति वाले कार्यों से संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशक्ति बढ़ाते हुये प्रगति में सुधार किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि नियमानुसार प्रक्रिया करते समय से वांछित भूमि कार्यदायी संस्थाओं को उपलब्ध करायी जाये तथा मानकों के अनुसार मुआवजा भी वितरित किया जाये। सभी पक्षकारों के साथ समन्वय बैठक कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने तथा उन्हें योजनाओं के विषय में अवगत कराने ने निर्देश भी मंडलायुक्त ने दिए। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी विभाग समय से सभी आवश्यक प्रक्रिया को पूर्ण कर ले।मंडलायुक्त ने जोर देकर कहा कि नैमिषारण्य क्षेत्र में सभी स्थानों पर होने वाले विकास कार्यों में एकरूपता रखी जाए। पौराणिक महत्व के स्थानों, मुख्य मार्गों एवं प्रमुख स्थलों को आकर्षक बनाते हुए उन पर प्रकाश एवं सजावटी लाइटों आदि का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बाउंड्रीवाल की रंगाई पुताई व पेंटिंग का कार्य आकर्षक व मनमोहक होना चाहिए, जिसमे नैमिषारण्य की महत्ता प्रदर्शित हो। नियमित अंतराल पर साइन बोर्ड एवं संकेतकों का प्रबंध में सुनिश्चित किया जाये।मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी कार्यदायी संस्थाएं एवं विभाग अपनी-अपनी कार्ययोजना व प्रपोजल को एक दूसरे से साझा करें, जिससे कार्य आकर्षक एवं एकरूपता में हो। कार्यदायी संस्थाओं के लेआउट व राजस्व नक्शे का आपस में मिलान कर सभी विसंगतियों को दूर करते हुए कॉरिडोर के निर्माण की कार्ययोजना व प्रस्ताव को अंतिम रूप दिए जाने के निर्देश दिये। कॉरिडोर में बैठने हेतु समुचित बेंच, डस्टबिन, टायलेट, पेयजल, साइन बोर्ड, प्रकाश आदि का प्रबंध किया जाये। उन्होंने पर्यटन विभाग से कराये जा रहे कार्यों के लेआउट का भी अवलोकन किया। मंडलायुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं की समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली तथा उनका समुचित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। 84कोसीय परिक्रमा मार्ग से संबंधित कार्यों को भी समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिये।बैठक के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार, उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, उपनिदेशक पर्यटन कल्याण सिंह व विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सरायन की सफाई कराने की उठी मांग



**सीतापुर।** मछली मंडी पुल से कैंची पुल तक सरायन नदी में सफाई की बहुत जरूरत है अत: सरायन नदी पुनरुद्धार योजना के अंतर्गत मछली मंडी पुल से कैंची पुल तक नदी की सफाई कराई जाए। नदी मार्ग के किनारे किनारे छायादार फलदार वृक्षों का रोपण करके बैठने के लिए सीमेंटेड बेंचो की व्यवस्था की जाए जिससे कि प्रात: काल मॉर्निंग वॉक के लिए बुजुर्ग मे महिलाओं को यहीं पर स्थान उपलब्ध हो सकेगा। नगर विकास राज्य मंत्री ने सभी बिंदुओं पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र ही इस दिशा में संबंधित विभागों को पत्र लिखकर यथाशीघ्र इस कार्य को संपन्न करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बृजेश रस्तोगी ,जगदीश लोधी, राम लखन कश्यप ,मयंक शंकर गुप्ता, हर्षल जायसवाल सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

## सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला बजट-अभिषेक गुप्ता



**सीतापुर** । मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट आज संसद में पेश किया गया. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार आज 8वीं बार बजट पेश कर इतिहास रचा. वित्त मंत्री ने आम लोगों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं. खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने बजट का स्वागत करते हुए बताया यह बजट युवा, गरीब, किसान, महिलाओं के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला है. खासकर मिडिल क्लास के योगदान का ध्यान रखते हुए यह बजट अभूतपूर्व तोहफा लेकर आया है. बारह लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर आयकर से राहत दिए जाने के निर्णय उत्साहजनक है. मैं पीएम नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को एक शानदार बजट पेश करने के लिए बधाई देना चाहता हूं।

## पीडीए पखवाड़ा के तहत की गई बैठक



**गोंदलामऊ-सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर चल रहे पीडीए पखवाड़ा अभियान के तहत तेरवा गांव में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन तेरवा सेक्टर अध्यक्ष नेकराम अर्कवंशी की अध्यक्षता में किया गया। ब्लाक के गांव तेरवा में पीडीए पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान सिधौली विधानसभा अध्यक्ष रमेश यादव ने समाजवादी पार्टी की नीतियों को सभी का समान अधिकार सभी को समान शिक्षा का अधिकार देने की बात करती है। सभी बेरोजगार को रोजगार उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा पर भी तंज कसा।विधानसभा उपाध्यक्ष जीतू सिंह, विधानसभा कोषाध्यक्ष राजेश शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष महिला सभा वंदना यादव, धरौली सेक्टर अध्यक्ष लवकुश शुक्ला, तेरवा सेक्टर अध्यक्ष नेकराम अर्कवंशी, राम शंकर वर्मा, सतीष राठौर, जीतेन्द्र शुक्ला, महावीर, नंद कुमार, सरवन अर्कवंशी, लवकुश चैरसिया, सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## सुहेल देव जयन्ती पर निकाली गई बाइक रैली

सिधौली -सीतापुर। महाराजा छीतापासी और महाराजा सुहेल देव की जयंती के अवसर पर रविवार को एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी के नेतृत्व में रैली बेहमा चैराहे से आकर कस्बे के महमूदाबाद चैराहे पर लखनऊ से आ रहे लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। लखनऊ आर्मी और पासी समाज के सैकड़ों सदस्यों ने रविवार को बाइक रैली बेहमा चैराहे से निकाल कर सिधौली कस्बे के महमूदाबाद चैराहे पर मस्जिद के सामने पहुंच लखनऊ से आ रहे लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी का समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया।

## मिश्रिख में खुलेआम हो रहा खनन जिम्मेदार बने अंजान



**मिश्रिख सीतापुर** । एक तरफ प्रदेश सरकार की ओर से अवैध मिट्टी खनन पर अंकुश लगाने के लिए हर दिन नए नए कानून बनाकर खनन रोकने के प्रयास किये जा रहे है। वही मिश्रिख के खनन माफियाओ पर उसका कोई असर नही हो रहा है , जिले भर में अवैध खनन की शिकायतें आये दिन सामने आती रहती हैं। लेकिन प्रशासन खनन माफियाओं पर कार्यवाही हेतु कोई ठोस कदम नही उठा रहा, इसी के चलते मिश्रिख क्षेत्र में धड़ल्ले से प्रकृति का दोहन लगातार जारी है,आये दिन मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली बिना किसी रोक टोक सड़कों पर फर्राटे काटती नजर आती है रास्ते मे चैकी कोतवाली तहसील के गेट से होकर निकलती है। लेकिन इस पर कोई भी अधिकारी ध्यान नही दे रहे। ताजा मामला मिश्रिख कुतुब नगर मार्ग पर नहर चैराहे से महज पाँच सौ मीटर की दूरी पर दिन दहाड़े जेसीबी और कई ट्रैक्टरों के माध्यम से खनन किया जा रहा है। वही खुद को हर समय मुस्तैद बताने वाली पुलिस व प्रशासन को इसकी भनक तक नही जबकि ट्रैक्टर तहसील व कोतवाली के गेट से होकर गुजर रहे हैं और नियमों को धता बता रहे हैं। वही इस सम्बन्ध में जब उपजिला अधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सैना से फोन करके वार्ता की गई तो उन्होंने देखवाने की बात कही थी लेकिन उसके बाद भी खनन लगातार हो रहा था।

## बलियापुर में चल गया श्रमिक उपस्थित में फोटो से फोटो वाला खेल

### ग्राम पंचायत में आईये तो होती है बात - प्रधान सर्वेश मिश्रा





**सीतापुर** । मनरेगा में फोटो से फोटो खींचकर श्रमिकों की उपस्थिति लगना जिले में चर्चाओं का विषय बना हुआ है जिसकी रोकथाम को लेकर शासन एवं प्रशासन लगातार कवायद कर रहा है लेकिन फिर भी ग्राम सभा स्तर पर कुछ इस प्रकार का मामला प्रकाश में आना साफ तौर पर भ्रष्टाचारियों के मंसूबों की ओर स्पष्ट संदेश दे रहा है । भ्रष्टाचारी लगातार शासन एवं प्रशासन की विकास नीति को जमीदोज करते हुए मालामाल होने के सपने देख रहे हैं शायद यही कारण है जिसकी वजह से कर्मचारी श्रमिकों की उपस्थिति को फोटो से फोटो खींचकर लग रहे हैं गौरतलब हैं कि मिश्रिख ब्लाक की ग्राम सभा बलियापुर में दिनांक 02ध्02ध्2025 को श्रवण के खेत से विकास के खेत तक चक मार्ग निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें मास्टर रोल संख्या 15569 से लेकर 15574 तक 47 श्रमिक उपस्थित दिखाए जा रहे हैं जिसमें श्रमिकों की उपस्थिति को फोटो से फोटो खींचकर लगाई जा रही है । जिसको मनरेगा की साइट पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है ऐसे में जब व्यवस्था ऑनलाइन है फिर भी इस प्रकार का कार्य विकास कार्यों में चल रहा है तो विकासकार्य शासन की मंशा को कैसे सफल बना पाएंगे यह सवाल जनता के बीच घूम रहा है । वही जब पूरे मामले की हकीकत जानने के लिए ग्राम सभा के प्रधान सर्वेश मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने ग्राम सभा आकर बात करने को कहा ।

## अपंजीकृत वसीयत के आधार पर युवक को बना दिया बेसकीमती भूमि का मालिक

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर राजस्व कर्मियों द्वारा मनमाने ढंग से किसी की भुमि किसी के नाम खेतौनी में दर्ज किए जाने का मामला प्रकाश में आया किंधौलिया निवासी की भूमि गाटा संख्या 124 रक्बा 0.724है0के मूल खातैदार उक्त भूमि के लिए दर-दर भटकरहे और अपंजीकृत वसीयत के आधार पर वेशकीमती लाखों की भूमि को राजस्व कर्मियों ने शिवनारायण पुत्र दीनदयाल को बना दिया मालिक उक्त प्रकरण की शिकायती प्रार्थना पत्र शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील के ग्राम किंधौलिया निवासी चयनित ग्राम पंचायत सदस्य मूलचंद्र गौतम पुत्र स्व. रमई ने शिकायती पत्र में बताया कि भूमि गाटा संख्या 124 रकबा 0.724 हे. के मूल खातेदार किंधौलिया निवासी स्वर्गीय दूबरि पुत्र परागी पासी की मृत्यु हो चुकी है। उनके मृत्यु के समय उनके दो नाबालिग लड़के व बेवा जीवित थे। जिनकी वरासत सुपरवाइजर, कानूनगो ने जरिए पा क 11 उनके नाम कर दिया था जो खतौनी में दर्ज है परन्तु जायज वारिस वारिस जीवित होने के बावजूद अब तक का बने गोपाल नारायण पुत्र दीनदयाल गड़रिया ने सिधौली, किंधौलिया मार्ग के किनारे स्थित वेशकीमती भूमि को हड़पने के लिए योजनाबद्ध तरीके से अपने बड़े भाई शिवनारायण पुत्र दीनदयाल जो स्थानीय तहसील में उस समय स्टांप विक्रेता थे जिनका लाइसेंस न. 75 था से अपंजीकृत वसीयत लिखवाकर अपने को मृतक दुबारि का भांजा बनकर न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया। जिसमें अपने बयान में दूबरि मृतक का भांजा बताने के साथ ही अपनी जाति भी पासी बताया था तथा मृतक दूबरि पासी की बेवा व बच्चों पर आतंकवाद कहर ढा दिया और कहा यदि गांव से बच्चों सहित पलायन नहीं कर जाती हो तो तुम्हारे दोनों बच्चों को जिंदा नहीं छोडूंगा। अनपढ़ देहाती, अनुसूचित जाति की महिला काफी डर गई और गांव से पलायन कर गई तभी से गोपाल नारायण गड़रिया अवैध रूप से वादीय भूमि पर काबिज है। आपत्तिकर्ता ने आरोप लगाते हुए बताया कि वाद भूमि गाटा संख्या 124 संपूर्ण में आलू की फसल खड़ी है। जिसको सरकार के पक्ष में लेकर सुपुर्दगार नियुक्त करने के लिए नायब तहसीलदार प्रथम को 26 दिसंबर 2024 को प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर अभी तक कोई प्रभावी कारवाई नहीं की गई है। आपत्तिकर्ता ने उच्च अधिकारियों से मामले की विधिवत जांच कर तत्काल गाटा संख्या 124 रकबा 0.724 हे. संपूर्ण में खड़ी आलू की फसल को सरकार के पक्ष में लेकर सुपुर्दगार नियुक्त करने की मांग की है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना मछरेहटा पुलिस टीम -थानाध्यक्ष अमित कुमार, व.उ.नि. मनोज कुमार सिंह, हे.का. मो.आफाक, का.कालीचरन द्वारा मु0अ0सं0 21/2025 धारा 109(1) बी एन एस में वांछित अभियुक्त विकास दीक्षित उर्फ बिक्कू पुत्र लालता प्रसाद दीक्षित उर्फ बब्बू नि.फिरोजपुर थाना मछरेहटा सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी निशानदेही पर 01 अदद अवैध तमंचा व एक अदद खोखा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। बरामदगी के संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत धारा बढ़ोत्तरी करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराध एवम् अपराधियों के विरुद्ध निरंतर एवम् प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार चलती रहेगी।

## सांसद राकेश राठौर का सैम्पल भेजा जायेगा विधि विज्ञान प्रयोगशाला, सुनवाई आज

### सांसद द्वारा की गई वार्ता की रिकार्डिंग भी जायेगा प्रयोगशाला

सीतापुर। शहर कोतवाल अनूप शुक्ला द्वारा सांसद राकेश राठौर की विवेचना तेज कर दी गई है। सांसद की सुनवाई आज लगी हुई है तो वहीं विवेचक अनूप शुक्ला की अर्जी पर अदालत ने सांसद के वाइस सैम्पल करवाने की इजाजत दे दी है। इसके अलावा सांसद राकेश राठौर की पीड़िता से हुई बातचीत की वायरल रिकॉर्डिंग को भी विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजे जाने की कवायद शुरू कर दी गई है। अमूमन इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों में छेड़छाड़ की आशंका होती है। इसलिए पुलिस विधिक प्रकिया को अपनाते हुए ऑडियो की पुष्टि कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि रिकॉर्डिंग में कोई छेड़छाड़ तो नहीं की गई है। इसके साथ ही आरोपी सांसद का वाइस सैंपल भी लिया जाएगा। वायरल हुई रिकॉर्डिंग व वाइस सैंपल का मिलान कराया जाएगा। कारागार में निरुद्ध सांसद तक इस अर्जी की एक प्रति भी पहुंचा दी गई है। शहर कोतवाल व विवेचक अनूप शुक्ला ने बताया कि सीजेएम न्यायालय में वाइस सैंपल के लिए पत्र भेजा गया है। अनुमति भी मिल गई है। आरोपी सांसद से भी उनकी इच्छा पूछी जाएगी कि वह वाइस सैंपल देना चाहते हैं कि नहीं। अगर वह मना करते हैं, तो यह मान मिला जाएगा कि आवाज उनकी ही है। इसकी रिपोर्ट विवेचना में दाखिल की जाएगी। कोर्ट ने तीन जनवरी तक सांसद को इस पर अपना पक्ष बताने को कहा है।चार फरवरी को सांसद की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी है।

# बदलते मौसम का असर पड़ता फसलों पर- जिला कृषि अधिकारी

**सीतापुर** । मौसम के तापमान में उतार-चढाव के साथ साथ वातावारण मे आर्द्धता बढ़ने के कारण रबी की फसलों मे कीट/रोग के प्रकोप की सम्भावना बढ़ जाती है। अत: यह नितान्त आवश्यक है कि इन सामयिक कीट/रोगों की पहचान कर इनसे होने वाली क्षति से बचाव हेतु निम्नलिखित सुझाव एवं संस्तुतियों की एडवाइजरी जारी की जा रही है:। यह जानकारी देते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिव शंकर ने बताया कि इस कीट के शिशु एंव प्रौढ़ पौधों के कोमल तनों, पत्तियों, फूलों एवं नई कलियों का रस चूसकर कमजोर कर देते है। कीट मधुस्राव भी करते है, जिस पर काली फूफँद उग जाती है। जिससे प्रकाश संलेषण में बाधा उत्पन्न होती है जिससे पौधे को पर्याप्त भोजन नही मिल पाता है। इसके नियंत्रण हेतु एजाडिरैक्टिन 0.15 प्रति0 ई0सी0 की 2.5 लीटर मात्रा को पानी मे घोलकर छिड़काव करें। रासायनिक नियंत्रण हेतु डाईमैथोएट 30प्रति0 ई0सी0, आक्सीडेमेटान-मेथाइल 25प्रति0 ई0सी अथवा क्लोरपायरीफास 20 प्रति0 ई0सी की 01 लीटर मात्रा को 600-750 लीटर पानी मे घोलकर प्रति हेक्टयर की दर से छिड़काव करें।इस रोग में पत्तियों पर दोनों तरफ गहरे भूरे रंग की धब्बे दिखाई देते है जिसमें गोल-गोल झिल्ली जैसे स्पष्ट नजर आता है जो कि आगे चलकर तने एवं फलियों पर भी फैल जाता है इसके नियंत्रण हेतु मैन्कोजेब 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 अथवा जिनेब 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 की 02 किग्रा0 अथवा कापर ऑक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्लू0पी0 की 3.0 किग्रा0 मात्रा प्रति हेक्टयर की दर से लगभग 600-750 लीटर पानी मे घोलकर प्रति हेक्टयर की दर से छिड़काव करें।सेमीलूपर: इस कीट के नियंत्रण हेतु 50-60 बर्डपर्चर प्रति हे0 की दर से लगाना चाहिए, जिस पर चिड़िया बैठकर सूडियों को खा सके। इस कीट के जैविक नियंत्रण हेतु बैसिलस ध्युरेंजिनसिस (बी0टी0) की कसंटकी प्रजाति 1.0 किग्रा0 अथवा एजाडिरैक्टिन 0.03 प्रतिशत डब्लू0 एस0 की 2.5-5.0 किया 500-600 लीटर पानी में घोलकर प्रति हे0 की दर से छिडकाव करना चाहिए। कीट के रासायनिक नियंत्रण हेतु क्यूनालफॉस 25 प्रतिशत ई0सी0 2.0 लीटर मात्रा को 500-600 लीटर पानी में घोलकर प्रति हे0 की दर से छिडकाव करें। गेहूँ में पीली गेरूई रोग के लक्षण सर्वप्रथम पत्तियों पर पीली रंग की धारी के रूप में दिखाई देते है। रोग के लक्षण मुख्यत: ऊपरी पत्तियों तथा कभी-कभी अत्याधिक प्रकोप की दशा में पर्ण कंचुल (लीफ शीथ) पर दिखाई देते है। इन पत्तियों को हाथ से छूने पर उगलियों पर पीले रंग का पाउडर लग जाता है प्रकोप की दशा में पौधे कमजोर व अल्प विकसित होते है जिससे बालिया छोटी व दाने सिकुड़ जाते है जिसके नियंत्रण हेतु प्रोपिकोनाजोल 25 प्रति ई0सी0 500मिली0/हे0 की दर से 400-500 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टयर की दर से छिड़काव करे। आम का मिलीबग कीट के शिशु तथा प्रौढ दोनों ही बौर एवं फलों के वृन्त से रस चूस लेते हैं जिससे भारी नुकसान होता है। इसके नियंत्रण हेतु आम के तने के चारों ओर गहरी गुडाई कर देना चाहिए तथा 400 गेज मोटी पोलोथिन की 30 सेंटीमीटर चैडी पट्टी तने के चारों ओर लपेटकर उस पर ग्रीस का लेप लगा देना चाहिए। यदि मिलीबग ऊपर तक चढ़ गये हो तो क्यूनालफास 25 प्रतिशत ई0सी0 2.0 मिली0 अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस0एल0 2-4 मिली प्रति पेड़ 10ली0 पानी में घोलकर छिडकाव करना चाहिए। मक्का तना बेधक के कीट का 10 प्रतिशत मृतगोभ का आर्थिक क्षति स्तर का प्रकोप दिखाई देने पर डाईमेथोएट 30 प्रतिशत ई0सी0 अथवा क्लोरेन्ट्रानिलीप्रोल 200 मिली0 अथवा इन्डोक्साकार्ब 500 मिली प्रति हेक्टेयर की दर से 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।फाल आर्मी वर्म के कीट के प्रकोप से बचाव हेतु 20-25 पक्षी आश्रय (बर्ड पर्चर) तथा 3-4 को संख्या में लाइट ट्रैप लगाकर आसानी से प्रबन्धन किया जा सकता है। फेरोमोन टैप 35-40 प्रति हेक्टयर की दर से लगा कर भी इसका नियंत्रण किया जा सकता है। 10-20 प्रतिशत क्षति लक्षित होने पर रासायनिक नियंत्रण का प्रयोग करना चाहिए। इस हेतु क्लोरेन्ट्रानिलीप्रोल 18.5 प्रतिशत एस0सी0 0.4 मिली0 अथवा इमामक्टिन बेंजोएट 0.4 ग्राम अथवा थायामेथोक्साम 12.6 प्रतिशत अथवा लैम्ब्डासाईहेलोथिन 9.5 प्रतिशत 0.5 प्रति लीटर पानी की दर से घोंल बनाकर छिडकाव करना चाहिए।

# सब कुछ सुधर सकता है लेकिन समाजवादी पार्टी की प्रवृत्ति नहीं: सीएम योगी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो




**अयोध्या।** रविवार को मिल्कीपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के सम्मान का वास्ता देकर भाजपा उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान के लिए वोट मांगा और सपा पर जमकर प्रहार किया।अयोध्या में हुए गोलीकांड की याद दिलाते हुए उन्होंने सपा को सनातन विरोधी बताया। कहा, सपा को 'गाजी' और 'पाजी' (बदमाश) प्रिय हैं। उन्होंने सांसद अवधेश प्रसाद पर भी जमकर निशाना साधा। कहा कि विधानसभा उत्तर प्रदेश चुनाव के दौरान दरिंदे नेता ने मैनपुरी में दलित बेटी की गला घोंटकर हत्या की थी।

मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर साधा निशाना: अयोध्या में कल बेटी के साथ घटना हुई है और इनके (सपा) सांसद नौटंकी कर रहे हैं। जांच होगी तो इसमें भी सपा का कोई दरिंदा सम्मिलित होगा। सीएम ने सपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सब कुछ सुधर सकता है, लेकिन समाजवादी पार्टी की प्रवृत्ति नहीं। इनका पेशा अपराध, गुंडागर्दी, बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाना है।सीएम ने सपा की तुलना कुत्ते की पूंछ से की, जो कभी सीधी नहीं होती। मिल्कीपुर के रामगंज स्थित माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज के सामने स्थित मैदान में उन्होंने कहा कि वे परेशान हैं कि डबल इंजन सरकार ऐसे ही कार्य करेगी तो सपा का धंधा चौपट हो जाएगा। धंधा चौपट होने से उनकी पार्टी भी चौपट हो जाएगी।उन्होंने कहा कि जिसे विकास का मॉडल देखना हो वह अयोध्या आए। साल 2016 में अयोध्या में दो लाख 35 हजार पर्यटक आए थे और 2024 में 16 करोड़। सीएम ने मिल्कीपुर का अयोध्या जैसा विकास करने का भरोसा भी दिया। योगी ने कहा कि सपा केवल सैफई का विकास करती है, लेकिन भाजपा शासन में गोरखपुर और काशी से अधिक अयोध्या का विकास हुआ। कोई भेदभाव नहीं हुआ।मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने यूपी में पीएसी की तीन महिला बटालियन वीरांगना ऊदा देवी, झलकारी बाई, और अवंती बाई लोधी के नाम पर गठित कीं तो सपा ने उसका भी विरोध किया। सपा ने बहराइच में महाराजा सुहेलदेव के विजय स्मारक का विरोध किया। सपा को बेटियों की इज्जत पर हाथ डालने वाला भदरसा का मोईद खान और कन्नौज का नवाब सिंह यादव प्यारा है।

**2017 के बाद की अयोध्या में बहुत अंतर है- योगी** सपा विपन्न, किसान, बेटी-बहन, व्यापारी, युवा के साथ नहीं, बल्कि माफिया, दुष्चरित्र व पेशेवर अपराधी के साथ खड़ी होती है। कोई घटना घटित होती है तो सपा का हाथ होता है या वह षड़यंत्र में शामिल रहती है। उन्होंने लोगों से पूछा कि 2017 से पहले और बाद की अयोध्या में अंतर है अथवा नहीं।प्रत्येक दिन अयोध्या में जनसैलाब उमड़ रहा है। उन्होंने कहाकि सपा ने अयोध्या एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि करने, बहराइच में महाराज सुहेलदेव के स्मारक को भव्य रूप देने, प्रयागराज महाकुंभ का विरोध किया। सपा शासन में कन्नौज मेडिकल कालेज के नाम से डॉ. अंबेडकर का नाम हटा दिया गया था। भाजपा सरकार बनने के बाद दोबारा मेडिकल कालेज का नाम डॉ. अंबेडकर किया गया।सीएम ने मतदान के 24 घंटे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रत्येक मतदाता से संपर्क करने का आह्वान किया। कहा, सभी कार्यकर्ता मतदान की तैयारी में जुट जाएं।

# महेंद्र कुमार कनौजिया को कॉमेडी एचडी की उपाधि

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर** नगर। आरआरपीजी कॉलेज अमेठी के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुरेन्द्र प्रताप यादव के कुशल मार्गदर्शन में महेंद्र कुमार कनौजिया को हिन्दी विषय में पी-एच?डी की मौखिक परीक्षा प्रोफेसर जितेन्द्र श्रीवास्तव हिन्दी विभाग ब्लॉक -एफ इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय मैदानगढ़ी नई दिल्ली द्वारा सकुशल सम्पन्न कर पी-एच?डी?की उपाधि प्राप्त हुई है। जिनकी प्रारम्भिक शिक्षा राजा राम साहू विद्या मंदिर सैदापुर एवं हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शिक्षा आर?डी?आर?के?इन्टर कॉलेज सिसानी जाफरगंज अम्बेडकर नगर तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्री बी?एन?के?बी?पी?जी? कॉलेज अकबरपुर अम्बेडकर नगर से तथा बी?एड? की डिग्री संस्कार विद्या भारती मेरठ से प्राप्त हुई उन्होंने 2014 ई?में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के तहत जे?आर?एफ?उत्तीर्ण कर डॉ? राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से विषय - हिन्दी उपन्यासों में आदिवासी विमर्श में शोध कार्य प्रारंभ किया । प्रयागराज में अध्ययनरत महेंद्र कुमार कनौजिया का चयन प्रशिक्षित स्नातक पद पर सुभाष इन्टर कॉलेज सरैया गोसाईगंज अयोध्या में अपनी सेवाएं दे रहे हैं ग्राम व पोस्ट -सिकरोहर अम्बेडकर नगर के मूल निवासी महेंद्र कुमार कनौजिया अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता कृष्णावती पिता श्री ओम प्रकाश कनौजिया पत्नी गीता कुमारी भाई अरूण कुमार जितेंद्र कुमार एवं अभिषेक कुमार बहन आरती अंजु भांजे अंश और प्यारी बिटिया माही तथा परिवारजनों का सहयोग एवं समस्त गुरुओं तथा प्रोफेसर शैलेन्द्र मिश्रा, प्रोफेसर मंशाराम वर्मा प्रिय मित्र प्रोफेसर संतोष सरोज, प्रोफेसर प्रसेनजीत सागर, डॉ नरेन्द्र डॉ मनोज, डॉ पिविन विक्रम सिह डॉ रंजीत वर्मा डॉ पूजा वर्मा डॉ संजय वर्मा , पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम चन्द्र गोंड,आदर्श चौधरी कजरी,राम उग्रह चौधरी ,डॉ अमरजीत,डॉ बालकृष्ण चौधरी ,रामभेज यादव जितेन्द्र कुमार कनौजिया ,संजय कनौजिया,दुर्गेश राजभर एवं समस्त मित्रगण तथा सुभाष इन्टर कॉलेज सरैया के प्रधानाचार्य देवव्रत सिंह, डॉ राम सिंह, संजय बारी,दिनेश विश्वकर्मा, विशाल विश्वकर्मा,दिनेशचंद्र अनिल कुमार, रणधीर ,के के सिंह, एस पी सिंह अभिनव सिंह ,राघवेन्द्र प्रताप सिंह अरुण कुमार सिंह, सुधा सरोज,अजय कुमार शुक्ल,अभिषेक सिंह अखण्ड प्रताप सिंह, संग्राम यादव, धर्म राज,सुरेन्द्र प्रताप सिंह,विनोद तिवारी एवं समस्त स्टाफगण आदि मित्रों ने बधाई दी है।

# चिकित्सक ने किशोरी से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर । इलाज के दौरान चिकित्सक ने किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया।अकबरपुर के एक मुहल्ले की किशोरी घर के नजदीक स्थित सरकारी अस्पताल में इलाज कराने अपनी मां के साथ जाती थी। इस दौरान चिकित्सक डा. इंद्रेश यादव ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं चिकित्सक ने अपने गांव सुलतानपुर जिले के बबुरा सेमरी ले जाकर वहां भी कई बार संबंध बनाया। चिकित्सक वर्तमान में बेवाना सीएचसी पर तैनात है। महिला ने बेटी के साथ कोतवाली पहुंचकर नामजद तहरीर दी। निरीक्षक श्रीनिवास पांडेय ने बेवाना सीएचसी से चिकित्सक को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि आरोपित को। न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# ब्लॉक परिसर में महिला पुरुष शौचालय बन जाने से जरूरतमंदों को मिलेगी निजात

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर ।** मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला के निर्देशन की कड़ी में ब्लॉक जलालपुर परिसर में महिला पुरुष शौचालय का निर्माण शुरू हो गया है अब ब्लॉक परिसर में महिला पुरुष शौचालय हो जाने से जरूरतमंदों को समस्या से निजात मिलेगी खंड विकास अधिकारी रामविलास ने निर्माणाधीन शौचालय स्थल पर जाकर मजदूरों से जानकारी ली और 2 दिन में शौचालय का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया खंड विकास अधिकारी रामविलास ने बताया कि निर्माण कार्य की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत अधिकारी राजित राम यादव को दी गई है और समय रहते पूरा करने का निर्देश दिया गया है गौरतलब हो कि विगत तीन जनवरी शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने विकासखंड मुख्यालय के विभिन्न कार्यायलयों पटलों एंव परिसर का निरीक्षण किया था जिसमें महिला पुरुष शौचालय न होने से नाराजगी जताई थी और 3 दिन में शौचालय निर्माण करने का निर्देश दिया था जिसकी कड़ी में अलग-अलग महिला पुरुष शौचालय का निर्माण शुरू किया गया है ब्लॉक परिसर में महिला पुरुष शौचालय हो जाने से अब जरूरतमंदों को समस्या से निजात मिलेगी।

# विश्व वेटलैंड दिवस का भव्य आयोजन

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो




**अम्बेडकर नगर।** वन विभाग द्वारा भदौना वेटलैंड में विश्व वेटलैंड दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वेटलैंड्स (आर्द्रभूमियों) के पर्यावरणीय महत्व और उनके संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी डॉ उमेश तिवारी, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनका क्षेत्रीय वन अधिकारी अकबरपुर नागेंद्र कुमार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, छात्रों और कई गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**पक्षी अवलोकन सत्र से हुई कार्यक्रम की शुरुआत:** कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्रीय वन अधिकारी बसखारी शैलेश के मार्गदर्शन में आयोजित पक्षी अवलोकन सत्र से हुई। इस दौरान, एस. पी एस. इंटर कॉलेज, अकबरपुर के छात्रों को भदौना वेटलैंड में मौजूद विभिन्न स्थानीय और प्रवासी पक्षियों को देखने और उनकी प्रजातियों की पहचान करने का अवसर मिला। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों में पक्षी संरक्षण और जैव विविधता के महत्व को समझाना था।

छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित : पक्षी अवलोकन के बाद, छात्रों के बीच विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।जिनमें चित्रकला प्रतियोगिता जिसमें छात्रों ने वेटलैंड संरक्षण और प्रकृति से जुड़े सुंदर चित्र बनाए। प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता जिसमें वेटलैंड्स, जैव विविधता और पर्यावरणीय विषयों पर प्रश्न पूछे गए। निबंध लेखन प्रतियोगिता जिसमें छात्रों ने वेटलैंड्स के महत्व और उनके संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए।चित्र कथा (पिक्चर स्टोरी टेलिंग) प्रतियोगिता जिसमें छात्रों ने वेटलैंड्स से जुड़ी कहानियाँ सुनाई और उनके संरक्षण के बारे में बताया। प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और संरक्षण में भागीदारी की प्रेरणा मिली।

वेटलैंड्स के महत्व पर विशेष सत्र: इस अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी डॉ उमेश तिवारी ने वेटलैंड्स के महत्व और उनके संरक्षण की विज्ञानसम्मत तकनीकों पर एक विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि वेटलैंड्स न केवल जैव विविधत्ता के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण, बाढ़ नियंत्रण और जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने वेटलैंड संरक्षण के लिए स्थानीय समुदायों की भागीदारी पर विशेष जोर दिया और सभी को पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आने का संदेश दिया।

गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति : इस कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें एस. पी एस. इंटर कॉलेज, अकबरपुर के प्रधानाचार्य, बलरामपुर चीनी मिल के एच आर अधिकारी,

फतेहपुर बेला ग्राम सभा के ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार चौरसिया, मोहरापारा के ग्राम प्रधान रामदेव और नंदूपुर ग्राम सभा के ग्राम प्रधान शिव शंकर प्रधान, रमेश मत्स्य अध्यक्ष भदौना वेटलैंड,

क्षेत्रीय वन अधिकारी जलालपुर स्नेह कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी टांडा अनुराग आनंद और क्षेत्रीय वन अधिकारी बसखारी शैलेश मौजूद रहे।

**कार्यक्रम संचालन और समापन:** कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका तिवारी द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संयोजित किया। कार्यक्रम के सफल प्रबंधन हेतु जिला परियोजना अधिकारी सत्यम श्रीवास्तव और जूनियर रिसर्च फेलो शुभम सिंह को क्षेत्रीय वन अधिकारी अकबरपुर नागेंद्र कुमार द्वारा धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम का समापन वन विभाग द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और स्थानीय समुदाय का आभार व्यक्त करने के साथ सूक्ष्म जलपान वितरित कर हुआ। यह आयोजन छात्रों और समुदाय के बीच वेटलैंड संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा और भविष्य में इस तरह के प्रयासों को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# खंड विकास अधिकारी भीटी ने दी जेल भेजने की धमकी, प्रार्थना पत्र किया वापस

## मुख्यमंत्री को ऑनलाइन प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही किए जाने की मांग

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के भीटी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़ित महिला को खंड विकास अधिकारी भीटी ने दी जेल भेजने की धमकी और प्रार्थना पत्र किया वापस भीटीअंबेडकर नगर। बीते संपूर्ण समाधान दिवस में भीटी तहसील में प्रार्थना पत्र देने गई पीड़ित महिला चम्पा देवी उर्फ केवल पति पत्नी श्री राम निवासी अढनपुर का प्रार्थना पत्र खंड विकास अधिकारी भीटी के द्वारा वापस करते हुए उसे जेल भेजने की धमकी दी गई इससे आहत पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ऑनलाइन प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अढनपुर गांव में दीवानी न्यायालय में विवादित एक मकान पर ग्राम पंचायत अधिकारी रंजन मौर्य और गांव के पूर्व प्रधान के पुत्र गुडलक सिंह जबरदस्ती जाकर फोटो खींचने लगे जिसका पीड़ित महिला चंपा देवी ने विरोध किया इस मकान पर दीवानी न्यायालय में मुकदमा चल रहा है फैसला होने के पहले इस पर सरकारी आवास नहीं बनवाया जा सकता उसके विरोध करने पर कुपित होकर पूर्व ग्राम प्रधान के पुत्र और ग्राम पंचायत अधिकारी के द्वारा महिला को गंदी-गंदी गालियां दी गई और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा गया की जबरदस्ती आवास बनवाएंगे तुमको जो करना हो कर लो इसकी शिकायत लेकर महिला थाना भीटी गई तो वहां से भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। फिर उसके बाद महिला ने तहसील दिवस में उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया तो उप जिला अधिकारी ने प्रार्थना पत्र खंड विकास अधिकारी भीटी को दे दिया और खंड विकास अधिकारी ने महिला को जेल भेजने की धमकी देते हुए कहा अपना प्रार्थना पत्र लेकर चली जाओ नहीं तो मैं तुम्हें जेल भेज दूंगा योगी आदित्यनाथ की सरकार में संपूर्ण समाधान दिवस में इस तरह का रवैया बहुत ही सर्वनाक है खंड विकास अधिकारी भीटी की कार्य प्रणाली से नाराज महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके कार्यवाही की मांग की है अब देखना है इस मामले में कोई कार्यवाही होती है या दबंग की दबंगई ही चलती रहेगी।

# अयोध्या सपा सासंद अवधेश प्रसाद का फफक - फफक कर का रोने वाला वीडियो वायरल

**अगर न्याय नहीं मिला तो मैं इस्तीफा तक दे दूंगा...**



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उस वीडियो में अवधेश प्रसाद फफक - फफक कर रो रहे हैं, उनके आंखों से आंसू टपकना बंद नहीं हो रहे। अयोध्या में एक दलित युवती के साथ रेप और फिर हत्या का मामला सामने आया था, उसी केस में अवधेश प्रसाद ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की थी। अब उसी मुलाकात का जिक्र करते हुए अवधेश प्रसाद मीडिया के सामने रोने लगे।

अवधेश प्रसाद क्यों रोए, यहां जाने : वायरल वीडियो में दिख रहा है कि पूर्व सांसद पवन पांडेय, अवधेश प्रसाद को संभालते हुए दिख रहे हैं। लेकिन अवधेश प्रसाद के आंसू रुकने का काम नहीं ले रहे। मीडिया से बात करते हो अवधेश प्रसाद ने कहा कि मैं हर कीमत पर इस मुद्दे को लोकसभा में मोदी के सामने उठाऊंगा, अगर न्याय नहीं मिला तो मैं इस्तीफा तक दे दूंगा। हम बेटी की इज्जत बचाने में नाकामयाब हो रहे हैं, खुद सोचिए इतिहास हमारे बारे में क्या कहेगा, यह हिंदुस्तान की सबसे दर्दनाक

# थानाअध्यक्ष हंसवर का नया कारनामा पीड़ित को थाना हंसवर का करवा रहे परिक्रमा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के हंसवर थाना क्षेत्र ग्राम फिदई गनेशपुर में नाली को लेकर कई महीनो से नाली व खड़ंजे को लेकर विवाद चल रहा था पीड़ित रेखा पांडेय पत्नी दयाशंकर पांडेय को विपक्षी राजमोहन पुत्र रामनाथ अस्मित वर्मा पुत्र नरेंद्र, प्रदीप वर्मा पुत्र सभाजीत व उनकी पत्नी उषा देवी पत्नी शिवपूजन, हिमांशु पुत्र जयराम , नरेंद्र वर्मा पुत्र राम कुमार शनिवार नाली के चेम्बर को मिट्टी डालकर बन्द कर रहे थे पीड़ित रखा पांडेय ने जब माना किया तो पक्षियों ने पहले तो मां बहन की भद्दी - भद्दी गालियां और जान मारने धमकी देते हुए मारने के दौड़ा लिए थे दिनांक 29/01/2025 को समय लगभग 6 बजे विपक्षियों ने मिट्टी गिरवा रहे थे पीड़ित ने मना किया किया तो विपक्षीगण लाठी डण्डा लेकर पीड़ित रेखा पांडेय पत्नी दयाशंकर पांडेय के बेटियां अंसिका पांडेय , प्रतिभा पांडेय को दौड़ाकर घर में घुस गए लाठी डण्डा से मारने लगे अस्मित वर्मा , हिमांशु , प्रदीप पीड़ित के बेटियों के साथ जबरदस्ती छेड़खानी व दुष्कर्म करने का प्रयास किया जिसको लेकर पीड़िता थाने पर एप्लीकेशन दिया लेकिन थानाअध्यक्ष ने अभी तक उसे पर कोई कार्रवाई नहीं की जिससे पीड़िता हैरान और परेशान हैं पीड़िता ने थाना अध्यक्ष के ऊपर आरोप लगाया कि थानाध्यक्ष दबाव बना रहे हैं की छेड़खानी का मामला निकाल दीजिए एफआईआर दर्ज कर लूंगा पीड़ित दर-दर भटकने पर मजबूर है यह है थाना हंसवर का कारनामा फिलहाल पीड़िता ने बताया अगर थानाध्यक्ष के द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है तो मैं पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर की चौखट पर न्याय की गुहार लगाने जाऊंगा फिर हाल देखना यह होगा कि इस मामले में थानाध्यक्ष हंसवर क्या करते हैं।

# विश्व हिंदू परिषद के नेता एवं उनके बेटे पर जानलेवा हमला

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर में विश्व हिंदू परिषद के एक नेता और उनके बेटे पर जानलेवा हमला हुआ है। इस दौरान हमलावर ने नेता के बेटे पर फायर भी कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**क्या है पूरा मामला:** सुल्तानपुर जिले के कादीपुर क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक स्थानीय नेता और उसके बेटे पर कथित रूप से ये हमला किया गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के कटसारी गांव निवासी विहिप नेता सत्येंद्र मिश्रा (48) का उसके पड़ोसी दीपक मिश्रा के साथ पाइप लाइन को लेकर विवाद हो गया था। बाद में ये मामला इतना बढ़ गया कि दीपक ने बंदूक की बट से विहिप नेता को पीट दिया और जब नेता का बेटा ऋतिक अपने पिता को बचाने आया तो उस पर फायर कर दिया। हालांकि ये गोली ऋतिक को छूकर निकल गई। मामला बढ़ता देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस ने ऋतिक और सत्येंद्र को अस्पताल पहुंचाया।मामले पर कादीपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय गौतम का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि घायल सत्येंद्र विश्व हिंदू परिषद के कादीपुर प्रखंड के नेता हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# विधायक ने किया क्रिकेट टूर्नामेण्ट का उदघाटन

सिधौली -सीतापुर। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे के पड़ाव मैदान पर रविवार को जहां आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन स्थानीय भाजपा विधायक मनीष रावत ने किया। वहीं सरवा गांव में श्री स्वामी परमेश्वरानंद जी महाराज जी विद्यालय के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर छात्रा छात्राओं के का उत्साहवर्धन किया। श्री स्वामी परमेश्वरानंद जी महाराज विद्यालय, सरवा में वार्षिक उत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक मनीष रावत का विद्यालय के प्रबंधक और वरिष्ठ जनों ने स्वागत किया। श्री रावत ने छात्र छात्राओं को शिक्षित बनने पर जोर देते हुए कहा कि जितनी अहम भूमिका अध्यापकों की है उतनी ही अभिभावकों की शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जिससे देश और समाज का उत्थान होगा।

# उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (दुवासु), मथुरा का 14वां दीक्षांत समारोह आज

**दीक्षांत समारोह में 129 उपाधियाँ की जाएंगी प्रदान - कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव**

**14वां दीक्षांत समारोह उत्तर प्रदेश की राज्यपाल की अध्यक्षता में होगा आयोजित**




**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (डूवासु), मथुरा के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय का 14वां दीक्षांत समारोह 03 फरवरी 2025 को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, नीति आयोग, भारत सरकार के सदस्य, प्रोफेसर रमेश चंद होंगे।

इस समारोह के दौरान कुल 129 उपाधियाँ प्रदान की जाएँगी, जिनमें 64 बी.वी.एस.सी एवं ए.एच., 42 स्नातकोत्तर उपाधियाँ, 04 पीएच.डी. उपाधियाँ और 19 स्नातक बायोटेक्नोलॉजी की उपाधियाँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 21 पदक प्रदान किए जाएँगे, जिनमें 15 स्वर्ण, 04 रजत एवं 02 कांस्य पदक शामिल हैं। इसके साथ ही, 04 सर्वश्रेष्ठ थीसिस पुरस्कार (स्नातकोत्तर), 04 सर्वश्रेष्ठ थीसिस पुरस्कार (पीएच.डी.), 01 सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार एवं 01 सर्वश्रेष्ठ विभाग पुरस्कार भी प्रदान किया जाएँगे। शैक्षणिक और शोध क्रिया-कलापो के विकास हेतु विश्वविद्यालय द्वारा डेयरी विज्ञान महाविद्यालय के नवीन लोगो का अनावरण कुलाधिपति द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रकाशन की 06 पुस्तकें, 1 ई-मैगज़ीन, विश्वविद्यालय समाचार पत्र एवं पशुधन पत्रिका का भी विमोचन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नवाचार 'बकरी के दूध से बना प्रोबायोटिक योगर्ट' का विमोचन किया जायेगा। ग्रामीण निर्धन वर्ग के उत्थान के प्रति प्रतिबद्ध विश्वविद्यालय जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। आंगनवाड़ी केंद्रों एवं गोद लिए गए गाँवों के सरकारी विद्यालयों से जुड़कर सराहनीय कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों की बुनियादी संरचना को सुदृढ़ करने हेतु किट वितरित की जाएँगी। महिला अध्ययन केंद्र इकाई द्वारा गोद लिए गए पाँच गाँवों के विद्यालयों में चित्रकला, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिनके विजेता प्रतिभागियों को माननीय राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस को विश्वविद्यालय के कुलसचिव, प्रोफेसर अरुण कुमार मदान तथा विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर देश दीपक सिंह ने भी सबोधित किया।

# गौकशो पर उत्कृष्ट कार्यवाही करने पर थाना चिलकाना प्रभारी को किया सम्मानित

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरों जाती राम**



चिलकाना हिन्दू युवा वाहिनी कार्यकर्ताओ व बाल्मीकि समाज के जिम्मेदार लोगो ने गौकश पर त्वरित कार्यवाही करने को लेकर थाना चिलकाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव को सम्मानित किया है। गौरतलब है की विगत शुक्रवार को चौरीमण्डी गांव के जंगल मे गौवंश के अवशेष बरामद होने पर बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने घटना पर रोष जताते हुए गौवंश अवशेषों को मुख्य मार्ग के बीच रखकर रोड जाम कर दिया था। बजरंग दल कार्यकर्ताओ का कहना था कि रात्रि के अंधेरे में गौकश लोग गोकशी की घटना को अंजाम देकर किसी के आने की आहट सुनकर गौवंश अवशेष मौके पर छोड़कर फरार हुए है।

सभी कार्यकर्ताओं द्वारा घटना का खुलासा कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की जा रही थी। मौके पर पहुंचे एसएसपी मनोज यादव ने गौकशों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर कार्यकर्ताओ को शांत किया था।

जिसके बाद शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव की अगुवाई में पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त मामले को गौकश आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर एक गौवंश की जान भी बचाई थी।

इसी को लेकर हिन्दू युवा वाहिनी एवं विश्व हिन्दू महासंघ एवं बाल्मीकि समाज के कार्यकर्ताओ ने थाना प्रभारी कपिल देव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। थाना प्रभारी में सभी लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि गौकशी पर पूर्णतया अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। गौकश अपराधियों को हरगिज़ बख्शा नही जाएगा।

इस अवसर पर निवर्तमान जिला सह प्रभारी डॉक्टर कुलदीप चौधरी, विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा प्रमुख आयुष जी महाराज,टीनू कोरी, गौरव कोरी, राजू सैनी, डॉक्टर विनोद लाम्बा, सोनू बाल्मीकि, अमित पारचा, सतीश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# सूरज कोचिंग सेंटर के तरफ से विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा बहुत ही धूमधाम से मनाया

**रिपोर्टर घनश्याम कुमार की रिपोर्ट वाराणसी उत्तर प्रदेश से**



आज वसंत पंचमी के पावन पर्व पर सूरज कोचिंग सेंटर के बच्चों ने बहुत बहुत ही धूमधाम से मनाया। और बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा की और उनसे विद्या का वरदान मांगा। सूरज कोचिंग सेंटर के संस्थापक घनश्याम कुमार ने बताया कि बसंत पंचमी,भारतीय संस्कृति का एक ऐसा पर्व है। जो ज्ञान, संगीत, कला और शिक्षा की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है। इस खास अवसर पर लोग माँ सरस्वती की पूजा करते हैं। और उनकी कृपा से अपने जीवन को ज्ञान और रचनात्मकता से भरने की प्रार्थना करते हैं। इस दिन पीले रंग के वस्त्र पहनने और पीले फूलों का विशेष महत्व होता है। और बसंत पंचमी हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर मनाई जाती है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा होती है। जिन्हें ज्ञान की देवी माना जाता है। मान्यता है कि माता का पूजन करने से पढ़ाई करने वाले बच्चों को सरस्वती मैय्या का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस मौके पर लोग गंगा में डुबकी लगाने का भी महत्व होता है। इसके साथ-साथ संस्थापक घनश्याम कुमार ने बताया कि सूरज कोचिंग सेंटर पिछले दस सालों से लगातार अपने आसपास के बच्चों को पढ़ा रहा है। और उन्हें एक अच्छी शिक्षा देने का प्रयास कर रहा है। आप सभी को कोचिंग के बच्चों की तरफ से वसंत पंचमी की ढेर सारी शुभकामनाएं।

# जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में मिरगी के ज्ञान गंगा स्वसहायता समूह प्रथम

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**बलौदाबाजार।** जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित 10 टीमो ने भाग लिया जिसमें भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मिरगी के शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला के ज्ञान गंगा स्व-सहायता समूह की रसोईया राजकुमारी वर्मा एवं आरती साहू ने जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल और गांव का नाम रोशन किया है। जिला स्तरीय में प्रथम स्थान आने के बाद ज्ञान गंगा स्व सहायता समूह की रसोईया अब राज्य स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में भाग लेगी।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम एमडी व्ही बलौदाबाजार में 31 जनवरी दिन शुक्रवार को रखा गया था। जिसमें शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान जागृति महिला स्वसहायता समूह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोनाड़ीह एवं तृतीय स्थान जय मां शीतला महिला स्व सहायता समूह शासकीय प्राथमिक शाला चुचरुगपुर रही। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विविध प्रकार के स्वादिष्ट और पोषणयुक्त व्यंजन प्रस्तुत किए।उनकी रचनात्मकता स्वच्छता पोषण संतुलन और प्रस्तुति कौशल ने निर्णायक मंडल को अत्यधिक प्रभावित किया। जिले में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 6 हजार 4 हजार एवं 2 हजार रुपये का प्रोत्साहन राशि एवं शील्ड जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय के करकमलों से प्रदान किया गया।विद्यालय के प्रधानपाठक ईश्वर प्रसाद रजक शिक्षक हेमकुमार देवांगन एवं गजपति प्रसाद ध्रुव ने विजयी रसोईयों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे रसोईयों की यह उपलब्धि न केवल उनकी प्रतिभा का प्रमाण है बल्कि कठिन परिश्रम और रचनात्मकता का भी परिणाम है। हमें उन पर गर्व है। इस उपलब्धि पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन मुन्ना सिंह नेताम संकुल प्राचार्य एस के भसगौरी संकुल समन्वयक गिरीश कुमार वर्मा एपीसी अरुण कुमार वर्मा शिक्षक सत्यनारायण बंजारे छोटेलाल निषाद प्रेम माया कुंजाम माधुरी कंवर सफाई कर्मचारी लता साहू सहित अभिभावकों और विद्यार्थियों ने भी शुभकामनाएं दीं।

# भाजपा सरकार का मज़दूर-गरीब हितैषी होने का नकली चेहरा हुआ बेनकाब

## एक क्लिक से 35 हजार मजदूरों के हितों पर लटकाई तलवार। निर्माण मजदूर 6 फरवरी को उपायुक्त कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन करेंगे : कपूर सिंह

**केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा**



**जींद-** निर्माण मजदूरों की बैठकों को संबोधित करते हुए उक्त बात भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला सचिव कपूर सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप जाजवान, सहसचिव पवन कुमार ने बराह खुर्द, निर्जन, सिंधवी खेड़ा, अमढ़ेदी रोड जींद आदि जगहों पर कही। इन्होने मजदूरों को बताया कि कहा कि बीजेपी ने हरियाणा मे अपना असली चेहरा दिखाना शुरू कर दिया है और मजदूर-गरीब हितैषी होने का नकली चेहरा बेनकाब हुआ है। पिछले सप्ताह एक क्लिक से जींद जिले के 35 हजार मजदूरों को निर्माण कल्याण बोर्ड से बाहर करके उनके हितों पर तलवार लटका दी। प्रदेश सरकार अपने आपको दलितों व पिछड़ों का हितैषी होने का दावा करती है, जबकि निर्माण कल्याण बोर्ड में 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत मजदूर-कारीगर इन्ही तबकों से आते हैं और बीजेपी ने सबसे पहले उनके हकों पर डाका डालने का काम किया है। जबसे भाजपा सत्ता में आई है, आए दिन दलित, मजदुर, पिछड़े विरोधी फैसला करती आई है। हाल ही निर्माण मजदूरों का पंजीकरण ब्लॉक करना, पहले भी समय पर सुविधाएं ना देना, लाभ के लिए दर-दर भटकने को मजबूर करना सीधे तौर पर प्रदेश सरकार के मजदूरों के रुख के बारे में को साबित करता है। सरकार के मजदूर विरोधी रुख के खिलाफ जींद जिला के निर्माण मजदूर 6 फरवरी को उपायुक्त कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार का निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड हर रोज नई शर्ते लगाकर निर्माण मजदूरों को लाभ से वंचित कर रहा है व कल्याण बोर्ड में जमा हजारों करोड़ रुपए पर प्रदेश सरकार कुंडली मारे बैठी है। जिसके खिलाफ मजदूरों और कारीगरो में गुस्सा है। हरियाणा सरकार ने श्रम कल्याण बोर्ड में संबधित विभाग के अलावा दूसरे विभाग को काम की तस्दीकता का अधिकार देना है अपने आप में भ्र्ष्टाचार को बढ़ावा देना था कन्योंकी आज़ादी के बाद से अगर किसी विभाग में सबसे ज्यादा भ्र्ष्टाचार के आरोप लगे है वो हरियाणा के ग्राम सचिवों और पटवारियों का विभाग रहा,उन्होने बताया की फैमिली आई डी निर्माण मजदूरों के लिए जी का जंजाल बना हुवा है, जिसका भी पंजीकरण रद्द नही हुवा उनके पंजीकरण कार्ड पर फैमली आई के अनुसार किसी को लाभ नही दिया जा सकेगा, श्रम कल्याण बोर्ड ने फैमली आई डी चिनाई का मजदूर है या नही उसका पता फैमली आई डी में सत्यापित नही है उसके लाभ के आवेदन रद्द किये जा रहे है,सरकार और श्रम कल्याण बोर्ड के अधिकारी माननीय हरियाणा हाईकोर्ट का फैसला नही मान रहे, जो खुले तोर माननीय हाईकोर्ट के फैसले की अवहलेना है, सरकार के इस फैसले का अंजाम आज निर्माण के मजदूरों कारीगरो को अपना पंजीकरण रद्द होने के रूप में भुगतना पड़ा है, आगे उन्होंने कहा की 6 फरवरी के प्रदर्शन के लिए गांव-गांव बैठकों का दौर जारी है। उन्होने मांग की श्रम कल्याण बोर्ड में यूनियनो को बहाल किया जाये, जींद जिला का 35 हजार रद्द किया गया पंजीकरण तुरंत प्रभाव से बहाल हो,

# चाईनीज़ मांझा बेचा या प्रयोग किया तो होगी सख्त कानूनी कार्यवाही : कपिल देव

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरों चीप जाती राम**



**चिलकाना।** चाइनीज़ मांझे को लेकर सतर्क दिखी चिलकाना थाना पुलिस, थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव की अगुवाई में नगर व आस पास के क्षेत्र में चलाया गया चाइनीज़ मांझा तलाशी अभियान।

एसआई मोनिका यादव, महिला कांस्टेबल विनीता व कांस्टेबल कुलदीप कुमार आदि पुलिस टीम ने नगर में पतंग व मांझा की सभी दुकानों पर पहुंचकर की चैकिंग। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा सभी लोगों को चाइनीज़ मांझा बेंचने व प्रयोग न करने की सख्त हिदायत की गई है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव ने कड़ी चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति चाइनीज़ मांझा बेंचता या प्रयोग करता हुआ पाया गया तो ऐसी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# रुनकता पुलिस चौकी पर लेनदेन के मामले में चौकी प्रभारी ने कराया सुलहनामा

**दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)**



**आगरा-** भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चौ पुष्पेंद्र सिंह व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धीरज सिंह सिकरवार के पास एक व्यक्ति निवासी ग्राम सेहत गोला थाना बलदेव मथुरा से अपनी लेनदेन की समस्या लेकर आया है कि ग्राम रुनकता के रहने वाले शहजाद पर कुछ बकरियों और भैंस के पैसों का लेनदेन है जिसे शहजाद नहीं दे रहा है तब चौ पुष्पेंद्र सिंह व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धीरज सिंह सिकरवार जी ने मामला संज्ञान में लिया और तुरंत सिकंदरा थाना की चौकी रुनकता जाकर आवेदन देकर शहजाद को बुलवाया और दोनों पक्षों में बातचीत करवाकर जीवाराम को शहजाद ने बकरा राशि अदा करके भविष्य में कभी किसी की राशि नहीं रोकने का वादा किया सिकंदरा थाना के चौकी रुनकता में पदस्थ चौकी प्रभारी श्री गुरविंद्र सिंह जी ने दोनों पक्षों को समझकर लेनदेन साफ करवाया और एक पुलिस कर्मचारी का फर्ज अदा किया

चौधरी पुष्पेंद्र सिंह- भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धीरज सिंह ने चौकी प्रभारी रुनकता का धन्यवाद करते हुए कहा कि चौकी प्रभारी रुनकता ने हमारी बात को रखा और उन्होंने दोनों पक्षों की बात सुनकर राशि अदा करवाई और एक गरीब की मदद की एक बार फिर से चौकी प्रभारी रुनकता का बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं इस बीच भारतीय किसान मजदूर यूनियन धीरज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राम बहोरी सिंह सिकरवार , जिला अध्यक्ष श्री सुरहपाल सिंह जी , श्री मती रेखा वर्मा जी , जिला मीडिया प्रभारी श्री दीवान सिंह सिकरवार जी, सुश्री शिवानी गोला जी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे

# बसंत पंचमी पर विद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा का हुआ अनावरण



शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला रूस में शनिवार को बसंत पंचमी के अवसर मूर्ति सौजन्य का ग्राम रुसे के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर संस्था द्वारा विद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कराई गई आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री विश्वनाथ साहू (सामाजिक कार्यकर्ता), श्री अशोक कुमार वर्मा (प्रधान पाठक ),श्री राजेंद्र कुमार साहू (शिक्षण),श्री भगवत प्रसाद घृतलहरें, श्री गोवर्धन लाल ठाकुर, श्री अश्वनी कुमार ठाकुर, श्री उमेश सिंह राजपूत , श्री नरेंद्र कुमार , श्री जीवरखन वर्मा, श्री नरेश कुमार वर्मा, श्री डीहार सिंह ठाकुर सभी शिक्षक अतिथि के रूप में मौजूद रहे इस अवसर पर गांव के दर्जनों अन्य गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया और पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया इस अवसर पर मां सरस्वती वंदना का आयोजन भी किया गया । सभी शिक्षकों ने मां सरस्वती की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया और एक दूसरे को बसंत पंचमी के पर्व की बधाई दी।

# सामूहिक महारुद्राभिषेक कोयलांचल क्षेत्र में होगा आयोजित

## करौली शंकर महादेव धाम के भक्तों ने कर ली है आयोजन की सम्पूर्ण तैयारी

**अनूपपुर जिला ब्यूरो विकास कुमार की रिपोर्ट**

**राजनगर कॉलरी** – बसंत पंचमी के अवसर पर करौली शंकर महादेवधाम के स्थानीय भक्तों के द्वारा सामूहिक महा रुद्राभिषेक राजनगर कॉलरी के राजनगर स्टेडियम में 2 फरवरी, दिन - रविवार को आयोजित किया जा रहा है, इस महा रुद्राभिषेक में 101 परिवार /भक्तगण एक साथ बैठकर अलग- अलग वेदी और आसन के माध्यम से सामूहिक रुद्राभिषेक करेंगे। यह कार्यक्रम श्री करौली शंकर महादेवधाम कानपुर के स्थानीय भक्तगण शंकर सेना जिला- अनूपपुर, संभाग शहडोल के भक्तों के द्वारा किया जा रहा है। कोयलांचल क्षेत्र में इस प्रकार का यह कार्यक्रम अपने आप में एक अनोखा कार्यक्रम है, यह कार्यक्रम कई चरणों में एक दिवसीय किया जा रहा है।

**सनातन रैली से होगी कार्यक्रम की शुरुआत :** सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत पौराधार शिव मंदिर प्रांगण से शिवलिंग को जल अर्पित कर आम नागरिको,सनातन प्रहरियों, एवं भक्तों के द्वारा बाइक एवं चार पहिया वाहन के माध्यम से सनातन जागरण रैली जो कोयलांचल क्षेत्र के पौराधार,राजनगर,सी सेक्टर होते हुए राजनगर स्टेडियम कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी।

**सामूहिक महा रुद्राभिषेक में है हर वर्ग है शामिल :** सनातन रैली के उपरांत राजनगर स्टेडियम में एक साथ 101 परिवार/भक्तगण अलग-अलग वेदी और आसन के माध्यम से सामूहिक महा रुद्राभिषेक करेंगे,महारुद्राभिषेक विधि विधान के साथ पूर्ण किया जाएगा,ज्ञात हो कि इस रुद्राभिषेक में हर वर्ग के लोगों का ध्यान रखकर पंजीयन किया गया है,कुछ भक्त शुल्क देकर तो कुछ जरूरतमंद परिवार निशुल्क भी रुद्राभिषेक कर रहे हैं, राजा और रंक सभी एक ही प्रांगण में उपस्थित होकर रुद्राभिषेक करेंगे,आयोजन कमेटी ने रुद्राभिषेक करने वाले भक्तों के नाम से उनके आसन और वेदी को आरक्षित कर दिया है वे तैयार होकर रुद्राभिषेक स्थल पर 2 फरवरी को पहुंचेंगे बाकी सारी व्यवस्थाएं पूजन की सामग्री,आसन,फल-फूल शिवलिंग,नंदी,श्रृंगी और जो भी सामग्री रुद्राभिषेक के लिए आवश्यक होते हैं वह सभी आवश्यक सामग्री कमेटी के द्वारा भक्तों को प्रदाय की जाएगी।

**कन्या भोजन का भी है आयोजन:** रुद्राभिषेक के उपरांत कन्या भोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन आयोजन समिति के द्वारा किया गया है अधिक से अधिक भक्तगण कन्या भोजन एवं साथ ही क्षेत्र के लोग महा प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे,कमेटी ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से यह भी आग्रह भी किया है।

**बुजुर्गों का भी होगा सम्मान:** कन्या भोजन महा प्रसाद के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित बड़े वृद्ध जन जो हमारे मदर्शक है और समाज को आगे बढ़ाने में अपना निरंतर योगदान देते रहते हैं,उन्हें शाल श्रीफल देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

**मनमोहक झांकी कार्यक्रम:** महा रुद्राभिषेक स्थल पर शिव पार्वती, मां दुर्गा काली, एवं शिव के गणों की झांकी भी निरंतर निकलती रहेगी जो मनमोहन होगी और रुद्राभिषेक प्रांगण में भगवान के कई रूपों में झांकी के माध्यम से सजीव चित्रण भी कराया जाएगा।

**संगीत भजन संध्या:** संध्याकालीन क्षेत्र के कलाकारों के द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा जो भक्ति गानों पर आधारित होगा और क्षेत्र के लोग इस भजन संध्या में पहुंचकर भक्ति मयी वातावरण का आनंद लें,आयोजन समिति ने यह भी आग्रह किया है।

इसके साथ ही करौली शंकर महादेव दरबार के परम पूजनीय ब्रम्हलीन पंडित राधा रमन मिश्रा जी के 141 जन्मोत्सव के अवसर पर जन्म उत्सव कार्यक्रम,बाबा माँ की आरती, माँ का श्रृंगार,रात्रि का महा भोग प्रसाद इस तरह के विभिन्न कार्यक्रमों की संरचना आयोजन कमेटी के द्वारा की गयी है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक लोगों को रुद्राभिषेक में शामिल होने, रुद्राभिषेक यज्ञ पूजा के दौरान कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने, रुद्राभिषेक के उपरांत महाभोग प्रसाद ग्रहण करने, भजन संध्या, बुजुर्गों का सम्मान, मां बाबा की आरती एवं सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होने और महा भोग प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

कार्यक्रम को संपन्न कराने में कई भक्तगण रात- दिन लगे हुए हैं,कार्यक्रम को मुख्य रूप से संपन्न कराने में करौली शंकर महादेव धाम के सभी भक्तों को दीक्षित भक्त हनी चौरसिया के द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन भी दिया जा रहा ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके, क्षेत्र के सभी स्थानीय करौली शंकर महादेव धाम के भक्तगण तन्मयता के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराने में लगे हुए हैं।

# तनिष्क ने अमृतसर में शुरू किया नये शानदार स्टोर का शुभारंभ

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब**




भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क ने अमृतसर में अपना शानदार स्टोर शुरू किया है। इस स्टोर के साथ ब्रांड ने पंजाब में रिटेल विस्तार में बड़ा कदम बढ़ाया है। स्टोर का उद्घाटन तनिष्क नॉर्थ के रीजनल बिजनेस मैनेजर आशीष तिवारी ने किया। इस शानदार स्टोर के शुभारंभ की खुशी में तनिष्क ब्रांड ने हर खरीदारी के साथ सोने का सिक्का* मुफ्त में देने की भी घोषणा की है। इस आकर्षक योजना का लाभ 31 जनवरी से 2 फरवरी 2025 तक उठाया जा सकता है। तनिष्क स्टोर का यह नया स्टोर ं जी टी रोड, बाबा बूढ़ा जी एवेन्यू, न्यू अमृतसर कॉलोनी के पास स्थित है।

तनिष्क नॉर्थ के रीजनल बिजनेस मैनेजर श्री आशीष तिवारी ने उद्घाटन के अवसर पर कहा, पंजाब के अमृतसर में हमारे नए तनिष्क स्टोर के शुभारंभ की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। यह इस शहर का दूसरा तनिष्क स्टोर है। भारत का एक सबसे पसंदीदा ज्वेलरी ब्रांड्स होने के नाते, हम हमारे उपभोक्ताओं को अतुलनीय सेवा और हमेशा हमेशा के लिए याद रहें ऐसा खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सोने, हीरे, हर दौर में पसंद किए जाने वाले रंगीन जेमस्टोन्स और आधुनिक डिजाइन के आभूषणों की खास रेन्ज को आपके अपने शहर में, आपके नजदीक लाने के हमारे प्रयासों में यह और एक अगला कदम हमें बढ़ाया है। अमृतसरियों को हम आमंत्रित करते हैं कि वे यहां आएं और बहुत ही सोच-समझकर बनाए गए हमारे कलेक्शन्स में से अपनी पसंद चुनकर जिंदगी के हर पल को खास बनाएं।

महाराजाओं के दरबार, शाही महल और समृद्ध विरासत से प्रेरित होकर बनाया गया तनिष्क का फेस्टिव कलेक्शन %नव-रानी% यहां पेश किया गया है। प्राचीन समय की विरासत कलाकृतियों से प्रेरित होकर बनाया गया %धरोहर% फेस्टिव कलेक्शन, आज की महिला को %खुद के जीवन की कारीगर% के रूप में सम्मानित करता हुआ %आलेख्या% कलेक्शन भी यहां हैं। दुर्लभ और बहुमूल्य हीरे, रंगीन जेमस्टोन्स का कलेक्शन %टेल्स ऑफ मिस्टिक% राजस्थान के महलों और शहर की शिल्पकला से प्रेरित होकर बनाया गया है। इसके अलावा, इस स्टोर में तनिष्क का वेडिंग ज्वेलरी सब-ब्रांड रिवाह के शानदार आभूषण भी खरीदे जा सकते हैं। रिवाह के आभूषण भारत के अलग-अलग क्षेत्रों की महिलाओं की फैशन पसंद के अनुरूप बनाए गए हैं। रिवाह बाय तनिष्क शादी के लिए आभूषणों की खरीदारी का वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बना है।

# अचानक ट्रामा सेंटर पहुंचे सीएमओ: अधीक्षक समेत डॉक्टर मिले गायब, 03 दिन में स्पष्टीकरण देने के आदेश

**गणेश वर्मा - ब्यूरो चीफ**
**कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान**



कौशाम्बी।रविवार को जनपद के सीएमओ ने सिराथू स्थित ट्रामा सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां अधीक्षक समेत चिकित्सक गायब मिले।औचक निरीक्षण से वहां हड़कंप मचा रहा।गायब जिम्मेदारों से सीएमओ ने तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।ऐसे में ट्रामा सेंटर के जिम्मेदारों पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

कौशाम्बी में नेशनल हाईवे किनारे स्थित नरसिंहपुर कछुआ ट्रामा सेंटर में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार के निरीक्षण में अधीक्षक डॉ. नीरज सिंह सहित अन्य डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए। इल ट्रामा सेंटर का लगभग दो वर्ष पूर्व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उद्घाटन किया गया था।जांच में पता चला कि अधीक्षक डॉ. नीरज सिंह अपने निजी अस्पताल में व्यस्त रहते हैं। ट्रामा सेंटर की ओर ध्यान नहीं देते। इससे दुर्घटना पीड़ितों को या तो सिराथू के सरकारी अस्पताल या फिर सीधे जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। पिछले दिनों एडिशनल सीएमओ के निरीक्षण में भी डॉक्टर अनुपस्थित मिले थे।

**डॉक्टर इलाज करने में कर रहे हैं लापरवाही :** सीएमओ ने इस गंभीर लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की घोषणा की है। उन्होंने अधीक्षक को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। साथ ही, प्रमुख सचिव और अन्य उच्चाधिकारियों को इस मामले में कार्रवाई के लिए पत्र भेजने की बात कही है। सीएमओ के अनुसार, डॉ. नीरज सिंह न केवल नियमित रूप से अनुपस्थित रहते हैं, बल्कि फोन पर भी संपर्क नहीं किया जा सकता।यह ट्रामा सेंटर लाखों रुपए की लागत से बनाया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं में घायल लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा प्रदान करना था। लेकिन डॉक्टरों की लापरवाही के कारण इसका मूल उद्देश्य ही विफल हो रहा है।

# अमृतसर व लंदन में कारोबारी संबंधों को मजबूत करेगी पीएचडीसीसीआई

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**कुलदीप कुमार, सुशील पदम**
**अमृतसर पंजाब**

## सीमाओं से परे व्यापार विषय पर सत्र का आयोजन




अमृतसर के उद्योगपति अपने कारोबार को विदेशों में किस तरह से बढ़ावा दें इसी उद्देश्य के मद्देनजर पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के पंजाब चेप्टर द्वारा अमृतसर में लंदन एंड पार्टनर्स इंटरनेशनल के सहयोग से सीमाओं से परे व्यापार विषय पर एक सत्र का आयोजन किया।

सत्र का उद्देश्य उद्योगपतियों को यूके के बाजार में सफलतापूर्वक प्रवेश करने और नेविगेट करने के लिए आवश्यक मूल्यवान अंतर्दृष्टि और संसाधनों से लैस करना था। पीएचडीसीसीआई अमृतसर ज़ोन के संचालन समिति सदस्य और पंजाब राइस मिलर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के निदेशक अशोक सेठी ने प्रतिनिधियों और वक्ताओं का स्वागत करते हुए अमृतसर और लंदन के बीच लंबे समय से चले आ रहे ऐतिहासिक संबंधों पर जोर दिया और भविष्य में मजबूत व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने की क्षमता पर प्रकाश डाला।

लंदन एंड पार्टनर्स की उत्तर भारत की उपाध्यक्ष सुश्री अभिलाषा मलिक ने लंदन एंड पार्टनर्स इंटरनेशनल के माध्यम से उपलब्ध सेवाओं के बारे में उद्योगपतियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लंदन में कुछ प्रमुख विकास क्षेत्रों पर प्रकाश डाला और भारतीय व्यवसायों के लिए इस संपन्न बाजार में प्रवेश करने की अपार क्षमता को प्रदर्शित किया।

लंदन के मेयर के मुख्य प्रतिनिधि और लंदन एंड पार्टनर्स के भारत और मध्य पूर्व के क्षेत्रीय निदेशक हेमिन भरुचा ने लंदन और भारत के बीच व्यापार और निवेश भावना के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्नों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में व्यापार की गतिशीलता कैसे विकसित हुई है और भविष्य की वृद्धि के लिए अनुमान साझा किए। भरुचा ने आगामी लंदन टेक वीक पर भी चर्चा की। सत्र का संचालन विशाल मेहरा पीएचडीसीसीआई के सदस्य एवं सेवा राम ओवरसीज ग्रुप के निदेशक ने किया। पीएचडीसीसीआई के सहायक सचिव सुमित कुमार ने सचिवालय का प्रतिनिधित्व करते हुए ओपन हाउस चर्चाओं का संचालन किया। इस अवसर पर निपुण अग्रवाल, सदस्य, पीएचडीसीसीआई और प्रबंध निदेशक, शील्ड अलॉय ग्रुप द्वारा दिए गए औपचारिक धन्यवाद किया। इस अवसर पर पीएल सेठ, राजीव खन्ना, समीर जैन,कंवलजीत जॉली और सीए विभोर गुप्ता शामिल थे।

# मुरादाबाद में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



मुरादाबाद- आज शगुन बैंक्विट हॉल, मुरादाबाद में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से एक भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुरादाबाद विभाग के तीन जिलों-मुरादाबाद महानगर, मुरादाबाद ग्रामीण और रामपुर के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विलुप्त हो रहे पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना था। विश्व हिंदू परिषद हमेशा ऐसे आयोजनों के माध्यम से राष्ट्र की संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य करता है।

### विजेता एवं सम्मान समारोह

इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद महानगर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुरादाबाद ग्रामीण (ठाकुरद्वारा) की टीम उपविजेता रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों के सभी खिलाड़ियों को संगठन की ओर से मेडल, महाभारत एवं रामायण की पुस्तकें, प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

खिलाड़ियों का गले में माला डालकर भव्य स्वागत किया गया।

आयोजन समिति एवं उपस्थित गणमान्य

इस आयोजन का संचालन ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद ग्रामीण) की टोली द्वारा अगवानपुर में किया गया। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से प्रांत के सह विशेष संपर्क प्रमुख प्रणीत गुप्ता

विभाग संयोजक विजय वीर तूफानी विभाग मंत्री बृजेश विभाग मंत्री नवदीप जिला अध्यक्ष सचिन जिला मंत्री किशनपालजिला सह मंत्री पंकज जिला संयोजक शंकर राजपूत जिला प्रचार प्रमुख कमल अवतार राणा जिला सह प्रचार प्रमुख सुभाष जिला सह संयोजक अजय भारती जिला गो रक्षा प्रमुख रवि कुमार जिला बालोपासना प्रमुख सुनील जिला सह बालोपासना प्रमुख चरन सिंह एवं सभी प्रखंडों के अध्यक्ष और उनकी समस्त टीम मौजूद रही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने इस सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों और सहभागियों का धन्यवाद किया और आगे भी ऐसे आयोजनों की प्रतिबद्धता जताई।

# पीलीभीत से गोरखपुर तक नई ट्रेन सेवा शुरू

**केसरी हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**



पीलीभीत,, पीलीभीत से गोरखपुर तक यात्रियों के लिए नई ट्रेन सेवा शुरू हो गई पीलीभीत मैलानी गोरखपुर एक्सप्रेस के नाम से चलने वाली इस ट्रेन को केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद पीलीभीत जंक्शन से हरी झंडी दिखाकर 02/02/2025 को रवाना किया

ट्रेन संख्या 15010 पीलीभीत से शाम 4:00बजे रवाना होकर पूरनपुर 5:10बजे और मैलानी 6:05 बजे पहुंचेगी यह ट्रेन अगले दिन सुबह 7:00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी वापसी में ट्रेन संख्या 15009 गोरखपुर से रात 10:15 बजे चलकर अगले दिन मैलानी दोपहर 11:30 बजे पूरनपुर 12:15 बजे और पीलीभीत दोपहर 1:25 पर पहुंचेगी क्षेत्र के लोगों की लंबी समय लखनऊ दिल्ली बरेली सहित अन्य शेहरों के लिए नियमित एक्सप्रेस ट्रेनों की मांग थी स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने कई बार विधायक, केंद्र मंत्री के प्रयासों से यह सेवा शुरू हो रही है

**इसी ट्रेन से केंद्रीय राज्य मंत्री पूरनपुर पहुंचे :** केंद्रीय राज्य मंत्री ट्रेन को रवाना करने के बाद इसी ट्रेन से केंद्रीय राज्य मंत्री पूरनपुर पहुंचे जहां पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर एक सभा को संबोधित किया इस कार्यक्रम की तैयारीयो का विधायक बाबूराम पासवान और नगर पालिका के चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने केंद्रीय राज्य मंत्री के सचिव शशि मोहन अग्निहोत्री के साथ पहले ही ले लिया

# बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, बरखेड़ा में स्थापत्य एवं वास्तु कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो**

**पीलीभीत**

पीलीभीत-बरखेड़ा। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल बरखेडा में आचार्य श्री सुशील बलूनी जी द्वारा 03 फरवरी से 09 फरवरी 2025 तक सप्त दिवसीय स्थापत्य एवं वास्तु कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक एवं ज्ञानवर्धक कथा में वास्तु विज्ञान, स्थापत्य, पंचमहाभूत, संख्या ज्योतिष व नक्षत्र आधारित प्राकृतिक कृषि से जुडे महत्वपूर्ण व गूढ़ विषयों पर ज्ञान चर्चा व जानकारियां साझा की जाएंगी। जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, भाग्य वर्धन की कला, सामाजिक समरसता, अनुशासन व स्वस्थ रहना और समृद्धि लाना आवश्यक है। यह सप्त दिवसीय सत्संग ज्ञान चर्चा आपके जीवन को सुदृढ़ बनाने में अत्यंत सहायक होंगी। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। यूनिट हेड आशीष त्रिपाठी ने सभी किसान भाइयों एवं श्रद्धालुजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पावन आयोजन में सहभागिता करें और स्थापत्य एवं वास्तु ज्ञान का लाभ उठाकर अपने जीवन को सफल एवं मंगलमय बनाएं।

# खेत पर उपले थोप रही महिला से मारपीट व कुल्हाड़ी से प्रहार किया

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो**

**पीलीभीत**



**पीलीभीत-बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव पचपेड़ा पुखा में आज रविवार को सुबह 8 बजे लगभग एक महिला अपने खेत पर उपले थोप रही थी।उसी समय गांव के एक व्यक्ति से विवाद के चलते महिला को कुल्हाड़ी से प्रहार व लात घूसो से मारपीट कर घायल कर दिया।घायल महिला मानदेवी उम्र लगभग 40 वर्ष पत्नी हरवंश को 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा लाया गया।वहां पर घायल महिला के परिजनों ने बताया कि गांव का ही धनपाल महिला से विवाद करने लगा जब बिरोध किया तो बह लात घुसो से मारपीट करने के बाद हाथ मे थमी कुल्हाड़ी से प्रहार कर घायल कर अचेत कर दिया।घर वालो की सूचना पर एम्बुलेंस से बरखेड़ा सरकारी अस्पताल लाया गया। वहाँ से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।थाना प्रभारी ने बताया हैं कि अभी किसी के खिलाफ कोई शिकायत नही आयी हैं।